

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 09 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 18 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## सोने की कीमत 2026 तक 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है: रिपोर्ट



नई दिल्ली। पिछले धनतेरस के बाद से सोने ने रुपए के संदर्भ में लगभग 63 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 53 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक पीली धातु के 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की संभावना है।

मार्च 2025 से सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, जो 3,000 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर लगभग 4,254 डॉलर हो गई हैं

वेंचुरा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व, ईटीएफ प्रवाह और केंद्रीय बैंक की खरीदारी से मिले नरम रुख वाले संकेतों के कारण सोने में तेजी आई है। मार्च 2025 से सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, जो 3,000 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर लगभग 4,254 डॉलर हो गई हैं।

भारत में धनतेरस 2024 को सोने की कीमतें 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर वर्तमान में 128,200 रुपए हो गई हैं

भारत में धनतेरस 2024 को सोने की कीमतें 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर वर्तमान में 128,200 रुपए हो गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, "धनतेरस 2025 से अगली तेजी की शुरूआत करते हुए, 5000 डॉलर प्रति औंस या 1,50,000 रुपए प्रति दस ग्राम के अनछुए स्तर 2026 में पहुंच सकता है।

# श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने पीएम मोदी से की मुलाकात, दोनों नेताओं ने इन मुद्दों पर की चर्चा

श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने पीएम मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से भारत-श्रीलंका के ऐतिहासिक और बहुआयामी संबंधों को नई गति मिलेगी।

पीएम मोदी ने इस वर्ष अप्रैल में श्रीलंका की अपनी राजकीय यात्रा को याद किया, जिसके दौरान उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ सहयोग के सभी क्षेत्रों पर उपयोगी चर्चा की थी। दोनों नेताओं ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार



विकास सहयोग और दोनों देशों के मछुआरों के कल्याण सहित अनेक क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंधों पर प्रकाश डालते हुए पीएम मोदी ने दोनों देशों की साझा विकास यात्रा में एक साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।उन्होंने राष्ट्रपति दिसानायका को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे उनके साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए उत्सुक हैं।

श्रीलंका की प्रधानमंत्री की यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, पर्यटन, स्किल डेवलपमेंट और एआई के क्षेत्रों में भारत की परिवर्तनकारी पहलों पर अंतर्दृष्टि साझा करने पर केंद्रित थी।इस यात्रा ने भारत और श्रीलंका के रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने, सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय चुनौतियों व अवसरों का समाधान करने के लिए इनोवेशन और स्किल का लाभ उठाने के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

## दानापुर सीट से प्रशांत किशोर के कैंडिडेट अखिलेश कुमार लापता, जन सुराज ने जताई अपहरण की आशंका

पटनाः बिहार में चुनावी तारीखों की घोषणा के बाद अब पहले चरण के



लिए होने वाले नामांकन का भी समय समाप्त हो गया है. इस बीच बिहार की राजनीति में कई उठा-पटक देखने को मिले. एनडीए औइ महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर मची खींचतान से लेकर नेताओं के पार्टी बदलने सहित कई घटनाक्रम हुए. नेता विपक्षी पार्टियों और उम्मीदवारों पर हमला बोल रहे हैं. इस बीच एक रोचक घटना और घटी. दानापुर विधानसभा सीट से जन सुराज के प्रत्याशी अखिलेश कुमार अचानक लापता हो गए.

## सेंसेक्स 484 अंक उछला

# भारतीय शेयर बाजार दीपावली से पहले 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर



भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 484.53 अंक या 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,952.19 पर और निफ्टी 124.55 अंक या 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,709.85 पर था।

### बाजार की तेजी का नेतृत्व एफएमसीजी शेयरों ने किया

सत्र के दौरान सेंसेक्स ने 84,099.53 और निफ्टी ने 25,781.50 का स्तर छुआ, जो कि 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर था। बाजार की तेजी का नेतृत्व एफएमसीजी शेयरों ने किया। निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 1.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। निफ्टी ऑटो (0.66 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (0.57 प्रतिशत), निफ्टी प्राइवेट बैंक (0.37 प्रतिशत) और निफ्टी इन्फ्रा (0.36 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी (1.63 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (0.65 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (0.85 प्रतिशत) और निफ्टी एनर्जी (0.21 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ।

### इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड और एलएंडटी टॉप लूजर्स थे

सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, एमएंडएम, भारती एयरटेल, आईटीसी, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और बीईएल टॉप गेनर्स थे। इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड और एलएंडटी टॉप लूजर्स थे।

### लार्ज कैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट देखी गई

लार्ज कैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 338.90 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,902.25 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 9.45 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,122.40 पर था।

### मार्केट एक्सपर्ट्स ने कहा कि बाजार ने अपनी तेजी को जारी रखा है और 52-सप्ताह के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है

मार्केट एक्सपर्ट्स ने कहा कि बाजार ने अपनी तेजी को जारी रखा है और 52-सप्ताह के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जिसका मुख्य कारण उपभोग केंद्रित शेयरों में बढ़त बने रहना है। बैंकों की आगामी आय और परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दबाव कम होने के संकेतों ने समग्र उद्योग जगत में आशावाद को बढ़ावा दिया है। इसके विपरीत, अमेरिकी बैंकिंग प्रणाली में विवेकाधीन खर्च और बढ़ती परिसंपत्ति गुणवत्ता जोखिमों को लेकर चिंताओं के कारण आईटी सूचकांक दबाव में है।

### बढ़ते व्यापार युद्ध और धीमे आर्थिक आंकड़ों जैसे वैश्विक आर्थिक व्यवधानों ने निवेशकों को सतर्क कर दिया है

उन्होंने आगे कहा कि बढ़ते व्यापार युद्ध और धीमे आर्थिक आंकड़ों जैसे वैश्विक आर्थिक व्यवधानों ने निवेशकों को सतर्क कर दिया है, जिससे वे निवेश में सोने को वरीयता दे रहे हैं, जिसके कारण यह एक नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

### आज भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत हरे निशान में हुई थी

भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत हरे निशान में हुई थी। सुबह करीब 9.46 बजे, सेंसेक्स 100.42 अंक या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,568.08 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 19.95 अंक या 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,605.25 पर कारोबार कर रहा था।(इनपुट-आईएएनएस)

# स्वदेशी रक्षा उत्पादन को मिलेगी नई उड़ान, ब्रह्मोस की पहली खेप लखनऊ यूनिट से होगी रवाना

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शनिवार को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरोजिनी नगर स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का फ्लैग ऑफ करेंगे। यह दिन न केवल उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) के लिए मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भारत की रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस, जो विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली 'ब्रह्मोस' सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निमार्ता है, ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल सिस्टम की पहली खेप सफलतापूर्वक तैयार कर ली है। यह अत्याधुनिक यूनिट 11 मई को उद्घाटन के बाद पूरी तरह संचालन में आई थी। यहां मिसाइल इंटीग्रेशन, टेस्टिंग और अंतिम गुणवत्ता परीक्षण की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।





सफल परीक्षण के बाद मिसाइलें भारतीय सशस्त्र बलों के लिए तैनाती के लिए तैयार की जाती हैं।

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री बूस्टर भवन का उद्घाटन करेंगे तथा बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखेंगे। इसी क्रम में एयरफ्रेम और एवियोनिक्स, वारहेड भवन में पीडीआई (प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन) तथा ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रेजेंटेशन किया जाएगा। इसके अलावा इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्टोरेज ट्रॉली प्रदर्शन, जीएसटी बिल प्रस्तुतीकरण और मोबाइल ऑटोनमस लॉन्चर का प्रदर्शन भी आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान डीजी (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर. जोशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और जीएसटी बिल सौंपेंगे, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा।

ब्रह्मोस मिसाइलों के उत्पादन से उत्तर प्रदेश को निरंतर जीएसटी आय प्राप्त होगी और उच्च कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। सरोजिनी नगर के भटगांव स्थित अत्याधुनिक ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। यहां मिसाइलों के असेंबली, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का कार्य उच्च तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाता है। इस यूनिट से पहली खेप के रवाना होने के साथ ही प्रदेश ह्यमेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के अभियान में एक सशक्त साझेदार बन गया है।

लखनऊ ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की पहली ऐसी सुविधा है, जहां मिसाइल सिस्टम के निर्माण से लेकर अंतिम परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया देश में ही की जाती है। यह परियोजना न केवल रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रदेश में रोजगार, निवेश और तकनीकी नवाचार के नए अवसर भी सृजित कर रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने भारतीय सशस्त्र बलों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता में तेजी से विस्तार किया है। लखनऊ का यह मैन्युफैक्चरिंग सेंटर न केवल भारतीय सेना की आवश्यकताओं को समयबद्ध रूप से पूरा करेगा, बल्कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय निर्यात बाजार की मांगों को भी पूरा करने में सक्षम होगा।

लखनऊ में स्थापित यह समर्पित ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश को भारत के अगले एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यहां विकसित की जा रही अत्याधुनिक तकनीक भविष्य में ब्रह्मोस एयरोस्पेस को और भी उन्नत वेरिएंट के मिसाइल सिस्टम विकसित करने में मदद करेंगी।

## श्री जी गौ सदन मनाएगा स्थापना की रजत जयंती, गोवर्धन पूजा एवं गोपाष्टमी उत्सव की तैयारियाँ शुरू

नोएडा। समाज जागरण। श्री जी गौ सदन इस वर्ष अपनी स्थापना की रजत जयंती (25वीं वर्षगांठ) बड़े धूमधाम से मनाने जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस बार भी गोवर्धन पूजा एवं गोपाष्टमी उत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत गोवर्धन पूजा का आयोजन दिनांक 22 अक्टूबर 2025, दिन बुधवार, सुबह 10 बजे से तथा गोपाष्टमी उत्सव का



file photo

आयोजन दिनांक 29 अक्टूबर 2025, दिन बुधवार, सुबह 9 बजे से किया जाएगा। दोनों ही कार्यक्रम गौशाला प्रांगण, सेक्टर-94, नोएडा में संपन्न होंगे।

कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों की जानकारी के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन 18 अक्टूबर 2025, दिन शनिवार, सुबह 11 बजे गौशाला प्रांगण में किया गया है। आयोजकों ने सभी पत्रकार बंधुओं को सादर आमंत्रित किया है और आग्रह किया है कि वे समय से पहुँचकर इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की भव्यता में सहभागी बनें।

## 'भारत अब रूसी तेल नहीं खरीदेगा', जेलेंस्की के सामने फिर बहके ट्रंप!

**समाज जागरण**

वाशिंगटनः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा दोहराया कि 'भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा.' वाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठे ट्रंप ने कहा, 'उन्होंने डि-एस्केलेट कर दिया है. लगभग रुक गए हैं. पीछे हट रहे हैं.' ये पिछले कुछ दिनों में दूसरी बार है जब ट्रंप ने ये बयान दिया है. ट्रंप ने यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल देने पर भी कड़ा रुख दिखाया. उन्होंने कहा, 'हम ये वॉर टॉममहॉक्स से नहीं, बातचीत से खत्म करना चाहते हैं. और मुझे लगता है हम उसके करीब हैं.' उन्होंने जोड़ा, 'मेरा फर्ज है कि अमेरिका पूरी तरह तैयार रहे. हम टॉमहॉक्स पर बात करेंगे, लेकिन बेहतर यही होगा कि उनकी जरूरत ही न पड़े.' शुक्रवार को, ट्रंप ने शुरूआत में जेलेंस्की की तारीफ करते हुए कहा कि वे 'बहुत स्ट्रॉन्ग लीडर' हैं, जो बहुत कुछ झेल चुके हैं.

# पाकिस्तानी सेना ने उड़ाए सीजफायर के चीथड़े, अफगान गांव पर बमबारी में कई मौतें, तालिबान ने भी दिया जवाब

**समाज जागरण**

इस्लामाबाद. पाकिस्तान ने एक बार फिर अफगानिस्तान सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया. पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार को अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के एक गांव में बमबारी की, जिसमें कई आम नागरिकों की मौत हो गई. अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के हमले पर जवाबी कार्रवाई की. यह घटना ऐसे समय में हुई है, जबकि इस्लामाबाद और काबुल ने 48 घंटे के संघर्ष-विराम को आगे बढ़ाया था. पाकिस्तानी सैन्य बलों ने पक्तिका प्रांत के अर्जुन और बर्मल जिलों में आवासीय क्षेत्रों को निशाना बनाया, जो डूरंड लाइन के पास स्थित हैं. हालांकि, अभी तक कोई हताहत की पुष्टि नहीं हुई है. इस बीच, अफगानिस्तान के तालिबान ने इस्लामाबाद को चेतावनी दी कि काबुल जवाबी कार्रवाई करेगा. एक वरिष्ठ तालिबान अधिकारी ने कहा, "पाकिस्तान ने संघर्षविराम तोड़ा है और पक्तिका में तीन स्थानों पर बमबारी की है. अफगानिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा." यह तनाव तब बढ़ा जब



अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच अस्थायी संघर्षविराम को बढ़ाया गया था, जो दोहा वार्ता के समाप्त होने तक लागू रहना था झ एक प्रयास जो सीमा तनाव को कम करने के लिए किया गया था. इस सप्ताह की शुरूआत में, पाकिस्तान ने अफगान सीमा प्रांत कंधार पर हवाई हमला किया और स्पिन बोल्डक शहर को निशाना बनाया. पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि हवाई हमले ने अफगान तालिबान सैनिकों की एक ब्रिगेड को निशाना बनाया और दर्जनों मारे गए. हालांकि, मृतकों को लेकर कोई पुष्टि नहीं हुई है. अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता एनायतुल्लाह ख्वाराजमी ने कहा कि स्पिन बोल्डक के आवासीय क्षेत्रों को निशाना बनाया गया.

## पत्रकारों की गिरफ्तारी से उठे प्रेस स्वतंत्रता पर प्रश्न

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश के पत्रकारिता जगत में राजस्थान पुलिस द्वारा 'द सूत्र' के प्रमुख आनंद पांडे और हरीश दिवेकर की गिरफ्तारी ने चर्चा का विषय बना दिया है। इस घटना ने न केवल पत्रकारिता के स्वतंत्र स्वरूप पर प्रश्नचिन्ह लगाया है, बल्कि यह भी संकेत दिया है कि आज भी किसी पत्रकार की कलम और निष्पक्ष रिपोर्टिंग पर दबाव और खतरा बना हुआ है।

स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि अगर परिस्थितियाँ सामान्य होतीं तो किसी की हिम्मत नहीं होती कि वह पत्रकार को बिना वजह गिरफ्तार कर ले। इस मामले में जीटीवी के दो पत्रकारों की पिछली गिरफ्तारी भी



स्मरणीय है, जिससे स्पष्ट होता है कि मीडिया पर लगातार निगरानी और दबाव का माहौल बना हुआ है।

पत्रकारिता समुदाय ने दोनों पत्रकारों की कलम, कलाम और काबिलियत की सराहना की है और साथ ही उम्मीद जताई है कि न्यायालय निष्पक्ष निर्णय करते हुए उन्हें निर्दोष साबित करेगा।

इस घटना ने यह भी याद दिलाया कि लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रेस स्वतंत्रता की सुरक्षा कितनी आवश्यक है। पत्रकारिता के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की हेरफेर या धमकी स्वतंत्र मीडिया की नींव को कमजोर कर सकती है। (सूचना और पत्रकारिता स्रोतों के हवाले से)

# टेंशन में क्यों हैं आखिर में भाजपा के राजहंस

कोई माने या न माने भाजपा के राजहंसों की जोडी टेंशन में भी है और अटेंशन भी है. भाजपा के भाग्यविधाता माने जाते हैं ये दोनों राजहंस. आप इन्हे पिछले ग्यारह साल से निशशि याम यानि 247काम करते देख रहे हैं. ये जोडी आराम को हराम और राम को तामझाम समझती है.

एक तरफ भाजपा के राजहंस जहाँ बिहार विधानसभा चुनाव जीतने के लिए ऐढी चोटी का जोर लगा रहे हैं, वहीँ दूसरी ओर इस जोडी ने अपने गृह राज्य गुजरात में अपनी पलटन में अचानक आमूल चूल परिवर्तन कर दिया है. एक साथ दो मोर्चों पर काम करने वाली भाजपा अकेली पार्टी है. भाजपा भारत में अपने साम्राज्य का सूरज किसी भी दशा में



डूबने नहीं देना चाहती,ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह.

भाजपा बिहार विधानसभा चुनावों में सहयोगी दलों के प्रतिपल बदलते तेवरों से परेशान है लेकिन इस परेशानी को छिपाने की नाकाम कोशिश भी की जा रही है.भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आक्रामक प्रचार अभियान की रणनीति बनाई है, जिसके तहत राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में शीर्ष राष्ट्रीय नेताओं की एक टीम तैनात की गई है. एनडीए को निर्णायक जीत दिलाने के लिए 'मिशन बिहार' नाम से शुरू किए गए इस चुनाव प्रचार अभियान में आपको पार्टी के दिग्गज नेता पश्चिमी चंपारण से लेकर कोसी के महत्वपूर्ण गढ़ तक के क्षेत्रों में नजर आएंगे.

भाजपा ने बिहार चुनाव के लिए अपने जिन 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल, केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह के नाम शामिल हैं. इनके अलावा, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडनवीस, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के नाम भी शामिल हैं.

स्टार प्रचारकों में पिछला आम चुनाव हार चुकी स्मृति ईरानी, के अलावा केशव प्रसाद मौर्य, साध्वी निरंजन ज्योति, पवन सिंह, मनोज तिवारी, रवि किशन, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के नाम भी शामिल हैं. स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल अन्य नामों में- दिलीप कुमार जयसवाल, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, रेनू देवी, प्रेम कुमार, नित्यानंद राय, राधा मोहन सिंह, सतीश चन्द्र दुबे, राज भूषण चौधरी, अश्विनी कुमार चौबे, रविशंकर प्रसाद, नन्द किशोर यादव, राजीव प्रताप रूडी, संजय जयसवाल, विनोद तावड़े, बाबूलाल मरांडी, प्रदीप कुमार सिंह, गोपालजी ठाकुर और जनक राम हैं. अभी ज्योतिरादित्य सिंधिया को इस सूची में नहीं डाला गया है.

भाजपा के राजहंसों की जोडी ने पिछले चार साल से गुजरात में खडाऊ राज कर रहे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल के सभी 16 मंत्रियों ने इस्तीफा ले लिए और नये मंत्रियों को भी आनन फानन में शपथ दिलवा दी.आपको याद दिला दूं कि गुजरात विधानसभा चुनाव अभी दो साल दूर हैं, लेकिन राज्य के सभी मंत्रियों के इस्तीफा लेकर राजहंसों ने सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी लहर को अभी से थामने की शुरूआत कर दी है.

गुजरात में किए गये भाजपा शासित दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री भी सचेत हो गये हैंखासतौर पर उप्र के मुख योगी आदित्यनाथ. तलवार तो मप्र, राजस्थान और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों के ऊपर भी लटक रही है, लेकिन बिहार विध चुनाव तक उन्हे शायद नहीं हटाया जाएगा.मप्र और हरियाणा भ्रष्टाचार और पुलिस के आचरण को लेकर सुर्खियों में है. भाजपा के राजहंस राजनीति के कीचड में खडे हैं. दोनों की कोशिश नीर क्षीर विवेक से स्थितियों का सामना करना पडा रहा है. आर एस एस की बढती बदनामी ने भी भाजपा के राजहंसों की नींद उडा रखी है. @राकेश अचल

**@ राकेश अचल**


## समाज जागरण का भावनात्मक अपील

इस दीपावली पर सबके घर मे दीपक जले
लेकिन ध्यान रहे की किसी का घर न जले।

**दैनिक समाज जागरण आप सभी से अपील करता है कि इस दीपावली पर स्वदेशी खरीदे और ध्यान रखे की किसीके घर मे अंधेरा न रहे। यह भी ध्यान रहे की किसी का घर न जले।**


# पांच त्यौहारों का पर्व दीपावली, कल धनतेरस से होगी शुरुआत

**संजय सक्सेना,लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**

अक्टूबर के उतरते हुए दिनों में पूरी सृष्टि मानो दीपों के प्रकाश में निहाल होने की तैयारी में जुट गई है। हर गली, हर मोहल्ला और हर घर का कोना-कोना अब दीपावली की रौनक में सराबोर है। दुकानों में नई साज-सज्जा, मिठाइयों की खुशबू और दीपकों की झिलमिल रोशनी सब मिलकर एक ही संदेश दे रहे हैं कि खुशियों का महापर्व आ रहा है। कल से शुरू हो रहे धनतेरस के साथ 'पांच दिनों का यह पर्व' पूरे देश को उत्सव की लहर में डुबो देगा। दीपावली पर्व की शुरूआत "धनतेरस" से होती है। यह दिन स्वास्थ्य, समृद्धि और आयु के देवता धन्वंतरि की पूजा को समर्पित है। मान्यता है कि इसी दिन समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इस अवसर पर घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नए बर्तन, चांदी के सिक्के और सोने के आभूषण खरीदे जाते हैं। धनतेरस व्यापारियों के लिए अत्यंत शुभ दिन माना जाता है, क्योंकि माना जाता है कि इस दिन किया गया कोई भी नया आरंभ दीर्घकालिक सफलता लाता है। शाम को दीप प्रज्ज्वलित कर यमराज की पूजा भी की जाती है, जिसे यमदीपदान कहा जाता है।

### नरक चतुर्दशी अंधकार से प्रकाश की ओर

धनतेरस के अगले दिन "नरक चतुर्दशी" या "छोटी दीपावली" मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का संहार कर संसार को भयमुक्त किया था। इसी कारण यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है।सुबह लोग स्नान कर विशेष तेल का उपयोग करते हैं और मिट्टी के दीपक जलाकर घरों को प्रकाशमय करते हैं। यह दिन सफाई, पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

### दीपावली प्रकाश का महोत्सव



तीसरा दिन सबसे महत्वपूर्ण है दीपावली यह वह दिन है जब पूरी धरती प्रकाश से नहा उठती है। लोग सुबह से ही देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की तैयारी में जुट जाते हैं। बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ती है, हर घर में रंगोली बनती है और दीप जलाए जाते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, अयोध्या वासी इसी दिन श्री राम के चौदह वर्ष के वनवास समाप्त कर अयोध्या लौटने पर दीप प्रज्वलित कर स्वागत करते हैं। इसलिए दीपावली को प्रकाश और आशा का पर्व कहा जाता है।लक्ष्मी पूजन की बेला पर घरों में सुंदर दीप आरती होती है और परिवार एकत्र होकर समृद्धि एवं सौभाग्य की कामना करते हैं। इस दिन धन की देवी लक्ष्मी और विघ्नहर्ता गणेश की पूजा का विशेष महत्व है।मिठाइयाँ बाँटना, उपहार देना और पटाखे चलाना इस पर्व को उमंग व उत्साह से भर देते हैं, हालांकि हाल के वर्षों में पर्यावरणीय जागरूकता के चलते 'ग्रीन दिवाली' का संदेश भी तेजी से फैल रहा है।

### गोवर्धन पूजा प्रकृति के प्रति आभार

दीपावली के अगले दिन "गोवर्धन पूजा" या "अन्नकूट" का उत्सव आता है। यह दिन भगवान कृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा से जुड़ा है। कहते हैं, बृज के लोगों ने इंद्र से वर्षा के नियंत्रण के लिए कृष्ण की प्रेरणा पर गोवर्धन पर्वत की पूजा की थी। इस पर नाराज होकर इंद्र ने प्रलयंकारी वर्षा की, तब कृष्ण ने अपनी छोटी ऊंगली पर पूरा पर्वत उठा लिया और गांव वालों को सुरक्षा दी।आज भी लाखों लोग इस दिन पर्वत के प्रतीक के रूप में गोबर से गोवर्धन बनाकर उसकी पूजा करते हैं। मथुरा-वृंदावन सहित उत्तर प्रदेश और बिहार के गाँवों में यह पर्व विशेष उत्साह से मनाया जाता है। इस दिन मंदिरों में 'अन्नकूट प्रसाद' के रूप में सैकड़ों पकवानों का भोग लगाया जाता है।

### भाई दूज स्नेह और सुरक्षा का बंधन

पांचवें और अंतिम दिन आता है "भाई दूज", जिसे बहनें अपने भाइयों के प्रति स्नेह और दीघार्यु की प्रार्थना के रूप में मनाती हैं। यह पर्व रक्षाबंधन की तरह भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है।पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन यमराज अपनी बहन यमी (यमुना) के घर गए थे, जहाँ यमी ने भाई का अभिनंदन कर तिलक किया और दीघार्यु का आशीर्वाद माँगा। तभी से यह परंपरा चली आ रही है।इस दिन बहनें अपने भाइयों को घर बुलाकर तिलक करती हैं, मिठाई खिलाती हैं और भाई उपहार देकर उनके स्नेह का सम्मान करते हैं। इन पांच दिनों में बाजारों की रौनक देखते ही बनती है। दीपक, रंगोली रंग, मिट्टी से बने गणेश-लक्ष्मी के प्रतिमाएं, सजावटी झालरें, मिठाई और वस्त्र सबकी बिक्री में जबरदस्त वृद्धि होती है। देश के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक सजे गलियारे, रोशन इमारतें और भीड़भाड़ भरे बाजार इस पर्व की लोकप्रियता को दशार्ते हैं। ऑनलाइन खरीदारी का चलन बढ़ने के बावजूद दुकानों पर ग्राहकों की मौजूदगी यह बताती है कि त्योहारों में लोगों का सामाजिक जुड़ाव आज भी बरकरार है। हर साल बढ़ते प्रदूषण और पटाखों के दुष्प्रभावों को देखते हुए इस बार सरकार और समाज दोनों ही पर्यावरण-संवेदनशील दीपावली की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। कई विद्यालयों और नगर निगमों ने ह्यनो क्रैकरह्ल अभियान चलाया है। लोग मिट्टी के कुल्हड़, पुनः उपयोग योग्य दीप और फूलों से बनी सजावट को प्राथमिकता दे रहे हैं। धार्मिक परंपरा के साथ स्वच्छता और हरियाली का संदेश जोड़ने की यह पहल आने वाले वर्षों में एक नई परंपरा को जन्म दे रही है।

बहरहाल, दीपावली सिर्फ धार्मिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं है, यह एक सामाजिक अवसर भी है, जब लोग आपसी मतभेद भूलकर मेल-मिलाप करते हैं। अनेक संस्थाएं इस अवसर पर गरीबों में वस्त्र और मिठाइयाँ बाँटती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से यह समय रिश्तों को जोड़ने और कृषि कार्यों के बाद विश्राम का प्रतीक होता है। किसान अपने नए फसलों की उपज से माता लक्ष्मी को चढ़ावा चढ़ाते हैं और नए वर्ष की समृद्धि की कामना करते हैं। कुल मिलाकर धनतेरस से भाई दूज तक चलने वाला यह पांच दिवसीय पर्व भारत की सांस्कृतिक गाथा का जीवंत स्वरूप है। इसके हर दिन में कुछ न कुछ नया सीखने, अनुभव करने और मन को शुद्ध करने का अवसर छिपा है। आज जब लोग भागदौड़ भरी जिंदगी में सुकून के पलों की तलाश में हैं, दीपावली का यह पर्व प्रकाश, प्रेम और एकता की वह अनुभूति लाता है जो हर हृदय में आशा का दीप जला देती है।

# फांसी या इंजेक्शन: मृत्युदंड पर सुप्रीम बहस

**महेन्द्र तिवारी**

भारत के न्यायिक इतिहास में यह प्रश्न पहली बार गंभीरता से उठाया जा रहा है कि क्या फांसी से दी जाने वाली मृत्युदंड की सजा अब भी हमारे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका ने इस प्रश्न को पुनः प्रासंगिक बना दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा द्वारा दायर इस याचिका में कहा गया है कि फांसी देना एक क्रूर, अमानवीय और लंबा खिंचने वाला तरीका है, जिसमें दोषी को अनावश्यक पीड़ा होती है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि जब आधुनिक वैज्ञानिक तरीके उपलब्ध हैं, जैसे घातक इंजेक्शन या गोली मारना, तो किसी व्यक्ति को घंटों तक पीड़ा में झुलसने के लिए छोड़ देना न्याय नहीं, बल्कि प्रतिशोध है।

भारत में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 354(5) में प्रावधान है कि मृत्युदंड केवल फांसी देकर दिया जाएगा। यह प्रावधान औपनिवेशिक युग की एक देन है, जो आजादी के बाद भी जस का तस चला आ रहा है। परंतु संविधान के अनुच्छेद 21 में यह कहा गया है कि किसी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से केवल विधि द्वारा वंचित किया जा सकता है। इस अनुच्छेद की व्याख्या करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार यह माना है कि जीवन का अधिकार केवल जीने का ही नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार भी है। इसी सिद्धांत का विस्तार करते हुए अब यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति को मृत्युदंड दिया ही जाना है, तो क्या उसे सम्मानपूर्वक मरने का अधिकार नहीं होना चाहिए?

फांसी देने की प्रक्रिया अपने आप में अत्यंत भयावह है। जब दोषी को फंदे पर चढ़ाया जाता है, तो अक्सर मौत तत्काल नहीं होती। कई बार गर्दन टूटने की बजाय सांस रुकने से धीरे-धीरे मृत्यु होती है, जो 30 से 40 मिनट तक खिंच सकती है। इस बीच शरीर झटके खाता है, आँखें बाहर निकल आती हैं, और पीड़ा असहनीय होती है। इसके विपरीत घातक इंजेक्शन या गोली मारने जैसे तरीके वैज्ञानिक रूप से कम पीड़ादायक और त्वरित माने जाते हैं। अमेरिका के अधिकांश राज्यों ने फांसी को समाप्त कर दिया है और अब लगभग सभी जगह घातक इंजेक्शन का ही उपयोग होता है। सेना में भी कुछ परिस्थितियों में दोषी को यह विकल्प दिया जाता है कि वह गोली से मरना चाहता है या किसी अन्य तरीके से।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता शामिल हैं, ने भी टिप्पणी की कि फांसी एक बहुत पुरानी प्रक्रिया है, जबकि दुनिया आगे बढ़ चुकी है। अदालत ने कहा कि भारत को यह देखना चाहिए कि अन्य देश अपने न्यायिक तंत्र में किस तरह मानवीय दृष्टिकोण ला रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि जब दुनिया के अधिकांश देश मृत्युदंड के तरीकों को मानवतावादी बना रहे हैं, तो भारत क्यों नहीं? साथ ही यह भी पूछा गया कि 2023 में जिस समिति के गठन पर विचार हुआ था, जो वैकल्पिक तरीकों पर अध्ययन करने वाली थी, उसका क्या हुआ।




केंद्र सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर ने अदालत को बताया कि मृत्युदंड का तरीका बदलना एक नीतिगत निर्णय है, और यह अदालत के दायरे में नहीं आता। उनका कहना था कि दोषियों को फांसी या इंजेक्शन में से एक विकल्प देना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। सरकार का यह भी तर्क है कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहाँ न्यायिक प्रक्रिया पहले से लंबी और जटिल है, वहाँ इस तरह का विकल्प देना और उसका प्रशासनिक प्रबंधन करना अत्यंत कठिन होगा। मगर सवाल यह है कि क्या केवल प्रशासनिक कठिनाई का हवाला देकर किसी व्यक्ति को क्रूर मृत्यु दी जा सकती है? संविधान में जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सर्वोच्च माना गया है। यदि "सम्मानजनक जीवन का अधिकारह्व मौलिक अधिकार है, तो उसका तार्किक विस्तार "सम्मानजनक मृत्यु का अधिकार" भी होना चाहिए। भारत में 'कॉमन कॉज बनाम भारत संघ' (2018) के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने मृत्यु में गरिमा को स्वीकार किया था, जब उसने इच्छामृत्यु को सीमित रूप में मान्यता दी थी। तब अदालत ने कहा था कि मनुष्य को यह अधिकार है कि वह अपने जीवन का अंत सम्मानजनक तरीके से करे। यही सिद्धांत मृत्युदंड की प्रक्रिया पर भी लागू होता है। यदि राज्य किसी व्यक्ति का जीवन लेने का निर्णय करता है, तो उसे यह कर्तव्य भी निभाना चाहिए कि वह ऐसा मानवीय तरीके से करे।

मृत्युदंड को लेकर दुनिया में दो धाराएँ हैं। एक यह कि इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया जाए क्योंकि यह राज्य द्वारा हिंसा का वैध रूप है। दूसरी धारणा यह मानती है कि कुछ अपराध इतने जघन्य होते हैं कि मृत्युदंड आवश्यक है, परंतु उसका तरीका मानवीय होना चाहिए। भारत इस बहस के दूसरे छोर पर खड़ा है – जहाँ मृत्युदंड बरकरार है, पर उसके तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। यह बहस केवल दंड के स्वरूप की नहीं, बल्कि हमारे सभ्य समाज की उस संवेदनशीलता की परीक्षा भी है जो संविधान के मूल में निहित है।

अदालत में यह भी तर्क दिया गया कि यदि अमेरिका जैसे देश, जिनकी न्यायिक प्रणाली जटिल और संघीय है, 49 राज्यों में घातक इंजेक्शन का प्रयोग कर सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं कर सकता? वहाँ भी अपराधी को एक सीमित विकल्प दिया जाता है, जिससे उसकी मानसिक पीड़ा कम हो। यह व्यवस्था दोषी के अधिकारों की रक्षा करती है, जबकि सजा का उद्देश्य भी पूरा करती है। आखिरकार, मृत्युदंड का मकसद व्यक्ति को अत्याचारपूर्वक मारना नहीं, बल्कि न्यायिक निर्णय का पालन कराना है।

सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल केंद्र से यह स्पष्ट करने को कहा है कि 2023 में बनी समिति की स्थिति क्या है और सरकार का इस दिशा में क्या दृष्टिकोण है। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर 2025 को होगी। यह सुनवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तय करेगी कि क्या भारत में दंड की प्रक्रिया को मानवीय बनाने की दिशा में कोई कदम उठाया जा सकता है। यह मामला दरअसल भारत के न्याय और मानवता दोनों के बीच संतुलन की खोज का प्रतीक है। राज्य का दायित्व केवल अपराध को दंडित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि दंड देते समय वह अपनी नैतिक और संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन न करे। मृत्यु चाहे न्याय का परिणाम हो, परंतु उसे अमानवीयता का प्रतीक नहीं बनना चाहिए। यदि हम एक ऐसे समाज की कल्पना करते हैं जहाँ जीवन का सम्मान सर्वोच्च है, तो मृत्यु भी उतनी ही गरिमापूर्ण होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह याचिका केवल दोषियों के अधिकारों की नहीं, बल्कि हमारी न्याय व्यवस्था के संवेदनशील होने की कसौटी है। शायद यही समय है जब भारत यह निर्णय करे कि न्याय और करुणा साथ-साथ चल सकते हैं या नहीं।

**संजीव-नी'**

### *परछाइयां लौटती नहीं।*

सांझ उतरती है,
और परछाइयाँ धीरे-धीरे
धरती से अलग होने लगती
कोई स्मृति अपने मूल से छूटती हो।

उगते सूरज में जो आकार बने ,
वे धूप के संग फैलते गए,
कभी तेज और प्रकाशवान
पर सांझ होते ही सब लुप्त
परछाइयों की कोई छवि नहीं होती,
वे बस उजालों के साथ आती ,
और उजाले के साथ चली जाती ।

निर्विकार
बिना शब्द, बिना विचार
केवल एक सीमारेखा,
जो थोड़ी देर ठहरकर
फिर विलीन हो जाती ।

किसी ने हवा को दोनों हथेलियों से
कभी नहीं थामा यादों की तरह,
परछाइयाँ भी उड़ जाती हवाओं में।

सूखी नदियाँ कभी
समंदर तक नहीं पहुँचतीं;
छलकता पानी ही मिलता समुद्र को।
रेतीली नदियाँ पीछे छूट जाती
जैसे कोई अधूरी बात,
जिसे कहा नहीं जा सका।
आकाश की परछाई नहीं होती,
वहाँ बिंब भी नहीं बनते।
लबालब नदी में
पैरों के निशान नहीं ठहरते,
बहते पानी पर
किनारों के पते नहीं लिखे जा
सकते।
परछाइयों विचार नहीं होती
वे बस रहती ,
फिर मिट जाती ।
जब पर्वत वृक्षहीन हो जाते ,
झरने मौन हो जाते ,
तो सावन के गीत भी नहीं गाए
जा सकते
सांझ में ढलती परछाइयों की
तरह, जो लौटती नहीं।

# 25 रुपए की मजदूरी दर में वृद्धि, कैसे दिवाली मनाए हम मुख्यमंत्री जी

## मप्र के लाखों दैनिक वेतनभोगियों के साथ बड़ा मजाक, वेतन में 1 रुपए प्रतिदिन, महीने में सिर्फ 25 रुपए की बढ़ोतरी, कर्मचारियों में आक्रोश

प्रदेश के लाखों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए सरकार ने इस बार ऐसा तोहफा दिया है, जिसे सुनकर हर किसी के चेहरे पर मुस्कान नहीं, व्यंग्य झलक रहा है। श्रम आयुक्त द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कर्मचारियों के वेतन में सिर्फ एक रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी की गई है। यानी महीने के लगभग 25 दिन काम करने वाले कर्मियों को सिर्फ 25 रुपए का दीवाली गिफ्ट मिलेगा। सरकार का दावा है कि यह बढ़ोतरी सीपीआई इंडेक्स के अनुसार की गई है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि यह महंगाई के दौर में मजाक से ज्यादा कुछ नहीं। विशेषज्ञों के अनुसार मजदूरी में कम से कम 150 रुपए प्रतिदिन की वृद्धि होनी चाहिए थी, ताकि वास्तविक महंगाई के अनुपात में राहत मिल सके। जानकारी के मुताबिक यह संशोधित वेतन दर 1 अक्टूबर 2025 से लागू की गई है, जो 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। प्रदेश में करीब 10 लाख दैनिक वेतनभोगी इस निर्णय से प्रभावित होंगे, लेकिन सभी को यह वृद्धि नाम मात्र की लग रही है। वहीं कई कर्मचारी संगठनों ने सरकार को "आभार" जताते हुए तंज कसा है –

"धन्यवाद सरकार, कम से कम हमें याद तो किया!"

दावा- सीपीआई इंडेक्स के अनुसार ही की है यह बढ़ोतरी

### श्रमिकों से अन्याय बर्दाश्त नहीं

मप्र कर्मचारी मंच ने श्रम आयुक्त द्वारा दैनिक वेतन भोगियों के महंगाई भत्ते में किए गए इजाफे पर आक्रोश जाहिर किया है। कर्मचारियों के संगठन ने कहा कि रोजाना सिर्फ 1 रुपए का इजाफा किया गया। है। यह प्रदेश के सैकड़ों दैनिक वेतन भोगी एवं श्रमिकों के साथ छलावा है। नई दरों से अकुशल श्रमिक का वेतन 12125 से बढ़कर सिर्फ 12150 होगा। यही स्थिति अर्ध कुशल कुशल और उच्च कुशल श्रेणी के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के वेतन की है। यह वेतन हमें स्वीकार नहीं है। हमारी यह मांग है कि 1 अप्रैल 2025 से दैनिक वेतन भोगी एवं श्रमिकों के वेतन में न्यूनतम 1000 रुपए की वृद्धि की जाए। मध्यप्रदेश के 10 लाख से ज्यादा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वेतन से जुड़ा बड़ा झटका लगा है। सरकार ने उनका महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाया जरूर है, लेकिन सिर्फ 1 रुपए रोजाना। यानी अब दैनिक वेतन भोगी को हर दिन 1 रुपए ज्यादा और महीने में करीब 30 रुपए ज्यादा मिलेंगे। श्रम आयुक्त ने 1 अक्टूबर 2025 को नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें कहा गया है कि 1 अक्टूबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए नई दरें लागू होंगी। सरकार ने यह बढ़ोतरी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई इंडेक्स) के आधार पर की है।

जनवरी से जून 2025 की औसत दर 414 रही, जबकि पिछली बार यह 413 थी। इसी 1 अंक के फर्क के कारण महंगाई भत्ते में 1 रुपए रोज का इजाफा किया गया है। जानकारों के मुताबिक, इतनी कम बढ़ोतरी पहले कभी नहीं हुई। एक्सपर्ट बोले- कम से कम 150 रुपए प्रतिदिन बढ़ना चाहिए था केवल एक रुपया बढ़ाना व्यावहारिक नहीं है क्योंकि महंगाई बहुत बढ़ चुकी है। 1956 के भारतीय श्रम सम्मेलन के अनुसार, वेतन एक परिवार की जरूरतों पर आधारित होना चाहिए, जिसमें चार सदस्य माने जाते हैं। हर पांच वर्ष में वेतन का पुनरीक्षण अनिवार्य है। सातवें वेतन आयोग ने न्यूनतम वेतन 18,000 प्रतिमाह तय किया था। मप्र में अप्रैल 2024 से लागू दरों को देखें तो महंगाई के अनुसार प्रतिदिन 150 की बढ़ोतरी होनी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने सिर्फ 1 रुपए प्रतिदिन बढ़ाया है।


**स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200**

# रोशनी का त्योहार मनाएं, पर अपनी नजरों की हिफाजत करें

**समाज जागरण**

नोएडा : दिवाली, रोशनी का पर्व, खुशियों, उत्सव और एकजुटता का प्रतीक है। लेकिन इस रोशनी और उमंग के बीच, आंखों से जुड़ी चोटों और इमरजेंसी मामलों में हर साल खतरनाक बढ़ोतरी देखी जाती है। देशभर के अस्पतालों में हर दिवाली के दौरान आंखों में जलन, जलने की चोटें, बाहरी कणों से चोट, संक्रमण और एलर्जिक रिएक्शन के मामलों में तेजी आती है – जिनका मुख्य कारण पटाखों और धुएं का सीधा असर होता है।

इस अवसर पर सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स ने अपील की है कि लोग इस त्योहारी मौसम में अपनी आंखों – जो शरीर के सबसे नाजुक और अनमोल अंगों में से एक हैं – को हरसंभव नुकसान से बचाएं।

डॉ. महिपाल सिंह सचदेव, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स ने कहा, "पटाखे दिवाली की खुशी का प्रतीक जरूर हैं, लेकिन ये आंखों की चोटों का सबसे आम कारण भी बनते हैं। चिंगारियां, रॉकेट, अनार और बम जैसे पटाखे अगर चेहरे के पास फट जाएं तो ये गंभीर जलन, कॉर्निया पर चोट या यहां तक कि आंख फटने जैसी स्थिति भी पैदा कर सकते हैं। उड़ते कण, रासायनिक तत्व और धुआं आंखों में जलन, लालिमा, पानी आना और खुजली जैसी समस्याएं बढ़ा देते हैं। खास तौर पर बच्चे और आसपास खड़े



लोग, जो सीधे पटाखे नहीं जलाते, वे भी इनसे घायल हो सकते हैं। जो लोग चश्मा पहनते हैं, उनके चश्मे का शीशा फटकर आंखों में चला जाता है और चोट को और गंभीर बना देता है। कई बार ये चोटें स्थायी रूप से नजरों को प्रभावित कर देती हैं। युवा वर्ग में दृष्टि हानि का मतलब है – लंबी अवधि तक या जीवनभर उत्पादकता और आजीविका पर असर पड़ना।"

पटाखों के अलावा, दिवाली के बाद वायु प्रदूषण में भी तेजी से इजाफा होता है। सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसों के साथ हवा में सूक्ष्म कण बढ़ने से आंखों में सूखापन, जलन और एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस की समस्या बढ़ जाती है। जो लोग पहले से ड्राई आई, कॉन्टैक्ट लेंस इस्तेमाल या हाल ही में आंखों की सर्जरी करवा चुके हैं, वे इस समय और अधिक संवेदनशील रहते हैं।

डॉ. सचदेव ने आगे कहा, "सावधानी ही सबसे अच्छी सुरक्षा है। पटाखे जलाते समय पर्याप्त दूरी बनाए रखना, धुएं या कणों के संपर्क में आने पर आंखें न रगड़ना, और पटाखे जलाते वक्त कॉन्टैक्ट लेंस न पहनना – ये छोटे लेकिन प्रभावी कदम हैं। अगर आंखों में जलन या परेशानी हो तो साफ पानी या सलाइन वॉश से आंखें धोना और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। दिवाली के बाद स्मॉग से बचाव के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल और प्रदूषण के चरम समय में घर के अंदर रहना भी फायदेमंद है। बच्चे सबसे ज्यादा संवेदनशील होते हैं – उनके उत्साह में अक्सर सावधानी पीछे छूट जाती है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को केवल हल्के स्पार्कलर ही जलाने दें, वह भी निगरानी में। बच्चों को सिंथेटिक की बजाय सूती कपड़े पहनाएं और केवल खुले स्थान पर ही पटाखे जलाने दें। बच्चों को दूरी बनाए रखने और बुनियादी सुरक्षा सिखाना गंभीर हादसों को रोक सकता है।"

अगर हम इको-फ्रेंडली पटाखे चुनें, या फिर पारंपरिक दीयों, सजावट और पारिवारिक मिलन के साथ दिवाली मनाएं, तो यह न केवल हमारी आंखों की सुरक्षा करेगा बल्कि पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाएगा। आंखें अमूल्य हैं – एक छोटी सी लापरवाही भी आजीवन असर छोड़ सकती है।

इस दिवाली, ज़िम्मेदारी से जश्न मनाएं – अपनी नजरों की सुरक्षा करें और वातावरण को स्वस्थ रखें। सेंटर फॉर साइट की ओर से सभी को सुरक्षित, खुशहाल और जगमगाती दिवाली की शुभकामनाएं!

## त्योहारों पर सुगम व सुरक्षित परिवहन व्यवस्था के लिए बस ऑपरेटरों को दिए निर्देश – एआरटीओ उदित नारायण

**समाज जागरण**

नोएडा। आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज और छठ पूजा जैसे



प्रमुख त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जनपद गौतमबुद्धनगर में सुगम व सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एआरटीओ उदित नारायण की अध्यक्षता में बस ऑपरेटरों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक परिवहन कार्यालय गौतमबुद्धनगर के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित बस ऑपरेटरों को संबोधित करते हुए एआरटीओ उदित नारायण ने कहा कि त्योहारों के समय यात्रियों की भारी आवाजाही होती है, ऐसे में उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी बस ऑपरेटरों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए–

यात्रियों से किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न किया जाए।

निर्धारित किराए से अधिक किराया किसी भी परिस्थिति में न वसूला जाए।

सभी बसों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए।

बस चालक या परिचालक शराब या किसी भी मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाएं।

बसों का संचालन निर्धारित गति सीमा में ही किया जाए।

किसी भी स्थिति में बस की छत पर यात्रियों को न बैठाया जाए।

केवल स्वास्थ्य परीक्षण में फिट पाए गए चालक/परिचालक से ही बसों का संचालन कराया जाए।

बसों में निर्धारित सीटिंग क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाया जाए।

बिना वैध प्रपत्रों के वाहन संचालन न किया जाए।

सभी यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए।

एआरटीओ उदित नारायण ने कहा कि "त्योहारों के दौरान लोगों की यात्रा को सहज और सुरक्षित बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। विभाग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन न करने वालों पर बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी।"

**— एआरटीओ (प्रवर्तन) उदित नारायण, गौतमबुद्धनगर**

## अपर जिलाधिकारी ने ग्राम बिसाहड़ा में धान फसल की क्रॉप कटिंग का किया स्थलीय निरीक्षण

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 17 अक्टूबर




2025 — जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम के निर्देशों के क्रम में आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने तहसील दादरी के ग्राम बिसाहड़ा में खरीफ वर्ष 2025-26 की धान फसल की क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने किसान गौरव की भूमि, गाटा संख्या 1115, पर निर्धारित मानक 10.10.10 मीटर त्रिकोण क्षेत्रफल में धान की कटाई कराई। परीक्षण के परिणामस्वरूप 12.914 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपर सांख्यिकी अधिकारी अलका चौहान, लेखपाल दर्शन सिंह, बीमा कंपनी एआईसी के प्रतिनिधि, संबंधित राजस्व निरीक्षक और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर के अनुसार यह निरीक्षण धान की पैदावार, गुणवत्ता और कृषि मानकों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया।

## बचपन बचाओ सेवा समिति ने जरूरतमंद बच्चों में वितरित की शिक्षा सामग्री, मनाया दीपावली मिलन समारोह

नोएडा। समाज जागरण। समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय संस्था बचपन बचाओ सेवा समिति ने दीपावली के पावन अवसर पर नोएडा सेक्टर-62 स्थित झुग्गी झोपड़ियों में जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी, किताब, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इसके साथ ही बच्चों और परिवारों के बीच पूँजी सब्जी और मिठाई वितरण कर दीपावली मिलन समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी अमित यादव तथा समाजसेवी बिजेंद्र यादव रहे। उन्होंने जरूरतमंद बच्चों में शिक्षा सामग्री वितरित की और नए सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर समिति से जोड़ा।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश शाह और राष्ट्रीय महासचिव गौरव कुमार यादव ने बताया कि इस अवसर पर मेधावी बच्चों को




पुरस्कार और सम्मान पत्र भी प्रदान किए गए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में उत्साह देखकर यह स्पष्ट हुआ कि सही अवसर मिलने पर वे अपने सपने जरूर साकार कर सकते हैं।

समिति के विभिन्न कार्यक्रमों से प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश के कई जिलों से दर्जनभर समाजसेवक ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें प्रमाण पत्र देकर विभिन्न दायित्व सौंपे गए।

-मुख लाल यादव बने राष्ट्रीय सचिव

-बरकत अली (उत्तर प्रदेश स्ट्रीट वेंडर संगठन अध्यक्ष) और अली अकबर महासचिव

-कृष्णा शाह (जिला गौतम बुद्ध नगर अध्यक्ष)

-विकास गुप्ता (गाजियाबाद जिला अध्यक्ष)

-हीरालाल शाह (उत्तर प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष)

साथ ही सैकड़ों नए कार्यकताओं को प्रमाण पत्र देकर संस्था से जोड़ा गया और सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश शाह, राष्ट्रीय महासचिव गौरव कुमार यादव, उपाध्यक्ष सुरेश शाह, वरिष्ठ अधिवक्ता अमित यादव, समाजसेवी बिजेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय सचिव मुख लाल यादव, सुभाष वर्मा, स्पेनदू सिन्हा, विकास गुप्ता, मुरली शाह, शिवम पांडे, उमेश बाबू, विवेक झा, अवधेश सिंह, प्रदीप शाह, सरवन शाह, लक्ष्मी नारायण, उत्कर्ष, मोहम्मद जमील, धर्मवीर, सोनू, राज किशोर, रजनीश, अनिशुद्दीन, इंद्र पहलवान शामिल रहे। संस्था के इस पहल ने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा पैदा की है, जिससे जरूरतमंद बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद बढ़ी है। (समाज जागरण संवाददाता)

## मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्र मिल्क लच्छी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 17 अक्टूबर 2025 — जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत घरेलू हिंसा और दहेज उन्मूलन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बिसरख ब्लॉक के मिल्क लच्छी गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की हब टीम से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी और जेंडर स्पेशलिस्ट सुनीता ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और दहेज उन्मूलन कानून की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना और वन स्टॉप सेंटर जैसी शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।

महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों और उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की अध्यापिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां और स्थानीय महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

महिला कल्याण विभाग, गौतम बुद्ध नगर द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में सराहा गया। (सूचना विभाग, सौजन्य से)

## जहाँ मेहनत ने रौशनी को आकार दिया – फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन में दिवाली उत्सव धूमधाम से मनाया

**नोएडा। समाज जागरण।**

फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन में इस बार दिवाली का उत्सव नन्हे दिव्यांग कलाकारों की मेहनत और कल्पनाशीलता के साथ बड़े उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अपनी मेहनत से दीये, मोमबत्तियाँ, चॉकलेट और सजावट का सामान तैयार किया, जिससे पूरा परिसर खुशियों और रौशनी से जगमगा उठा।

इस विशेष अवसर पर बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी मौजूद रहे। माँ-बेटे की जोड़ी द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया, वहीं अन्य बच्चों ने उत्साहपूर्वक नृत्य में भाग लेकर समारोह को और भी रंगीन और रोमांचक बना दिया।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेत्री निमरत कौर ने फाउंडेशन का दौरा किया और बच्चों के साथ दिवाली की खुशियाँ बाँटी। उन्होंने बच्चों के साथ दीये सजाए, मिठाइयाँ साझा कीं और उनकी प्रतिभा व उत्साह की सराहना की। उनके इस स्नेहपूर्ण व्यवहार ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और दिलों में नई ऊर्जा भर दी।

उत्तराखंड के हैंडलूम मंत्री श्री वीरेन्द्र




दत्त सेमवाल ने भी नन्हे कलाकारों की प्रतिभा को सम्मानित किया और उनके बनाए गए दीयों, मोमबत्तियों और सजावट के सामान का मंगवाया। उनके इस प्रेरणादायक कदम ने यह संदेश दिया कि सीमाएँ शरीर की नहीं, सोच की होती हैं।

इस अवसर पर भारत की पहली फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुनीता सूद और डॉ. भावना आनंद की उपस्थिति ने बच्चों के आत्मविश्वास को और मजबूत किया।

फाउंडेशन के निदेशक डॉ. महिपाल सिंह, प्रबंध निदेशक डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुष्मिता भाटी, प्रशासन प्रमुख कृष्णा यादव, स्पेशल एजुकेटर इलिका रावत, सोशल व डिजिटल मीडिया मैनेजर सौम्या सोनी और सेंटर मैनेजर सुरभि जैन सहित पूरी टीम भी मौजूद रही।

फाउंडेशन की टीम ने बताया कि सेमवाल जी और निमरत कौर जैसी हस्तियों के प्रोत्साहन से बच्चों में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की भावना और अधिक सशक्त हुई। यह आयोजन इस बात का प्रमाण था कि जब संवेदना, समर्थन और सृजनशीलता एक साथ आते हैं, तो हर दीपक सिर्फ घर ही नहीं, बल्कि दिलों को भी रोशन करता है।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न

### असंतुष्ट फीडबैक एवं डिफाल्टर विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 17 अक्टूबर 2025 झ जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति और फीडबैक की स्थिति का विस्तृत विश्लेषण किया गया।



समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक और डिफाल्टर श्रेणी में आने वाले प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार को निर्देश दिए कि जिन विभागों में 100 प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए हैं, उनके संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण जारी किया जाए और अग्रिम आदेशों तक वेतन रोका जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है और उसी के आधार पर जनपद की रैंकिंग निर्धारित होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायतकर्ता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि:

*-शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता की जाए।*

*-निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।*

*-अधिकारी प्रतिदिन अपने कार्यालय में आईजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग स्वयं करें।*

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी भू.अ. बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश सहित प्राधिकरण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गलगोटियास विश्वविद्यालय में "मिशन शक्ति, विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश" के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान आयोजित

**समाज जागरण**

गौतमबुद्ध नगर, 17 अक्टूबर 2025 – गलगोटियास विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के स्कूल ऑफ बायो साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी द्वारा "मिशन शक्ति, विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश" के प्रचार-प्रसार के तहत आज आंगनवाड़ी सेवाओं एवं आईसीडीएस योजनाओं पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चला।

इस अवसर पर संध्या सोनी, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ), दनकौर, गौतम बुद्ध नगर, आईसीडीएस, महिला एवं बाल विकास विभाग मुख्य अतिथि




एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। अपने व्याख्यान में श्रीमती सोनी ने एकीकृत बाल विकास सेवा की विभिन्न योजनाओं, उद्देश्यों और क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण, स्वास्थ्य संरक्षण और समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम में क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स तथा क्लिनिकल रिसर्च के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भाग लिया। विद्यार्थियों ने व्याख्यान के दौरान अपने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस अवसर पर मिशन शक्ति, पोषण माह और विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश से संबंधित विचारों और सुझावों पर चर्चा की गई तथा उपस्थितजनों को अभियानों में सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में विभाग की वरिष्ठ संकाय सदस्यगण प्रो. डॉ. अनंता श्रीवास्तव, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. दीपिका पाल और डॉ. सोनिया मोर भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। सभी उपस्थितजनों ने इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों को विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी बताया। (सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर के सौजन्य से)

## पराली और कूड़ा-करकट जलाने पर अंकुश लगाने हेतु जिलाधिकारी की बैठक संपन्न

### कृषकों को जागरूक करने और नियमित सतर्कता बरतने के निर्देश

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 17 अक्टूबर 2025 — जनपद में पराली और कूड़ा-करकट जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण बनाए रखने हेतु सतर्कता बरतते हुए नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने पराली जलाने की रोकथाम के लिए अब तक की गई कार्रवाइयों, किसानों को जागरूक करने के उपायों और निगरानी तंत्र की वर्तमान



स्थिति की विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त किसानों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि कोई भी किसान पराली न जलाए। उन्होंने कहा कि पराली का वैज्ञानिक और उपयोगी विकल्प के रूप में कम्पोस्ट खाद निर्माण या गौशालाओं में चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

साथ ही जिलाधिकारी ने प्राधिकरण, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और यदि कहीं पराली या कूड़ा-करकट जलाने की घटना सामने आती है तो तुरंत प्रभाव से नियमानुसार जुमार्ना लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनपद में सतत निगरानी दल सक्रिय रखे जाएं और ग्राम स्तर तक पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने हेतु ग्राम प्रधानों, लेखपालों एवं कृषक समूहों को अभियान में शामिल किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी भू.अ. बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया सहित प्राधिकरण, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

(सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर के सौजन्य से)

## जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग एक्शन में

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से 04 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 17 अक्टूबर 2025 — आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सकें।

इस क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि



आज विभिन्न टीमों द्वारा कुल चार नमूने संग्रहित किए गए:

सिरसा स्थित नवी कलाकंद भंडार से कलाकंद का 01 नमूना (खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह एवं अमर बहादुर सरोज की टीम)।

एछर स्थित सिद्ध बाबा कलाकंद भंडार से कलाकंद का 01 नमूना (खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर पटेल, मुकेश कुमार एवं रविंद्र नाथ वर्मा की टीम)।

तुगलपुर ग्रेटर नोएडा स्थित अयान डेयरी से पनीर का 01 नमूना।

गोल्फ लिंक ग्रेटर नोएडा में लक्ष्मी डेयरी, बालनपुर अलीगढ़ की गाड़ी (नंबर उ्छ 01 छअल्र 5982) से सप्लाई के लिए जा रहे पनीर का 01 नमूना।

सभी नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं और जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सर्वेश मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आगे भी नियमित जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि जनपद वासियों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जा सकें।

(सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर के सौजन्य से)

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी विचारधारा अनिवार्य - मीनू रस्तोगी

**समाज जागरण**

संभल।भारतीय इतिहास संकलन समिति ने स्वदेशी जागरण अभियान में पूरी ताकत लगा दी है, जिसके अंतर्गत समिति के सभी सदस्यों द्वारा स्वदेशी विचारधारा को मजबूत बनाने के लिए किया गया आह्वान तथा स्वदेशी व विदेशी उत्पादों कंपनियों की सूची से युक्त मैगजीन प्रकाशित कराकर जन जन को यह बताया जा रहा है कि उन्हें क्या खरीदना है और क्या नहीं खरीदना अर्थात स्वदेशी कंपनी का बनाया हुआ उत्पाद हमें उपयोग के लेना है और विदेशी कंपनियों का पूरी तरह से बहिष्कार करना है। इसके अंतर्गत समिति की जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी के नेतृत्व में ज्योति गुप्ता, शीतल गुप्ता, सुमन लता शर्मा, सुनीता यादव, आशा गुप्ता, सीमा गर्ग, शालिनी रस्तोगी, शोभा गर्ग आदि ने नगर के अनेक मंदिरों में जाकर तथा अनेक सामाजिक संगठनों से मिलकर स्वदेशी व विदेशी उत्पादों कंपनियों



की सूची देकर बताया कि उन्हें वस्तु उपयोग मे लानी है जिसको बनाने में अपने देशवासियों का पसीना बहा हो। समिति की जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए स्वदेशी सामान को खरीद कर हम अपना योगदान दे सकते हैं। हमें योगदान देना चाहिए। हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत बनाना है। गायत्री सेवा आश्रम की संचालक सविता गर्ग ने कहा कि स्वदेशी मात्र वस्तुएं खरीदने तक ही सीमित नहीं है अपने आपको अपनी सनातन सभ्यता संस्कृति से जुड़े रखना अपने समाज और राष्ट्र को भी अपनी सनातन संस्कृति के अनुकूल बनाना ही स्वदेशी का वास्तविक अर्थ है। भारतीय इतिहास संकलन समिति की दूसरी टोली में सतवीर सिंह पाल, सुशील कुमार शर्मा, सुशील कुमार गुप्ता भगत जी, पंकज सांख्यधर, गुलशन चावा, अंकुश त्यागी, अशोक कुमार गर्ग आदि ने मार्केट में जाकर व्यापारियों से संपर्क कर स्वदेशी जागरण अभियान को ताकत दी। जिला विद्वत प्रमुख अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि अपने घर प्रतिष्ठान स्थान मार्केट बस्ती को पूर्णता स्वदेशी घोषित करके बैनर फ्लैश लगाकर शेष समाज के मार्गदर्शक एवं प्रेरक बनना चाहिए। पंकज सांख्यधर ने कहा कि हमारी कंपनी हमें लुभाने के लिए अपना विदेशी जैसा नाम रखती हैं और विदेशी कंपनियां स्वदेशी दिखने के लिए भारतीय जैसा लगने वाला नाम रखती हैं। अतः जानकारी अवश्य करना चाहिए। स्वदेशी जागरण अभियान में लगे हुए भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों को प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार रूस्तगी, प्रांत महासचिव प्रोफेसर राजेश गर्ग, प्रांत संगठन सचिव डॉ कुलदीप कुमार त्यागी, महंत ऋषिराज गिरी जी महाराज, बाल योगी स्वामी दीनानाथ जी महाराज, हरिश्चंद्र गर्ग ने देशभक्ति युक्त कार्य के लिए शुभकामनाएं और बधाइयां प्रेषित की है। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि लंबे समय तक भारतीय इतिहास संकलन समिति के सभी सदस्य स्वदेशी जागरण अभियान को मूर्तरुप प्रदान करने के लिए जुटे हुए हैं और निरंतर स्वदेशी जागरण अभियान का बिगुल बजाते रहेंगे।

# विकसित उत्तर प्रदेश हेतु लिंक पर सुझाव भेजने का हिंदू जागृति मंच ने शुरू किया अभियान

## हिंदू जागृति के सदस्यों ने दुकानों पर पहुंचकर जनसंपर्क के माध्यम से सुझाव दिलवाये

**समाज जागरण/पंकज राघव**

संभल।हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने विकसित उत्तर प्रदेश समृद्ध उत्तर प्रदेश 2047 के लिए मोबाइल धारकों से ऑनलाइन सुझाव भेजने का अभियान चलाया।



हिंदू जागृति मंच के सदस्य नगर के मुख्य बाजार में पहुंचे। दुकानों पर जाकर व्यापारियों और उनके ग्राहकों को बैठाकर समझाया और उनके मोबाइल से विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए सुझाव दिलाये। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार अपने तंत्र में क्या सुधार करे, कौन सी योजनाएं चलें, किस प्रकार आम जनमानस का भला हो और उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने में क्या कुछ किया जा सकता है? ऐसे सुझाव आम जनता से शासन ने आमंत्रित किए हैं। हम सबको चाहिए कि शासन व्यवस्था पारदर्शी, जन उपयोगी तथा विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए कारगर सिद्ध हो इसके लिए सुझाव आम जनता को अपने मोबाइल से भेजने चाहिए। उन्होंने सरकार की नीति और नियत की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनता के लिए जनता के द्वारा जनता की सरकार काम करे इसके लिए प्रदेश की जनता अपने सुझाव अवश्य दें।
जिला सह मंत्री उमेश श्रीमाली ने कहा कि जिलाधिकारी संभल के निदेर्शानुसार हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश समृद्ध उत्तर प्रदेश 2047 इसके लिए हर मोबाइल से तीन तीन सुझाव दिए जा रहे हैं। जिसमें हिंदू जागृति मंच ने आम जनमानस से इस अभियान में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि संभल की जागरुकता के कारण सभी जिलो में संभल जिला का नाम अग्रणी है।हिंदू जागृति मंच के अरुण कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, सुबोध कुमार गुप्ता, सुमन कुमार वर्मा, विकास कुमार वर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अमित वार्ष्णेय, श्याम शरण शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, सुभाष चंद्र शर्मा, ने सहयोग किया। संपूर्ण व्यवस्था में मार्गदर्शन हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा का रहा।

# दीप जलाकर कर छात्राओं को मिशन शक्ति का पढ़ाया पाठ

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। कस्तूरबा बालिका विद्यालय में रोशन करो दिये कार्यक्रम में दीप जलाकर कर छात्राओं को मिशन शक्ति का पाठ पढ़ाया गया। शुक्रवार को ग्राम हीरावाली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय



नगर क्षेत्र में आयोजित रोशन करो दिये कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा दीप जलाकर रंगोली बनाई गई , तथा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत वार्डन मीनाक्षी चौधरी द्वारा सरकार के हैल्प लाईन नंबरों 1090 ,1098 ,व 112 की जानकारी देकर मिशन शक्ति के संबंध में स्लोगन के माध्यम से विस्तार से समझाया गया ,इस अवसर पर वार्डन मीनाक्षी द्वारा दीपावली की शुभकामनाएं देकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

# महिलाओं को स्तन कैंसर से बचाव की दी गई जानकारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्तन रोग विशेषज्ञ डॉ मोहसिन रजा ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा स्तन कैंसर का वक्त रहते हो सकता है उपचार। स्योहारा। रजा मदर एंड चाइल्ड सेंटर पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
जहां पर महिलाओं से संबंधित कई गंभीर बीमारियों की जांच व निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।
शिविर में स्तन रोग विशेषज्ञ डॉ मोहसिन रजा,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ जैनब हुसैन,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शाइस्ता , आदि चिकित्सकों द्वारा महिलाओं का चैकअप कर उन्हें बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई।
इस मौके पर डॉ मोहसिन रजा ने कहा ब्रेस्ट कैंसर का इलाज किया जा सकता है जिसके लिए शुरूआती दौर में होने वाले लक्षणों की जानकारी होना बहुत जरूरी है जिसके लिए यह शिविर लगाया गया है साथ ही



साथ उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को कैंसर के लक्षण बताए।
इस मौके पर डॉ जैनब हुसैन ने कहा इस शिविर को लगाने का उद्देश्य उन गरीब महिलाओं को जागरूक करना है जो जानकारी के अभाव में अपनी बीमारियों को इतना बड़ा लेती हैं कि इलाज असंभव हो जाता है हमने जो यह शिविर लगाया है इसमें महिलाओं को जागरूक कर उनकी बीमारियों के बारे में जानकारी दी जा रही है और इस तरह के शिविर आगे भी लगाए जाते रहेंगे।
शिविर में सैकड़ों महिलाओं ने निशुल्क परामर्श लिया और भविष्य में बीमारियों के प्रति सतर्क रहने की शपथ ली।
इस मौके पर डॉ तारिक रजा,डॉ दानिश रजा,डॉ जुनैद जैदी, डॉ तफज्जुल,डॉ फहद ,आदि मौजूद रहे।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद दिनाँक 17 अक्टूबर 2025 को नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज नजीबाबाद जिला बिजनौर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महिला उपनिरीक्षक पायल तोमर जी, महिला कांस्टेबल निर्वशी जी, महिला कांस्टेबल 709 प्रिया जी, महिला कांस्टेबल 490 अनिता जी कार्यक्रम में उपस्थित रही। इस अवसर पर महिला कास्टेबल निर्वशी जी ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्म सम्मान ,एवं महिला स्वाभिमान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और छात्र छात्राओं को अनेक महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 1076, 181, 112, 108



आदि को उपयोग करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्य शबाना परवीन ने कहा किसी भी समस्या के होने पर पुलिस से संपर्क करने एवं सहायता लेने को कहा तथा विद्यालय में शिकायत पेटिका का उपयोग करने को कहा और तथा पुलिस टीम के द्वारा महिला हेल्प लाइन एवं विभिन्न सरकारी महिला संबंधी योजनाओं से सम्बंधित पम्पलेट का वितरण करवाया ।कार्यक्रम अधिकारी गजाला ने छात्राओं को इस कार्यक्रम के तहत जानकारी देते हुए कहा कि यह अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम भी जागरूक हो और समाज को भी जागरूक करने में अपना योगदान दे ओर सरकार के द्वारा चलाए गए सभी अभियान को सफल बनाए विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया

# युवक ने पेड से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर थाना रोजा,क्षेत्र के भावलखेडा में आज दिनांक 17.10.2025 समय 15.30 बजे रोजा पुलिस को सूचना प्राप्त हुयी कि थाना रोजा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भावलखेड़ा के बाहर जंगल मे एक युवक द्वारा पेडं से लटक-कर आत्महत्या कर ली सूचना रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल पर पहुंचे गहनता से निरीक्षण किया तो पाया कि मृतक प्रमोद कुमार पुत्र



राजेन्द्र सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम अलवलमपुर (श्यामपुर) थाना सिधौली जनपद शाहजहाँपुर द्वारा पेड से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है मौके पर मृतक के बहनोई विमल कुमार पुत्र बाबूराम द्वारा बताया कि मृतक प्रमोद कल नोएडा से चला था तथा मोबाइल वही छोड़ आया था मृतक का सम्पूर्ण परिवार जिसमे माता-पिता तथा दो भाई नोएडा मे ही रहकर मजदूरी करते है तथा मृतक भी नोएडा मे ही मजदूरी करता था जो कल वहां से चला आया था। रोजा पुलिस ने निरीक्षण के पश्चात मृतक के शव का पंचातनामा कराकर पोस्टमॉर्टम हेतु शव गृह शाहजहाँपुर भिजवाया गया प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलते हैं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

# देश की प्रगति के लिए पुलिस और जनता का समन्वय अत्यआवश्यक

**समाज जागरण**

लोनी, 17 अक्टूबरः इस बात से शायद हम सभी एक राय होंगे कि विकास के लिए सुरक्षा और सुरक्षा के लिए पुलिस जरूरी है. मगर यह चिंता का विषय है कि अपराध के नए तरीके, स्टॉफ की कमी तथा जनता की बढ़ती अपेक्षाओं के कारण पुलिस व जनता के बीच अ विश्वनीयता बढ़ी है. इसे दूर करने के लिए जहा पुलिस को वर्दी से बाहर नागरिक के रूप में सामने आने की जरुरत हैं, वही जनता को भी यह समझना होगा कि हर व्यक्ति बिना वर्दी के जिम्मेदार नागरिक के रूप में पुलिस है. तभी आपसी सांमजस्य से हमारा देश- प्रदेश उन्नति कर सकेगा।
जानकारों की माने तो खाकी को चार मुख्य भूमिकाएँ निभानी होती हैं: कानून लागू करना, अपराध रोकना, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करना और सहायता सेवाएँ प्रदान करना. इसके अंतर्गत यह बात समझन की जरुरी हैं कि पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित होने से न केवल अपराधों में कमी लाई जा सकती हैं बल्कि असामाजिक गतिविधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है. दरसल कई बार नागरिकों के पास अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की महत्वपूर्ण सूचना होती है, मगर थाना आने में झिझक या डर के कारण वह पुलिस से यह जानकारी साझा नहीं कर पाते. नतीजन इसका सीधा लाभ असामाजिक तत्वों को मिलता है और इस तरह अपराधों में बढ़ोतरी होती है.
मेरा मानना हैं कि पुलिस के जिम्मेदार (वरिष्ठ अधिकारियों) द्वारा आम जनता को आश्वस्त कराया जाना चाहिए कि थाना जनता की सुरक्षा के लिए है और उनका सहयोग पुलिस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. हालांकि अधिकारियों द्वारा समय-समय पर पूर्व में भी नागरिकों को यह यह निर्देश दिए जाते रहे हैं कि वे



अपने स्तर पर बैठक आयोजित किया करें और कोई महत्वपूर्ण जानकारी हो तो उसे अपने नजदीकी जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान या अन्य माध्यम से पुलिस तक पहुंचाएं. जिसका मुख्य उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करना है. लेकिन इसके लिए पुलिस को इस दिशा में अभी और अधिक प्रयास करने की जरूरत है. ताकि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सके. इससे विश्वास बढ़ेगा, अपराध कम होगा, और आम नागरिकों को अपनी समस्याये साझा करने का अवसर मिलेगा.
उक्त परिपेक्ष में पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए नियमित बैठकें एक महत्वपूर्ण कदम है. जिसके जरिए विभिन्न लाभ हो सकते हैं. जैसे पुलिस और जनता के बीच आपसी समझ और विश्वास को बढ़ाना, जनता को अपनी चिंताओं, समस्याओं और सुझावों को पुलिस के साथ साझा करने में सुविधा होंगी, नागरिको के माध्यम से पुलिस को आपराधिक गतिविधियों के बारे में जानकारी पाने में मदद मिल सकती है जिससे अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगेगी. ऐसी पहल से जब जनता यह महसूस करेगी कि पुलिस उनके साथ है और उनकी चिंता करती है, तो उनके बीच सुरक्षा और सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, इसके अतिरिक्त पुलिस-जनता के आपसी सहयोग से समुदाय का विकास होगा जिससे एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनेगा.
इस संदर्भ में मेरा अपना सुझाव है कि पुलिस कार्य प्रणाली में बैठकों को नियमित रूप से व्यवस्थानुसार (साप्ताहिक या मासिक) आयोजित किया जाना शामिल होना चाहिए जिसमें महिलाएं, युवा तथा विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हों. इन बैठकों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुख्य रूप से भाग लेकर जनता की समस्याओं को सुनना चाहिए. साथ ही इस दौरान सामने आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई भी अमल में लाई जाए. वास्तव में पुलिस और जनता के बीच ये नियमित बैठकें एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी जो निश्चित तौर पर मजबूत और सुरक्षित समाज के निर्माण में मददगार हो सकती हैं.!
इस परिपेक्ष में सहायक पुलिस आयुक्त लोनी का मत जानने के लिए उनसे भी फोन के माध्यम से बातचीत करने का कई बार प्रयास किया गया. मगर संयोग वश उनका फोन रिसीव नहीं हो सका. जबकि सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार का कहना है कि पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करना विभाग के लिए अत्यंत हितकारी है. दोनों का यह तालमेल जहा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में मददगार सिद्ध होता है वही समाज की तरक्की के लिए भी यह अत्यंत लाभप्रद हैं. पुलिस समय-समय पर आमजन के साथ बैठक करती रहती है. हालांकि इसमें अभी और सुधार करने की आवश्यकता है ' सुशील शर्मा

# करोड़ों रुपए के विकास कार्यों से चमकेगा जिला पंचायत क्षेत्रः अंशु मावी

**समाज जागरण**

लोनी, 17 अक्टूबरः जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने शुक्रवार को एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि उनके वार्ड नंबर 13 के निवासियों को दीपावली पर करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिलेगी. उन्होंने बताया कि जिला पंचायत बंथला नहर से राजेश पायलट महाविद्यालय तक जाने वाली कच्ची सड़क पर सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा तथा ग्राम पंचायत चिरोड़ी में स्प्रिंग विले पब्लिक स्कूल से राजेश पायलट महाविद्यालय को जोड़ने वाली दूसरी 600 मीटर लंबी कच्ची सड़क का भी निर्माण कराया जाएगा।



जिला पंचायत सदस्य ने अन्य जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत निठोरा, खड़खड़ी, सिरौली, चिरोड़ी, सकलपुरा व मेवला भट्टी में अनेक स्थानों पर सड़कों व नालों का निर्माण कराया जाएगा. साथ ही ग्राम पंचायत निठोरा में कंपोजिट विद्यालय से रेलवे लाइन तक नाला बनाया जाएगा, निठोरा में ही सुंदर बैसोया के खेत से आजाद बैसोया के यहाँ तक सीसी रोड और नाले का निर्माण कराया जाएगा, बादशाहपुर सिरौली में चिरोड़ी रोड से रतन सिंह बाबूजी के खेत तक मिट्टी खड़ंजा व नेपाल बैसला के मकान से तेजपाल बैसला के मकान तक सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा, ग्राम पंचायत शकलपुरा में जित्ते कसाना के मकान से प्राइमरी स्कूल तक नाले का निर्माण और जीतराम कसाना के मकान से महेश के मकान तक नाला एवं सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा, नुसरताबाद खड़खड़ी में चौधरी रघुवर सिंह स्टेडियम से रेलवे लाइन तक सीसी रोड व ग्राम पंचायत मेवला भट्टी में प्रेमदत्त बैसला के खेत से सुरेश प्रधान के खेत तक और सुभाष के खेत से अमीलाल के खेत तक जाने वाली कच्ची सड़क पर सीसी रोड बनाई जाएगी।
जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने बताया कि ग्राम पंचायत खड़खड़ी में देवेन्द्र के मकान से दिनेश के मकान तक, ग्राम पंचायत निठोरा में संपर्क मार्ग से कर्मवीर बैसोया के खेत तक व निठोरा के नाले से टेकचंद के खेत तक जाने वाली कच्ची सड़क को जिला निधि से स्वीकृत कराकर निर्माण करना तय किया गया हैं. उनका कहना है कि इन विकास कार्यों के होने से क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा और लोगों को सुविधाओं की कमी से छुटकारा मिलेगा।

# नोएडा में आयोजित भागवत कथा में पहुंचे विधायक पुत्र नागेश ने लिया आशीर्वाद

**समाज जागरण**

लोनी, 17 अक्टूबरः अपनी आस्था के फलिभुत लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के पुत्र नागेश गुर्जर एक बार फिर नोएडा में आयोजित भव्य भागवत



कथा में शामिल हुए और नतमस्तक भाव से क्षेत्र वासियों एक कल्याण के लिए मंगल कामना की.
नोएडा के सेक्टर 55 में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा आयोजन में पहुंचे नागेश ने श्री व्यास पीठ पर विराजमान अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प.पू. अतुल कृष्ण भारद्वाज गुरुजी के चरणों में प्रणाम करते हुए उनका आशीर्वाद भी लिया. कथा के इस धार्मिक आयोजन के दौरान विधायक पुत्र ने कहा कि आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में श्री मद्द भागवत में दिखाए गए मार्ग पर चलकर जनता रामराज्य की अनुभूति कर रही है. कलयुग में यही प्रभु तक पहुंचने का सुगम मार्ग है. इसलिए जब कभी भी अवसर मिले हम सभी को श्री भागवत कथा श्रवण करना चाहिए।

# अयोध्या में रूस के राम को समर्पित होगी मास्को की रामलीला

17 अक्टूबर/अयोध्या। राम की नगरी अयोध्या एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनने जा रही है। अयोध्या शोध संस्थान के आमंत्रण पर रूस-भारतीय मैत्री संघ के द्वारा दीपोत्सव 2025 के दौरान दिशा रामलीला मॉस्कोह्व अपनी विशेष नाट्य प्रस्तुति का मंचन करेगी। यह प्रस्तुति पद्मश्री गन्नादी मिखाइलोविच पेचनिकोव की स्मृति को समर्पित होगी, जिन्हें स्नेहपूर्वक रूस का राम कहा जाता था। आयोजन 18-19 अक्टूबर को अयोध्या में होगा, जहां रूस के साथ विभिन्न देशों के कलाकार प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवंत करेंगे।
1960 के दशक में रूस के प्रसिद्ध अभिनेता और रंगमंच निर्देशक गन्नादी पेचनिकोव ने भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित रामलीला का मंचन शुरू किया था। भारत के प्रति उनके प्रेम और समर्पण के लिए उन्हें भारत सरकार ने बाल मित्र पदक और पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया था। वे लगभग दो दशकों तक भारतीय संस्कृति के दूत के रूप में जाने गए।
चार दशक बाद योगी सरकार में रूसी-भारतीय मैत्री संघ दिशा ने पेचनिकोव की स्मृति में दिशा रामलीला की परंपरा को पुनर्जीवित किया है। इसका पहला मंचन 4-6 नवंबर 2018 को अयोध्या में हुआ, दूसरा कुम्भ मेला 2019 प्रयागराज में और उसके बाद अयोध्या के दीपोत्सव में प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष दीपोत्सव 2025 में यह मंचन फिर से रूस की ओर से सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व करेगा।
दीपोत्सव में भारत-रूस की मित्रता एक नई ऊँचाई पर पहुंचाया रूस-भारतीय मैत्री संघ दिशा के अध्यक्ष डॉ. रमेश्वर सिंह ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारत के रूस में राजदूत माननीय श्री विनय कुमार, रूस के भारत में राजदूत माननीय श्री डेनिस एवगेनियेविच अलीपोव, और जवाहरलाल नेहरू कल्चरल सेंटर मॉस्को की निदेशक श्रीमती मधुर कंकना रॉय के आभारी हैं। इन सभी के सहयोग से रामलीला की परंपरा फिर से जीवंत हुई है

# अयोध्या दीपोत्सव से साकार हुआ राम मंदिर का संकल्प- योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, 17 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव कार्यक्रम से राम मंदिर निर्माण का संकल्प साकार हुआ है। लाखों दीपों के साथ अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया और आज भव्य राम मंदिर पूरी दुनिया में सनातनियों के गौरव का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि संतों का आशीर्वाद और जनता का संघर्ष मंदिर निर्माण में फलित हुआ, जिसे 25 नवंबर के बाद और भव्य रूप में देखा जा सकेगा।
लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित दीपावली कार्यकर्ता परिवार मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि दीपावली कार्यकर्ता परिवार मिलन का यह आयोजन सनातन धर्म की हजारों वर्ष पुरानी परंपराओं का प्रतीक है। हमारे पर्व और त्योहार विशिष्ट युगांतरकारी घटनाओं से जुड़े हैं, जो समाज को नई दिशा देते रहे हैं। लेकिन पहले यह सामूहिकता सीमित थी। 2014 से पहले देश में और 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ ईद मिलन जैसे आयोजन ही होते थे और सनातन धर्म के पर्वों पर ऐसे समारोह दुर्लभ थे। अब होली और दीपावली मिलन समारोह सामाजिक एकता का आधार बन रहे हैं।

**राम मंदिर पूरी दुनिया में सनातनियों के गौरव का प्रतीक बन गया है- सीएम योगी**

सीएम ने अयोध्या दीपोत्सव की शुरूआत का जिक्र करते हुए कहा कि 2017 में जब मैंने दीपोत्सव की रूपरेखा तैयार की तो लोग पूछते थे कि दीप जलाने से क्या होगा? मैंने कहा कि दीप सनातन धर्म का संकल्प है। लाखों दीपों के साथ अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया और आज भव्य राम मंदिर पूरी दुनिया में सनातनियों के गौरव का प्रतीक बन गया है। सीएम योगी ने कहा कि हमने गुलामी का प्रतीक फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या किया। यह संकल्प की ताकत थी। उन्होंने बताया कि संतों का आशीर्वाद और जनता का संघर्ष मंदिर निर्माण में फलित हुआ, जिसे 25 नवंबर के बाद और भव्य रूप में देखा जा सकेगा।

**सीएम योगी ने लोगों से स्वदेशी सामान खरीदने का किया आह्वान**

सीएम योगी ने कहा कि 'विकसित भारत' के लिए सामाजिक एकता को बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का शताब्दी संकल्प हमें सुरक्षा, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जा रहा है। दीपावली मिलन जैसे आयोजन इस एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने उन्होंने सामूहिक आयोजनों की आदत डालने और स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि धनतेरस पर स्वदेशी बर्तन, सोना-चांदी खरीदें। रक्षा मंत्री सेना को स्वदेशी हथियार दे रहे हैं, तो हम भी भारत निर्मित सामान अपनाएं। उन्होंने दीपावली पर प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक गरीब के घर में मिठाई और गोबर से बने दीये व लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति पहुंचाने की अपील की, ताकि गरीब परिवार भी उत्सव मना सकें।

# चीनी मिल ने दीपावली से पहले किया किसानों का भुगतान

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)चीनी मिल द्वारा सम्पूर्ण भुगतान कर किसानों को दिया दीपावली का तोहफा शामली। शामली चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2022-23 के अवशेष 27.60 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया गया। गतवर्ष शामली चीनी मिल को त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एन्ड इन्डस्ट्रीज लि० द्वारा जून माह में अधिग्रहण किया गया था, उस समय चीनी मिल पर किसानों का 233 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य भुगतान बकाया था। अधिग्रहण के समय शासन स्तर पर वार्ता के अनुसार बकाया गन्ना मूल्य भुगतान जून 2026 तक देने पर सहमती बनी थी जबकि त्रिवेणी समूह द्वारा सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान लगभग 1 वर्ष पूर्व ही कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के किसान उत्साहित है तथा उनके द्वारा पूर्व वर्षों में दूसरी चीनी मिलों को अभ्यर्पित कय केन्द्रों को पुनः शामली चीनी मिल से सम्बद्ध करने की मांग लगातार की जा रही है। चीनी मिल के वाइस प्रेसीडेन्ट संजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष चीनी मिल ने 105 लाख कुंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य तय किया है, जो गतवर्ष की तुलना में 20 लाख कुंटल अधिक है। पिछले वर्ष मरम्मत कार्य में विलम्ब होने के कारण पेराई सत्र देर से संचालित हुआ। इस कारण गेहूं की बुवाई भी प्रभावित हुई थी, इसको ध्यान में रखते हुए इस वर्ष मरम्मत कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है और मिल का पेराई सत्र इस माह के अन्तिम सप्ताह में आरम्भ किया जायेगा।

# दिगंबर जैन धर्मशाला में मुनि श्री 108 विव्रत सागर जी का प्रवचन कृ ज्ञानी-अज्ञानी जीवों के अंतर पर गूढ़ विचार

**समाज जागरण**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में शुक्रवार को श्री 108 विव्रत सागर मुनिराज के पावन सान्निध्य में प्रवचन का आयोजन हुआ। मुनिराज ने अपने अमृतमय वचनों में ज्ञानी और अज्ञानी जीवों के बीच के मूलभूत अंतर कर्ता बुद्धि और अहंकार के संदर्भ में विस्तृत विवेचन किया। मुनिराज ने कहा कि अज्ञानी जीव स्वयं को दुखी मानता है और हर क्रिया में मैं कर्ता हूं का भाव रखता है। उसके भीतर अहंकार रहता है और वह अपने मान-सम्मान की पुष्टि के लिए प्रयत्नशील रहता है। वहीं ज्ञानी जीव समस्त संसार को दुःखमय मानता है और स्वयं को किसी भी घटना का कर्ता नहीं मानता। उन्होंने कहा कि अहंकारी व्यक्ति को नियंत्रित करना आसान होता है। थोड़ी-सी प्रशंसा, जैसे टीका लगाना या दुपट्टा देना, उसके मन को प्रसन्न कर देती है, जिससे उससे कोई भी कार्य कराया जा सकता है। इसे वशीकरण कहा गया है, जो समाज के कार्यों में सहयोग लेने हेतु उपयोगी तो है, परंतु व्यक्ति के आत्मिक हित के लिए अहितकर है।कार्यक्रम में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन प्रदीप जैन और मुकेश जैन द्वारा किया गया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य सुनीता जैन एवं कुमुद जैन को प्राप्त हुआ।

# पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने नई पुलिस लाइन शामली का निरीक्षण किया, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने शुक्रवार को नवीन पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड के दौरान निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की सलामी ली और परेड में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्नआउट और ड्रिल की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस लाइन की परिवहन शाखा एवं यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी ली। परेड में आरट-ीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभ्यर्थी भी उपस्थित रहे। एसपी ने आरटीसी की मैस, बैरक और अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए



प्रशिक्षणार्थियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। महोदय ने निर्माणाधीन भवनों का भी निरीक्षण किया तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अर्दली रूम में विभिन्न रजिस्टरों की जांच की और समुचित अभिलेख रखरखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र यादव, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक प्रभा पटेल, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

# भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ की ब्लॉक-ऊन कार्यकारिणी का गठन

**समाज जागरण**

शामली। शुक्रवार को शहर के धीमानपुरा स्थित एक रेस्तरां में भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ विकास क्षेत्र-ऊन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि इकबाल अहमद ने की। उन्होंने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए सभी शिक्षकों को ईमानदा-री और समर्पण के साथ अपने कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षक प्रकोष्ठ की विचारधारा और महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लॉक-ऊन कार्यकारिणी में ब्लॉक संरक्षक संजीव खोखर, अनिल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रजत देशवाल, ब्लॉक महामंत्री प्रताप कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष शुभम शर्मा, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष भोला कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष धीरज निर्वाल, भारत,



महिला ब्लॉक उपाध्यक्ष रश्मि चौधरी, एकता तोमर, ब्लॉक संगठन मंत्री अविश डंसपा, विकास कुमार, कार्यालय प्रमुख राजीव कुमार, मीडिया प्रभारी नितिन कुमार को मनोनीत किया गया। साथ ही जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया, जिसमें जिला मंत्री गजानंद, महिला जिला उपाध्यक्ष ऋतु चौधरी, जिला संगठन मंत्री अनिल कुमार और जिला उपाध्यक्ष अंकित तोमर को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक प्र-कोष्ठ से रोहित राणा, रजत देशवाल, कुंवर प्रशांत, प्रमेंद्र कुमार, अमित मित्तल, अमित तेवतिया, प्रमोद शर्मा, दिलशाद, नीलम जावला मौजूद रहे।

# वाल्मीकि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा है सबसे बड़ा हथियार – अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग सदस्य महिपाल सिंह

**समाज जागरण**

कांधला। नगर पालिका परिषद सभागार में शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग लखनऊ के सदस्य महिपाल सिंह पहुंचे, इसके बाद एलम नगर पंचायत में पहुंचे जहां उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ बैठक आयोजित की। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों की समस्याएं सनी बैठक में दर्जनों लोग मौजूद रहे। उन्होंने इंटरनेशनल समाज के उत्थान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि समाज की तरक्की का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। जब हमारे बच्चे शिक्षित होंगे, तभी हम सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं



जनजाति आयोग सदैव वंचित वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर है ।इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं सदस्य के समक्ष रखीं। उन्होंने ध्यानपूर्वक सभी शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। बैठक में वाल्मीकि समाज के गौरव कुमार, सतीश कुमार, सनोज, कमल सिंह, घनश्याम, ओम प्रकाश, सिकंदर, आदेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। महिपाल सिंह ने कहा कि समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यानदेना चा-हिए, तभी वास्तविक सामाजिक परिवर्तन संभव है।

# महिलाओं को घरेलू हिंसा और दहेज उन्मूलन पर किया जागरूक

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) विकास खंड उन के ग्राम चौसाना जदीद में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत 17 अक्टूबर 2025 को महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा पर अभिमु-खीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली श्री मोहम्मद मुशफेकीन के निदेशानुसार जिला प्रोबेशन कार्यालय और महिला कल्याण विभाग की वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा संचालित किया गया ।कार्यक्रम में महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम 2005 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि घरेलू हिंसा की घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाना या जिला प्रोबेशन अधिकारी (संरक्षण अधिकारी) को दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, महिलाएं टोल फ्री नंबर 112 या 181 महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। दहेज मांगना, देना या लेना सभी दंडनीय अपराध हैं, जिसकी शिकायत भी संबंधित अधिकारी या हेल्पलाइन पर की जा सकती है ।वन स्टॉप सेंटर की टीम ने महिलाओं को महिला कल्याण विभाग की योजनाओं, सरकारी हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन,



1090 वुमन पावरलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112, 102, 108 स्वास्थ्य सेवा और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी। महिलाओं ने कार्यक्रम में घरेलू हिंसा रोकने और दहेज न देने व न लेने की शपथ ग्रहण की ।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने रैली निकालकर आम लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की केन्द्र प्रशासक गजाला त्यागी, टीम, महिला थाना के उप निरीक्षक सुभाष सहित पुलिस टीम, चौसाना चौकी प्रभारी खूबसिंह, ग्राम प्रधान अमरजीत कौर, ग्राम सचिव राजीव, आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता, ग्राम की महिलाएं, बालिकाएं और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डाइट मुजफ्फरनगर में जनपद स्तरीय गणित ओलंपियाड एवं गणित प्रदर्शनी सम्पन्न

**समाज जागरण**

शामली। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) मुजफ्फरनगर में जनपद स्तरीय गणित ओलंपियाड एवं गणित प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामली के शिक्षकों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम के संयोजक के रूप में जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार एवं विकास कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर एवं शामली जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्रों से आए गणित के अध्यापकों ने अपने द्वारा निर्मित गणित टीएलएम का प्रदर्शन किया तथा गणित शिक्षण में टीएलएम की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान आयोजित गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता के




विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मुजफ्फरनगर एवं शामली दोनों जनपदों के प्रत्येक विकास क्षेत्र से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 10-10 बच्चों सहित कुल 150 छात्रों ने प्रतिभाग किया। घोषित परिणामों में प्रत्येक जनपद से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले पांच-पांच प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इनमें शामली जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर (कंपोजिट), विकास क्षेत्र शामली के छात्र अक्षय कुमार ने 97.5 अंक प्राप्त कर दोनों जनपदों में सर्वाधिक अंक हासिल किए। कार्यक्रम में शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

# मेपल्स एकेडमी, शामली में दीपावली पर्व की धूम, रंगोली प्रतियोगिता में पटेल हाउस रहा प्रथम

**समाज जागरण**

शामली। मेपल्स एकेडमी में शुक्रवार को दीपावली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी, रंगोलियों और सजावट से जगमगा उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मुकेश संगल, चेयरमैन विपिन संगल, प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा एवं सह-प्रधानाचार्या मौशमी दास द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय के केजी विंग से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने दीपावली थीम पर आकर्षक सजावट की। विद्यार्थियों ने अध्यापिकाओं के सहयोग से रंग-बिरंगी रंगोलियां तैयार कीं। इसमें सूजी के रंग, लकड़ी के



बुरादे के रंग और फूलों की पंखुड़ियों का सुंदर प्रयोग किया गया। वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों ने रंगीन विद्युत झालरों से अपनी कक्षाओं को सज-ाकर मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। विद्यालय में हाउस वाइज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पटेल हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, भगत हाउस द्वितीय, नेहरू हाउस तृतीय तथा आजाद हाउस चतुर्थ स्थान पर रहे। भगत हाउस ने नारी के विविध रूपों माँ, शिक्षिका, डॉक्टर, इंजीनियर और सैनिक को अपनी रंगोली में प्रस्तुत किया। नेहरू हाउस ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आजाद हाउस ने सर्वधर्म समभाव की थीम पर रंगोली बनाकर सभी धर्मों के सम्मान का संदेश प्रसारित किया। केजी विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कागज से दीपक और झालर बनाकर दीपावली एक्टि-विटी में अपनी प्रतिभा दिखाई।

# किसानों की मांगों को लेकर भाकियू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, जल्द न मानी गई मांगें तो होगा आंदोलन

**समाज जागरण**

शामली(फुरकान जंग)राष्ट्रीय आहवान पर शुक्रवार को भाकियू ने पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर किसानों की समस्याओं को लेकर पंचायत आयोजित की। पंचायत के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगे जल्द पूरी नहीं की गईं तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। किसान नेताओं ने कलक्ट्रेट में आयोजित पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को अपनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिलना चाहिए। गन्ने का भाव बढ़ाया जाए। बढ़ती विद्युत दरों पर नियंत्रण लगाया जाए तथा किसानों को समय पर डीएपी खाद



और अन्य कृषि सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शांता प्रधान, युवा जिला अध्यक्ष मोहित शर्मा, महिला विंग जिला अध्यक्ष कविता खाटियान और प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान के संयुक्त नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। नेताओं ने कहा कि सरकार किसानों के साथ किए वादों को जल्द पूरा करे, अन्यथा मजबूर होकर किसान आंदोलन करेंगे। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल नाला, प्रदेश प्र-वक्ता कुलदीप पंवार, अमरपाल बालियान, मेनपाल चौहान, मास्टर जाहिद हसन, कपिल खाटियान, मिंटू सैनी मौजूद रहे।

# आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आशाओं का धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

कांधला ।क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से जारी आशाओ की हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह की पहल और लम्बी वार्ता के बाद आशाओं ने कार्य पर लौटने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, आशाए कई दिनों से अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर थीं। हड़ताल के चलते टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य जनस्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावित हो रहे थे। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह और आशाओं के बीच करीब तीन घंटे तक वार्ता चली। इस दौरान अधीक्षक ने आशाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया ।डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आशा कार्यकताओं की भूमिका ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी के समान है। उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन को पत्र भेजकर आशाओं की प्रमुख मांगों – प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी, समय पर भुगतान, और कार्य सुरक्षा – पर विचार करने की अनुशंसा की जाएगी।अध्यक्ष के आश्वासन के बाद आशा कार्यकताओं ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की और तुरंत स्वास्थ्य से-वाओं में जुट गईं। आशाओं के कार्य पर लौटने से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पटरी पर आ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण और अन्य सेवाएं पुनः शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# अवैध खनन पर ग्रामीणों का गुस्सा: तीन दिन बाद प्रशासन सक्रिय, वार्ता बेनतीजा

**समाज जागरण**

शामली /झिंझाना। (फुरकान जंग) गांव बलहेड़ा में कलरी क्षेत्र में चल रहे कथित अवैध खनन के विरोध में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। तीन दिन तक प्रशासन की अनदेखी के बाद शुक्रवार को नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठे ग्रामीणों से वार्ता की, लेकिन यह बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुँच सकी। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक अवैध खनन बंद नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने खनन के पट्टे केवल खसरा संख्या 201, 202 और 203 में ही आवंटित किए हैं, लेकिन खनन माफिया इन सीमाओं को तोड़कर आसपास के खेतों में भी अवैध खनन कर रहे हैं। खनन मशीनों (पोकलैंड) से किया जा रहा है, जबकि नियमों के तहत फावड़ा-कस्सी से ही खनन की अनुमति है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अवैध खनन से खेतों में गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे यमुना नदी का बहाव बदल सकता है और अगर नदी में



पानी बढ़ा तो गांव में बाढ़ और कटान का गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा बाढ़ से बचाने के लिए बनवाई गई लकड़ी-बल्लियों, लोहे की जालियों और पत्थरों की ठोकरें खनन माफियाओं ने तोड़ दी हैं। ग्रामीणों ने परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर उनकी मोटरसाइ-किल बिना नंबर प्लेट की हो तो चालान कर दिया जाता है, लेकिन खनन माफियाओं के ओवरलोड डंपर बिना नंबर प्लेट के खुलेआम दौड़ रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि जब तक अवैध खनन पूरी तरह बंद नहीं होता और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा। वहीं, प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी, लेकिन ग्रामीण केवल कार्रवाई के सबूत देखने के बाद ही धरना समाप्त करेंगे।

# अभिमन्यु खैवाल ने जीता गोल्ड मेडल, नेशनल शतरंज चौम्पियनशिप के लिए चयनित

**समाज जागरण**

शामली। होली चाइल्ड इंटर कॉलेज लपराना के प्रतिभाशाली छात्र अभिमन्यु खैवाल ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 69वीं प्रदेश स्तरीय माध्यमिक विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता एनडीकेएमटी-17 में गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर तक अलीगढ़ में किया गया।अभिमन्यु ने सहारनपुर मंडल की ओर से खेलते हुए गोरखपुर, बनारस, अलीगढ़, प्रयागराज और आजमगढ़ मंडल के खिलाड़ियों को पराजित कर पांचों मैचों में शानदार जीत दर्ज की और ऑल ओवर उत्तर प्रदेश स्टेट चौम्पियन बने।



विद्यालय के प्रबंधक जबर सिंह खैवाल ने कहा कि अभिमन्यु की इस ऐतिहासि-ाक उपलब्धि ने न केवल सहारनपुर मंडल बल्कि होली चाइल्ड इंटर कॉलेज, लपराना का नाम पूरे प्रदेश में गर्व से ऊंचा किया है। प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर ने कहा कि विद्यालय में उनके आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अभिमन्यु के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें अब राष्ट्रीय शतरंज चौम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है।

# पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार की दर्दनाक मौत

**समाज जागरण**

शामली। शुक्रवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के काबडौत पुल पर पीकअप वाहन की टक्कर से साईकल सवार की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों के उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी 51 वर्षीय सुनील पुत्र हरबीर शुक्रवार सवेरे अपनी साईकल पर सवार होकर गांव से शामली आ रहा था। बताया जाता है कि जब वह क्षेत्र के काबडौत पुल के निकट पहुंचा तो इसी दौरान तेज गति से आ रहे पीकअप गाडी सवार ने साईकल में टक्कर मारकर सुनील को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुनील की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे तीन बच्चे छोड गया है।

# स्वदेशी जन जागरण मंच ने निकली जागरुकता रैली

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान द्वारा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विजय गर्ग की अध्यक्षता में स्वदेशी जागरण मंच की जन जागरण यात्रा का शामली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वदेशी जागरण मंच की टीम के साथ नगर के मुख्य बाजारों में पदयात्रा कर स्वदेशी अपनाओ विदेशी हटाओ के नारों से वातावरण को स्वदेशीमय बना दिया। यात्रा मार्ग में अनेकों स्थानों पर व्यापारियों द्वारा फूल वर्षा कर यात्रा का स्वागत व अभिनंदन किया गया। यात्रा का नेतृत्व स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक कपिल नारंग,



पूर्णकालिक विजेन्द्र कुमार एवं मोंटी ने किया। जिलाध्यक्ष अमित गर्ग, जिला महामंत्री अमित मित्तल एवं वैभव प्रकाश गोयल के कुशल नेतृत्व में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद चेयरमैन अरविंद संगल, सत्य प्र-काश अग्रवाल, अशोक वशिष्ठ, राजेन्द्र स्वामी, विकास धीमान, सुभाष चंद्र शर्मा, मुकेश वर्मा, विनोद शर्मा, अजय कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सीवर टुटे हुए ढक्कन को बंद कराए जाने की मांग

**समाज जागरण**

कांधला। नगर के मेन बाजार में सीवर का ढक्कन टूट जाने से व्यापारीयों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बाजार के कई व्यापारीयों ने प्रदर्शन करते हुए सीवर का ढक्कन बंद कराई जाने की मांग की है। शुक्रवार को नगर के मेंन बाजार स्थित जैन मंदिर के समीप के दुकानदार वासु सनी, अरविंद सैनी, सोनू ,आशु, आसिफ बैग सहित आदि लोगों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि काफी दिनों से बाजार के सीवर चौक हो जाने से गंदा पानी उबाल कर बाहर आ रहा है। और सीवर का ढक्कन टूट जाने से आने जाने वाले राहगीरों सहित दुकानदारों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर सीवर



से निकलने वाले गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही है और बीमारी फैलने का भी डर बता रहा है। शिकायत करने के बावजूद भी पालिका के कर्मचारी इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस दौरान सभी लोगों ने समस्या के समाधान की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। पालिका लिपिक अशोक कुमार का कहना है की शिकायत मिली है जल्दी निस्तारण कराया जाएगा।

# एलम में सड़क हादसे, दो युवक गंभीर रूप से घायल

कांधला। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी राजू किसी कार्य से बस स्टैंड पर आया था, तभी रोडवेज बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। वहीं दूसरी घटना में बाइक सवार मुन्ना पुत्र मोहरसिंह निवासी टटीरी जनपद बागपत से ऊन ले जा रहा था। एलम बाईपास पर हाईवे पर बने गड्ढे में उसकी बाइक गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया ।स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे पर बने गड्ढों के कारण आए दिन हादसे होने की शिकायत करते हुए संबंधित विभाग से शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

# सीएम योगी से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय

--बागपत के चौमुखी विकास को लेकर रखी कई अहम मांगें
--छपरौली में 100 बेड अस्पताल और यमुना कटाव रोकने की उठाई बात


लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय

**समाज जागरण**

बागपत। भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर जिले के चौमुखी विकास को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। मुलाकात के दौरान उन्होंने जिले से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। वेदपाल उपाध्याय ने छपरौली ब्लॉक क्षेत्र में 100 बेड के अस्पताल की स्थापना, क्षेत्र के मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण, तथा बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की। उन्होंने यमुना में कैराना से गांव काटा तक ठोकर लगवाने की बात भी रखी, ताकि कटाव से किसानों की जमीन सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर उन्हें बधाई दी। मुलाकात के दौरान उनके पुत्र एवं समाजसेवी आकाश उपाध्याय और सत्यम योगी भी उपस्थित रहे।

# टिकरी से किसानों का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा चंडीगढ़

- मुख्यमंत्री भगवंत मान को सौंपा 11.90 लाख का सहायता चेक
- आप पदाधिकारियों संग किसानों ने की बाढ़ राहत पर चर्चा


मुख्यमंत्री भगवंत मान को बाढ़ राहत सहायता राशि का चेक भेंट करत प्रदेश अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका

**समाज जागरण**

बागपत। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से चंडीगढ़ आवास पर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका और टिकरी नगर पंचायत चेयरमैन उपेंद्र राठी के नेतृत्व में कस्बा टिकरी के किसानों का प्रतिनिधि मंडल मिला। इस दौरान किसानों ने पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 11.90 रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक मुख्यमंत्री भगवंत मान को भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान की प्रति भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने टिकरी के किसानों की समाजसेवा और मानवता की भावना की सराहना करते हुए जनपद बागपत के ग्रामवासियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। बैठक में पंजाब में बाढ़ की स्थिति, किसानों की समस्याओं और राज्य स्तर पर राहत कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि किसानों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में नगर पंचायत टटीरी अध्यक्ष उपेंद्र राठी, विक्रम राणा, एडवोकेट सौदान राठी, एडवोकेट रामकुमार राठी, जितेंद्र ठेकेदार, मास्टर रविन्दर, उदयवीर राठी, ब्रह्मपाल, शीशपाल, अमरपाल, इंदर सिंह चौधरी, राहुल सभासद, सत्येंद्र, राजकुमार, विकास, सुधीर आदि शामिल रहे।

# हाईटेंशन बिजली की लाईन की चिंगारी से गन्ने की फसल जली

**--तीन बीधा गन्ने की फसल जलने से किसान का हजारों का नुकसान**

**समाज जागरण**

चांदीनगर। लहचौड़ा गांव में एक गन्ने की फसल पर बिजली के हाईटेंशन तार टूट कर गिरने से किसान की तीन बीधा गन्ने की फसल जल गयी ग्रामीणों ने पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की है। लहचौड़ा निवासी अनीश पुत्र भगवा ने मंसुरपुर मार्ग पर ठेके पर जमीन लेकर उसमे खेती कर रखी है जिसमे उसने गन्ने की फसल भी बो रखी है उसने बताया की उसके खेत के उपर से बिजली की हाईटेंशन लाईन गुजर रही हो जिसका तार उसके गन्ने की फसल पर टूटकर गिरने से उसकी तीन बीधा फसल जल गयी जिससे उसका लगभग 50 हजार का नुकसान हुआ है ग्रामीणों ने बताया की आग लगने पर उसे बुझानें का प्रयास भी किया गया लेकिन जब तक फसल जल चुकी थी किसानों ने उच्च अधिकारियों से पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की है।


लहचौड़ा के जंगल मे जली गन्ने की फसल

# सफाई कर्मियों के शोषण का आरोप, 48 घंटे में कार्रवाई की चेतावनी

**--भूदैव वैचर्स कंपनी और पालिका प्रशासन पर वेतन और ईपीएफ-ईएसआई न देने का आरोप**
**--राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने दी सफाई कार्य बहिष्कार की चेतावनी**


नगर पालिका में मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी

**समाज जागरण**

बागपत।
राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने नगर पालिका परिषद बागपत में कार्यरत ठेका सफाई कर्मियों के शोषण का गंभीर आरोप लगाते हुए 48 घंटे में कार्रवाई न होने पर सफाई कार्य के बहिष्कार की चेतावनी दी है। मोर्चा के नगर अध्यक्ष नवीन कुमार व जिलाध्यक्ष सतीश वाल्मीकि ने बताया कि 17 जून से पालिका प्रशासन, अध्यक्ष व भूदैव वैचर्स कंपनी द्वारा सफाई कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। वार्ता के दौरान तय होने के बावजूद कंपनी ने कर्मचारियों को वेतन, ईपीएफ और ईएसआई की सुविधाएं नहीं दीं। पत्र में आरोप लगाया गया है कि मुख्य त्यौहारों पर भी वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मचारी घरेलू परेशानियों का सामना कर रहे हैं। नगर पालिका अधिनियम के अनुसार उन्हें मिलने वाला शासन द्वारा निर्धारित वेतन भी नहीं दिया जा रहा। मोर्चा ने कहा कि अधिशासी अधिकारी ने दो महीने में ईपीएफ जमा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी वादा पूरा नहीं हुआ। इसलिए संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि 48 घंटे में ईपीएफ और ईएसआई जमा न होने पर सफाई कार्य बंद कर दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

# रटौल नगर पंचायत की बैठक नये कार्यो पर किया गया विचार विमर्श

**--रटौल में शमशान घाट और कब्रिस्तान के सौदरयकरण को कमेटी का गठन**
**--बैठक में पिछले कार्यो की की गयी समीक्षा**


रटौल में नगर पंचायत बोर्ड बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

चांदीनगर।
रटौल नगर पंचायत पर बोर्ड बैठक आयोजित की गयी जिसमें नये कार्यो को लेकर विचार विमर्श किया गया पुरानें कार्यो की समीक्षा की गयी वही शमशान घाट और कब्रिस्तान के सौदरयकरण को लेकर कमेटी का गठन किया गया इसके अलावा सभासदों की समस्याओं को भी सुना गया और निस्तारण का आश्वासन दिया गया । रटौल नगर पंचायत पर बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत रटौल में किये गये विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गयी वही नये विकास कार्यों पर भी विचार विमर्श किया गया इसके अलावा नगर पंचायत के कर को बढाने को लेकर भी चर्चा की गयी जिसमें मीट लाईसेंस, शराब ठेके के लाईसेंस सम्बन्धित कर बढाने को लेकर विचार विमर्श किया गया वही रटौल शमशान घाट के सौदरयकरण को लेकर भी प्रस्ताव पास किया गया जिसमे शमशान की चारदीवारी और टायल लगाने कर चर्चा की गयी वही शमशान घाट और कब्रिस्तान के सौदरयकरण को लेकर एक कमेटी का गठन भी किया गया इसके अलावा सभी वार्ड के सभासदों की समस्या को सुना गया और निस्तारण का आश्वासन दिया गया बोर्ड बैठक मे चैयरमैन जुनैद फरीदी,ईओ विरज सिंह त्रिपाठी, सभासद साजिद,हसमत चौधरी, इमरान,सुरेन्द्र, मोसीन मलिक सचिन,महबूब आदि मौजूद रहे।

# स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में युवक ने जीता रजत पदक

**--रेंज पर पहुंचने पर युवक का किया गया स्वागत**

**समाज जागरण**

चांदीनगर। गाजियाबाद के इन्दिरापुरम में हुई 25 वी.यूपी इन्टर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता में भैडापुर की आर्यन शूटिंग रेंज के युवक ने रजत पदक जीत क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस मौकें पर बोलते हुए जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा की क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नही सिर्फ जरूरत है। इन्हें निखारने की युवक ने क्षेत्र का मान बढाया है । गाजियाबाद के इन्दिरापुरम में 25 वी यूपी इन्टर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें भैडापुर के आर्यन शूटिंग रेंज के दिपांशू पुत्र विनेश ने खेलते हुए रजक पदक जीता जिसके बाद रेंज पर पहुंचने पर उसका फूल मालाओं से स्वागत किया गया ।इस मौकें पर बोलते हुए जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा की हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नही सिर्फ जरूरत है। इन्हें निखारने की वही काग्रेस के वरिष्ठ नेता हसमत चौधरी ने कहा की दिपांशु ने क्षेत्र का मान बढाया है और बागपत का नाम रोशन किया है। अन्य युवाओं को भी इनसे शिक्षा लेनी चाहिए है। बागपत आज देश ही नही विदेशों में शूटिंग के लिए जाना जाता है। देहांत क्षेत्र से निकलकर आज अनेक खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे है। स्वागत समारोह में आर्यन शूटिंग रेंज के प्रबंधक श्याम सिंह, दिनेश प्रधान, कोच रोहन सिंह,वीरेन्द्र, राजू आदि मौजूद रहे।



भैडापुर में रजत पदक जीतने वाले युवक का स्वागत करते अतिथि

# स्वतंत्र भारत में अधिकारी नहीं, लोक सेवक : डॉ संदीप कुमार शर्मा

**समाज जागरण**

बागपत। विधि विशेषज्ञ एवं पूर्व सहायक प्रोफेसर (विधि) डॉ संदीप कुमार शर्मा ने कहा है कि स्वतंत्र भारत में अधिकारी शब्द की बजाय लोक सेवक की संज्ञा का प्रयोग ही संविधान की आत्मा के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की उद्देशिका में निहित हम भारत के लोग की अभिव्यक्ति यह स्पष्ट करती है कि सम्पूर्ण राज्यसत्ता का स्रोत जनता है। संविधान ने शासन की संपूर्ण शक्तियाँ जनता से ग्रहण की हैं और इसी कारण शासन-प्रणाली में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति लोक सेवक के रूप में उत्तरदायी है, न कि अधिकारी के रूप में सत्ताधारी। डॉ शर्मा ने कहा कि अधिकारी शब्द औपनिवेशिक शासन की मानसिकता का प्रतीक है, जहाँ पद को शक्ति और वर्चस्व का माध्यम माना जाता था। परंतु, भारतीय लोकतंत्र में यह पद उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और सेवा की भावना से जुड़ा हुआ है। अतः सभी सरकारी पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायिक या शैक्षणिक सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों को लोक सेवक कहकर संबोधित किया जाना चाहिए, ताकि जनता और शासन के बीच विश्वास, समरसता और जवाबदेही की भावना सुदृढ़ हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि भारत को समृद्ध, न्यायपूर्ण और समानता-आधारित राष्ट्र के रूप में विकसित करना है, तो शासन व्यवस्था के प्रत्येक स्तर पर सेवाभाव को सर्वोच्च मूल्य के रूप में स्वीकार करना होगा। अंत में डॉ शर्मा ने सुझाव दिया कि सरकार को सार्वजनिक दस्तावेजों, कार्यालयीय पट्टिकाओं और सरकारी संचार में अधिकारी शब्द के स्थान पर लोक सेवक शब्द का प्रयोग अनिवार्य करना चाहिए, जिससे नागरिकों और शासन के बीच संविधानिक मूल्यों का वास्तविक समन्वय स्थापित हो सके।

# नारी के स्वस्थ,सुरक्षित और स्वावलंबी होने से राष्ट्र बनेगा मजबूत : डॉ विभाष राजपूत

**समाज जागरण**

बागपत। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में मिशन शक्ति के अंतर्गत खेल-खेल में नारी शक्ति कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं के बीच आत्मविश्वास, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं श्रेष्ठा ठाकुर डीएसपी बागपत तथा सीएचसी बागपत के प्रभारी डॉ विभाष राजपूत ने महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान के विषय में प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित ममता मानव का विशेष स्वागत डॉ विभाष राजपूत और श्रेष्ठा ठाकुर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विभाष राजपूत ने कहा कि जब नारी सुरक्षित और स्वावलंबी होगी, तभी प्रदेश और राष्ट्र मजबूत बनेगा। वहीं दूसरी ओर डीएसपी श्रेष्ठा ठाकुर ने कहा कि जब हम ठान लेते हैं कि हमें नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए आगे बढ़ना है, तो फिर कोई भी बाधा हमारे रास्ते में रुकावट नहीं बन सकती। हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानना होगा, क्योंकि नारी जब जागती है, तो समाज की दिशा बदल जाती है। इस मौके पर महिलाओं और छात्राओं के विभिन्न विभिन्न खेल कराए गए और प्रतिभा करने वाले समस्त महिलाओं और छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रियंका आर्या जिला संचालिका आर्या वीरांगना दल द्वारा किया गया। इस मौके पर एस आई सीमा सिंह, बबीता चौधरी थाना प्रभारी बागपत, रेखा चौहान, सविता, दीपा, रिचा, बेबी देवी, निशा, अर्चना, तारावती, पिंकी, गीता, पिंकी मुनेश, सविता, अंशु, ममता, रेखा, पूनम, बबीता गुप्ता, रजवंती, प्रीति देवी, गीता रानी, सीमा, सपना, प्रिया वर्मा, बबीता सोनी, जय भारती, शालू, वर्षा, रेखा चौहान, लक्ष्मी, रजनी, हेमलता, ट्विंकल, लता सिसोदिया, प्रिया, राखी राजपूत, बेबी देवी, मनोज कुमार आर्य ,नवीन, संत कुमार आदि उपस्थित रहे।


महाराणा प्रताप स्कूल में दीप जलाकर नारी शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

# क्रीडा प्रतियोगिता में सीडीएस पब्लिक स्कूल का रहा दबदबा

**समाज जागरण**

बागपत। मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के तहत महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन प्रियंका आर्य जिला संचालिका आर्य वीरांगना दल बागपत ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ विभाष


क्रीडा प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि

राजपूत एवं श्रेष्ठा ठाकुर डीएसपी बागपत रही। क्रीडा प्रतियोगिता में सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी की छात्राओं का वर्चस्व रहा। उन्होंने दौड़ प्रतियोगिता, कबड्डी प्रतियोगिता व फायर प्रतियोगिता में पदक जीतकर अपने विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। क्रीडा प्रतियोगिता के उपरांत बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता में कई विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्रियंका आर्य, मनोज आर्य, सत्येंद्र शर्मा, योगेंद्र शर्मा के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकत्री, अभिभावक तथा अन्य अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रो. बलजीत सिंह आर्य के देहावसान को एक वर्ष होने पर गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जीवाना में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**समाज जागरण**


गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में हवन में आहुति देते शिक्षक

बागपत। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जीवाना में गुरुवार को शिक्षाविद् प्रो. बलजीत सिंह आर्य के देहावसान को एक वर्ष होने पर हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ श्रद्धांजलि हवन संपन्न हुआ, जिसके पश्चात उपस्थित सभी जनों ने पुष्प अर्पित कर प्रो. आर्य को नमन किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि ह्लप्रो. आर्य जी हमारे संस्थान की आत्मा थे। उन्होंने सदैव शिक्षा को जीवन निर्माण का माध्यम माना। उनका जीवन हमें निष्ठा, अनुशासन और समर्पण की प्रेरणा देता है। निदेशक डॉ. सुनील आर्य ने कहा कि ह्लप्रो. आर्य ने शिक्षा में आधुनिकता और संस्कारों का समन्वय स्थापित किया। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय ने अनेक उपलब्धियां अर्जित कीं। प्रधानाचार्य पवन त्यागी ने कहा कि ह्लहम सभी के लिए प्रो. आर्य का व्यक्तित्व प्रेरणास्रोत है। उनकी सोच और शिक्षण शैली आज भी विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में जीवित है। उप-प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स ने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे प्रो. आर्य के बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ें। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मौन रखकर प्रो. आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# रटौल में 14 साल से बस सेवा बंद, दिल्ली गाजियाबाद जाने वाले छात्रों ग्रामीणों को भारी परेशानी

**समाज जागरण**



रटौल। रटौल और आसपास के दर्जनों गांव में पिछले 14 सालों से बस सेवा बंद है। रोडवेज बस नहीं चलने के कारण ग्रामीण और छात्र दिल्ली और गाजियाबाद तथा मेरठ जाने के लिए अवैध वाहनों पर ही निर्भर है। ग्रामीण और छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाजियाबाद और दिल्ली के स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। उन्हें समय पर शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाने के लिए ऑटो और अवैध वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। जिससे उनकी पढ़ाई और सुरक्षा दोनों प्रभावित होती है। रटौल से बन्थला मार्ग पर पड़ने वाले गांवों में विनयपुर, भैडापुर, फुलेरा, भागोट, पूरनपुर, नवादा, सिरौली, निठोरा, और मेवला आदी गांव पडते है। वहीं बागपत मार्ग पर खेला, खासपुर, पांची ढिकोली और अहैडा गांव भी इस समस्या से जूझ रहे है। इन गांव के लोगों को वाहनों के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है अवैध और अनियंत्रित वाहनों से यात्रा के दौरान कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि डीटीसी और रोडवेज बसें सही तरीके से दोबारा शुरू हो जाए तो हादसों और आगमन की सुविधा दोनों से राहत मिल सकती है। रटौल के समाजसेवी हाजी मुन्तिजर ने बताया गाजियाबाद जाने के लिए रटौल से सुबह के टाइम केवल एक प्राइवेट बस चलती थी। वह भी बंद हो गई। मास्टर देवेंद्र अरोरा बताते है इस रूट पर पहले दिल्ली के लिए डीटीसी बसे चलती थी। लेकिन अब गाजियाबाद और दिल्ली जाने के लिए सुबह के समय केवल एक प्राइवेट बस चलती है। इसके बाद जाने के लिए ऑटो या निजी वाहन के अलावा कोई और साधन नहीं है।

# ज्ञानदीप जूनियर हाई स्कूल में हुई शतरंज प्रतियोगिता

**समाज जागरण**

बागपत। ज्ञानदीप जूनियर हाई स्कूल गौरीपुर जवाहर नगर में विद्यालय स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने पूरी


ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में हुई शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

उत्साह के साथ भाग लिया। जूनियर स्तर पर विशांनी ने निशि, कन्हैया ने देवांश, अभिजीत ने अक्षित और दीपाश ने शिवम को हराया। फाइनल मुकाबला दीपाश ने अभिजीत को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच रेफरी सुशान्त चौहान एवं समर रहे। विद्यालय प्रबन्धक मनोज चौहान ने विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# ह्यसमर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047: अब तक प्राप्त हुए लगभग 45 लाख फीडबैक

लखनऊ, 17 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन ह्यसमर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047: समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियानह्न के अंतर्गत प्रदेशभर में जनता से सीधे संवाद और विकास के रोडमैप पर फीडबैक जुटाने का अभियान निरंतर जारी है। 17 अक्टूबर, 2025 तक जनता की राय एवं सुझाव एकत्र करने के लिए बनाए गए पोर्टल अब तक लगभग 45 लाख फीडबैक प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 35 लाख सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और 10 लाख सुझाव नगरीय क्षेत्रों से आए हैं। इनमें करीब 22 लाख सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग से, करीब 21 लाख सुझाव 31 से 60 वर्ष आयु वर्ग से तथा 2 लाख से ज्यादा सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से प्राप्त हुए हैं।

### कृषि क्षेत्र से सर्वाधिक फीडबैक

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सुझावों में कृषि क्षेत्र में सर्वाधिक 11 लाख सुझाव मिले हैं, इसके अलावा पशुधन एवं डेयरी से 1.70 लाख, इंडस्ट्री से 1.53 लाख, आईटी व टेक से 1.27 लाख, पर्यटन से 1.02 लाख, ग्रामीण विकास से 9.13 लाख, इन्फ्रास्ट्रक्चर से 39 हजार, समाज कल्याण से 3.33 लाख, नगरीय एवं स्वास्थ्य से 3.15 लाख, शिक्षा क्षेत्र से 11 लाख तथा सुरक्षा से जुड़े विषयों पर 82 हजार से ज्यादा सुझाव प्राप्त हुए हैं।जनपदवार फीडबैक के अनुसार शीर्ष पांच जनपदों में जौनपुर, संभल, प्रतापगढ़, बिजनौर और गोरखपुर शामिल हैं।

### धार्मिक स्थलों के विकास से लेकर स्किल डेवलपमेंट तक मिले सुझाव

जनभागीदारी से मिले इन सुझावों में नागरिकों ने अपने क्षेत्रों के विकास के लिए कई ठोस प्रस्ताव दिए हैं।
महाराजगंज के शैलेश कुमार मद्धेशिया ने जिले के धार्मिक स्थलों (लेहड़ा मंदिर, इटहिया शिव मंदिर, चौक बाजार गोरखनाथ मंदिर, सोनौली बॉर्डर और सोहागीबरवा वन्य क्षेत्र) के विकास हेतु पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग की। बागपत के मोहन कुमार ने हर ग्राम पंचायत में स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने, ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान को प्रदेशव्यापी रूप देने, विधवा महिलाओं व बेरोजगार युवाओं को होम-बेस्ड वर्क से जोड़ने और ग्राम पंचायतों में पारदर्शी ई-गवर्नेंस लागू करने के सुझाव दिए। वहीं अम्बेडकरनगर के संदीप कुमार ने कृषि सुधारों पर बल देते हुए स्मार्ट खेती, तकनीकी नवाचार, किसानों को वित्तीय सहायता और कृषि उत्पादों के विपणन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

# प्रदेशभर में 5 करोड़ की मिलावटी सामग्री जब्त, 3 करोड़ की सामग्री नष्ट

लखनऊ, 17 अक्टूबर। त्योहारों के अवसर पर आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर जारी ह्यदीपावली विशेष अभियान (8 से 17 अक्टूबर 2025)ह्न के तहत प्रदेशभर में प्रवर्तन दलों द्वारा निरंतर निरीक्षण और छापेमारी की जा रही है।
आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 6075 निरीक्षण करते हुए 2740 छापे डाले गए, जिनमें से 3767 नमूने संग्रहीत किए गए हैं। इस दौरान 3548 क्विंटल सामग्री जब्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य ड्ढ4.97 करोड़ है, जबकि 1871 क्विंटल सामग्री नष्ट कराई गई, जिसकी कीमत ड्ढ2.89 करोड़ आँकी गई है।

### लखनऊ और बिजनौर में बड़ी करवाई

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हुई प्रमुख कार्यवाहियों में लखनऊ, वाराणसी, आजमगढ़, सम्भल, गाजीपुर, बाराबंकी, मुरादाबाद, कन्नौज, बिजनौर, कानपुर नगर, आगरा, मेरठ, गोरखपुर, झांसी, गाजियाबाद और रामपुर शामिल हैं। लखनऊ में सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए

## नशा तस्करों के खिलाफ थाना कालांवाली पुलिस की कार्रवाई

04 किलो 683 ग्राम डोडा चूरा पोस्त सहित गदराना से आरोपी काबू

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत सख्त कार्यवाही करते हुए थाना कालांवाली पुलिस ने गदराना से एक आरोपी को 04 किलो 683 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र बीकर सिंह निवासी गदराना के रूप में हुई है' इस मामले के बारे में प्रबंधक थाना कालांवाली पीएसआई सुनील कुमार ने बताया कि पीएसआई सतपाल अपनी पुलिस पार्टी के साथ गस्त पड़ताल अपराध व नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर गांव गदराना में नहर पटरी पर नाकाबंदी के दौरान मौजूद थे कि उन्हें एक नौजवान लड़का अपने दाहिने हाथ में एक कट्टा प्लास्टिक लिए हुए आता दिखाई दिया । जो पुलिस की गाड़ी को देखकर वापस मुड़कर जाने लगा । जो पीएसआई ने किसी अपराध का अंदेशा होने पर शक की बिनाह पर साथी कर्मचारियों की सहायता से उक्त शख्स को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गुरप्रीत सिंह निवासी गदराना बताया । जो उक्त शख्स गुरप्रीत की राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जे से डोडा पोस्त बरामद होने पर उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की गई । पकड़े गये गुरप्रीत सिंह को अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड हासिल कर गहनता से पूछताछ कर इस नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।




## परिषद ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम मास्टर कृष्ण भगवान नागपाल को समर्पित किया

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख**

जैतो, : समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद इकाई जैतो द्वारा आज परिषद भवन में गुरु और शीश की परंपरा को दर्शाते हुए गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम मास्टर कृष्ण भगवान नागपाल को समर्पित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम के प्रोजेक्ट चेयरमैन सुनील सिंगला थे, जबकि इस कार्यक्रम में पंजाब दक्षिण के गुरु वंदन छात्र अभिनंदन प्रभारी श्री रमेश चुचरा फाजिल्का से विशेष रूप से पधारे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैतो के प्रसिद्ध उद्योगपति भीम सैन जिंदल थे, जिन्होंने परिषद की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि भारत विकास परिषद समय-समय पर मानवता की सेवा करती रहती है। इसके अलावा, भारतीय संस्कृति को जीवित रखने के लिए भारत विकास परिषद द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मंच की भूमिका सुरिंदर माहेश्वरी ने निभाई। यह जानकारी परिषद के पीआरओ रुलिया राम सिंगला ने दी।कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष मोहन लाल जिंदल एल.आई.सी. वाले, सचिव कृष्ण मित्तल, कैशियर प्रवीण कांसल के अलावा भारत विकास परिषद के आल प्रोजेक्ट चेयरमैन सतीश गोयल, प्रदेश सदस्य प्रह्लाद राय गर्ग, जगदीश बांसल, मेजर सिंह, चंद्र कुमार अग्रवाल, जसवीर सिंह धारीवाल, उपाध्यक्ष संजय मित्तल, नरेश कुमार गोयल, राजीव गोयल बिट्टू बादल, मेजर सिंह, सिलाई सेंटर प्रभारी ममता जिंदल मौजूद रहे।



## फिरोजपुर रेल मंडल के आर.पी.एफ. ने 143 बच्चों को परिवार से मिलवाया व 43 लाख रुपए से अधिक का सामान लौटाया

**समाज जागरण**

जैतो, (रघुनंदन पराशर ):फिरोजपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने इस वित्त वर्ष के अप्रैल से सितम्बर माह के दौरान यात्रियों का खोया लगभग 43 लाख रुपए का सामान उनके मालिकों को वापस कराया। इसके साथ ही ट्रेनों में चोरी करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। आरपीएफ की ओर से यात्रियों की सुरक्षा और संवेदनशील सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई ऑपरेशन चलाए गए। इन ऑपरेशनों के तहत आरपीएफ द्वारा की गई कार्रवाईयों का विवरण निम्नानुसार है : ऑपरेशन अमानतः- आरपीएफ द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत 361 मामलों में खोया हुआ सामान खोजकर यात्रियों को वापस लौटाया गया। कुल मूल्य ₹ 43,83,374/- रहा, जिसमें लैपटॉप, मोबाइल, बैग, पर्स और अन्य कीमती सामान शामिल हैं।ऑपरेशन नन्हे फरिश्तेः- आरपीएफ ने लापता, घर से भागे या अपहत बच्चों को उनके परिवार से मिलाने के लिए ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते चलाया। इस अभियान में 143 बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंपा गया।ऑपरेशन जन जागरणः- रेलयात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आरपीएफ ने 235 ड्राइव चलाए। इन ड्राइव के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करने, रेलगाड़ियो अथवा स्टेशन परिसर में कोई लावारिस वस्तु दिखने या कोई अपराधिक गतिविधि दिखने पर रेलवे को सूचित करने, बिना उचित कारण के ट्रेन पुलिंग न करने, नशा खुरानी से बचाव आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। मुहिम के दौरान करीब 535 यात्रियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस मुहीम के तहत 351 अनाधिकृत व्यक्तियों के गिरफ्तार किया गया।ऑपरेशन दस्तकः- इस अभियान के तहत आरपीएफ ने रेलवे स्टेशनों पर अनाधिकृत फेरीवालों और विक्रेताओं के खिलाफ 235 मामलो में कार्यवाही की गई और उनसे ₹ 48,500/- का जुमार्ना वसूल किया गया।



## फरीदकोट में 113492 मीट्रिक टन धान की खरीदः डी.सी. पूनमदीप कौर

किसानों को अब तक 182.70 करोड़ रुपये प्रदान किए जा चुके हैं। करोड़ों रुपये का भुगतान

**समाज जागरण**

जैतो , (रघुनंदन पराशर ):उपायुक्त महोदया पूनमदीप कौर ने बताया कि जिले की धान मंडियों में खरीद विभाग का कार्य लगातार जारी है और कल शाम तक विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा एजेंसियों से 113492 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि धान उठान का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों को 182.70 लाख रुपये प्रदान किए जा चुके हैं। करोड़ों रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

उपायुक्त ने जिले के किसानों से अपील की कि वे पूरी तरह से सूखा धान ही मंडी में लाएँ ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने किसानों से पराली न जलाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की भी अपील की। इस संबंध में आगे जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक एस. गुरजीत सिंह ने बताया कि कल शाम तक मंडियों में धान की आपूर्ति पूरी हो गई थी। खरीद विभिन्न एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार पनग्रेन ने 42647 मीट्रिक टन, मार्कफेड ने 36895.87 मीट्रिक टन, पनसप ने 19625.63 मीट्रिक टन, पंजाब राज्य सरकार सहित विभिन्न एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार। निगम ने 14125 मीट्रिक टन और निजी व्यापारियों ने 198 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। उन्होंने कहा कि अब तक जिले में कुल 51365 मीट्रिक टन धान का उठान पूरा हो गया है।

## कार्तिक माह में भगवान नारायण करते हैं जल में निवास : स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो**

जैतो,: श्री कल्याण कमल आश्रम हरिद्वार के अनंत श्री विभूषित 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज ने कार्तिक महोत्सव दौरान कहा कि कार्तिक समान कोई महीना नहीं होता है और कार्तिक माह की एकादशी का तो और भी बहुत ज्यादा महत्व है। हर एकादशी ही वैसे तो श्रेष्ठ होती है, मगर कार्तिक की एकादशी का विशेष महत्व होता है। महाराज जी ने कहा कि कार्तिक माह में भगवान नारायण जल में निवास करते हैं। अर्थात जो कार्तिक माह में जो लोग नित्य-प्रतिदिन स्नान करते हैं उन्हें जल में विराजमान भगवान का आशीर्वाद मिलता रहता है। महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज ने यह विचार श्री राम भवन में आयोजित वार्षिक कार्तिक महोत्सव के ग्यारहवें दिन एकादशी मौके श्रद्धालुओं के विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्तिक माह की महिमा सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि तप में बहुत बड़ी शक्ति होती है। पहले के दौर में राक्षस तक शक्तियां अर्जित करने के लिए तप किया करते थे। हालांकि राक्षस अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल करते थे। मगर वो अपने तप से कभी अडिग नहीं होते थे। जिस देवी-देवता को प्रसन्न करने के लिए वो तप करते थे, फिर चाहे शरीर की बोटी-बोटी ही क्यों न अर्पण कर देनी पड़े वो अंतिम स्वांस तक तप करते थे। मगर आज के लोग तप नहीं करते, जिस कारण 30 की उम्र के बाद ही शरीर कमजोर होने लगता है। शरीर ढलना शुरू हो जाता है। तप करने से, ध्यान लगाने से एक तो शरीर मजबूत रहता है। दूसरा भगवद् प्राप्ति होती है। इससे दोनों ही लाभ प्राप्त होते हैं। मगर आज मनुष्य की कमजोरी ये है कि न तो वो भगवद् प्राप्ति के लिए तप करने की चेष्ठा कर रहा है और न ही शारीरिक बल पाने के लिए। मगर आज बहुत कम लोग है जो तप करते हैं, आसन करते हैं। सही बात तो यह है कि शारीरिक रोग सिर्फ आसन करने से और तप करने से ही दूर होंगे। शरीर कसरत किए बिना गठीला और मजबूत नहीं होता। इसलिए रोजाना ब्रह्म मुहुर्त में कुछ समय कसरत, आसन और तप के लिए जरुर निकालें। महाराज जी ने पूजन सामग्री पर चर्चा करते हुए कहा कि पूजा में सोलह प्रकार की सामग्री होती है। आह्वान करना अर्थात भगवान को बुलाना, आसन देना, भगवान को जल अर्पण करना, आचमन देना, भगवान को स्नान कराना, वस्त्र पहनाना, जनेऊ धारण करवाना, चंदन लगाना, धूप-दीप, नेवेद्य, तांबुल अर्पण करना, अंत में परिक्रमा करना आदि मुख्य हैं। इस तरह से भगवान को प्रसन्न किया जाता है। महाराज जी ने मैं दीवानी तेरी तू है मोहन मेरा, छोड़ दी अपनी कश्ती तेरे नाम पे, अब किनारे लगाना तेरा काम है... भजन सुनाकर श्रद्धालुओं के मन को भाव-विभोर कर दिया। भाई रमन जैन ने कहा कि आने वाले त्योहार कार्तिक मास का ह्दय हैं। जो भी भक्त अभी तक कार्तिक मास कथा श्रवण करने नहीं पहुंच सका है, अगर वो आने वाले त्योहार धनतेरस, दीपावली, भैय्या दूज, गोवर्धन पूजा सहित अन्य पर्वों मौके कथा श्रवण करता है तो भी उसे बड़ा पुण्य मिलता है। कथा के ग्यारहवें दिन प्रसाद वितरण की सेवा ज्ञान देवी, विकास राजपूत-अनिता राजपूत समस्त राजपूत परिवार एवं डा. सुरेंद्र मोहन भंडारी-वीणा भंडारी समस्त भंडारी परिवार द्वारा की गई। इस मौके बड़ी गिनती में श्रद्धालु उपस्थित थे जिन्होंने महाराज जी का तिलक-पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।



## भारत ही नहीं पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में भी मनाया जाता है धनतेरस!

भगवान धन्वंतरि वैद्य से जुड़ा है धनतेरस का एतिहास।

**सुनील कुमार श्रीवास्तव**
**समाज जागरण**




सिद्धार्थनगर। आज धनतेरस है जो कि भारत ही नहीं पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में भी धनतेरस और दीपावली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने की परंपरा चली आ रहे हैं, नेपाल में धनतेरस इसलिए मनाया जाता है,क्योंकि यह तिहाड़,नेपाल का दीपावली,का पहला दिन है, जो भगवान धन्वंतरि और देवी लक्ष्मी का सम्मान करता है। माना जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश के साथ भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे, इसलिए इसे आरोग्य और स्वास्थ्य के लिए शुभ माना जाता है। इसके अलावा, यह देवी लक्ष्मी के प्रकट होने का दिन भी है, जो धन और समृद्धि की देवी हैं। इस दिन नए बर्तन, सोना और चांदी जैसी शुभ वस्तुएं खरीदने की परंपरा है, धार्मिक ग्रंथो के अनुसार समुद्रं मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि जब अपने हाथों से अमृत कलश लेकर निकले थे, उस दिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि थी। इसलिए इस दिन को धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करने से आरोग्य सुख की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं धनतेरस का पर्व क्यों मन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इस तिथि को समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इस वजह से इस तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी तिथि के नाम से ही जाना जाता है। भगवान धन्वंतरि के अलावा इस दिन माता लक्ष्मी, धन के देवता कुबेर और मृत्यु के देवता यमराज की भी पूजा की जाती है। इस दिन दीपावली का पर्व शुरू हो जाता है और इस दिन सोना-चांदी या नए बर्तन खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं धनतेरस क्यों मनाया जाता है और इसकी कहानी क्या है। चिकित्सा विज्ञान का किया था प्रचार, भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को ही सबसे बड़ा धन माना गया है, और इस दिन को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंश माना जाता है और इन्होंने ही संसार में चिकित्सा विज्ञान का प्रचार और प्रसार किया। इस दिन घर के द्वार पर तेरस दीपक जलाए जाने की प्रथा है। धनतेरस दो शब्दों से मिलकर बना है - पहला धन और दूसरा तेरस जिसका अर्थ होता है धन का तेरह गुना। भगवान धन्वंतरि के प्रकट होने के कारण इस दिन को वैद्य समाज धन्वंतरि जयंती के रूप में मनाता है। इसलिए मनाया जाता है धनतेरस का पर्व शास्त्रों में वर्णित कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। जिस तिथि को भगवान धन्वंतरि समुद्र से निकले, वह कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि थी। भगवान धन्वंतरि समुद्र से कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है।

## पूर्व में तैनात रहे एसडीओ के दो लाल, वही थे सबसे बड़े दलाल

पूर्व में तैनात रहा विद्युत वितरण खंड प्रथम में एसडीओ अभिनव श्रीवास्तव ने उपभोक्ताओं की जेब पर डाला डाका

बिल रिवीजन के खेल को खेलकर करोड़ों रुपए वसूलकर गैर जनपद में दे रहा है अपनी सेवा

लाखों रुपए वसूलने के बावजूद भी उपभोक्ताओं का जुड़कर आ रहा है बिल

अभिनव श्रीवास्तव की तैनाती पर उनकी पर्सनल आईडी से लाखों के बिल हुए वारे न्यारे

गहनता से होगी जांच तो अभिनव श्रीवास्तव को जाना पड़ सकता है जेल की सलाखों के पीछे

जल्द ही खुलेगा उपभोक्ताओं के कनेक्शन नंबर समेत वसूली की गई रकम की राशि

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं, वहीं इन दिनों उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। अभी बीते दिन विद्युत वितरण खंड प्रथम के यहां तैनात एसडीओ व उनके एक लाल को प्रयागराज की एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों ड्र10000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है, जिसकी कार्रवाई थरियांव में दर्ज की गई है। हालांकि लोग बताते हैं कि विद्युत विभाग से बड़ा भ्रष्ट विभाग कोई नहीं है। विद्युत वितरण खंड प्रथम में अभी चार माह पूर्व तैनात रहे एसडीओ अभिनव श्रीवास्तव ने विद्युत वितरण खंड प्रथम में आने वाले क्षेत्र के लोगों से अपने दलालों को लगाकर जिन उपभोक्ताओं का बिल बड़ी मात्रा में बकाया था उन उपभोक्ताओं को बिजली बिल रिवीजन का लालच देकर उनसे मोटी रकम लेकर अपनी सरकारी आईडी से बिल रिवाइज करने का काम किया है। उपभोक्ताओं को यह बताया गया कि लाखों का बिल हजारों में खत्म किया गया है परंतु उपभोक्ताओं को यह नहीं मालूम था कि रिवाइज किया गया बिल पुनः जुड़कर कभी आ भी सकता है। अब जब उपभोक्ताओं के बिल पुनः जुड़कर आने लगे तो उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। हालांकि इस मामले में न तो विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता व जेई भी अछूते नहीं है, कहीं न कहीं जेई, लाइनमैन की भी रिपोर्ट इन विद्युत बिल रिवीजन पर लगी हुई है। कई उपभोक्ताओं ने जब विद्युत विभाग के चक्कर लगाए तो पता चला कि एसडीओ साहब अपना ट्रांसफर करवाकर प्रतापगढ़ के रानीगंज में पोस्ट हो चुके हैं। विद्युत वितरण खंड प्रथम में बैठे एक्सईएन व जेई उपभोक्ताओं से अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

हालांकि उपभोक्ताओं ने मन बनाया है कि उनका तो पैसा भी चला गया और बिल भी जुड़करके आ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि पूर्व में तैनात रहे एसडीओ अभिनव श्रीवास्तव की आईडी से रिवीजन किए गए बिल को लेकर अब वह उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री तथा विद्युत विभाग के चेयरमैन से इस मामले की लिखित शिकायत करेंगे। वहीं उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि विद्युत विभाग में एसडीओ की पोस्ट पर एक डकैत की पोस्टिंग की गई थी जो गरीब उपभोक्ता की गाढ़ी कमाई को लेकर गैर जनपद स्थानांतरण कराकर बैठा हुआ है। विद्युत विभाग ने भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। एंटी करप्शन टीम द्वारा वर्तमान में तैनात रहे एसडीओ व उनके लाल पर तो कार्यवाही कर दी गई है परंतु पूर्व मैं तैनात रहे एसडीओ के ऊपर जल्द ही शासन से कार्रवाई होना तय है क्योंकि अपनी जेब भरने के नाम पर सरकार का करोड़ों का लगा चुके हैं चुना। एंटी करप्शन टीम को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर रंगे हाथ पकड़ाने वाले उपभोक्ता विकास भदौरिया के इस साहस से उपभोक्ताओं ने अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा लेकर भागने वाले एसडीओ अभिनव श्रीवास्तव के ऊपर कार्यवाही कराने के साथ अपना दिया हुआ पैसा वापस लेने का साहस जुटा लिया है, जिसकी शिकायत वह जल्द ही करने जा रहे हैं तथा जितने दिन भी जनपद में एसडीओ साहब की तैनाती रही है उतने दिन की वह विद्युत बिल रिवीजन की उनकी आईडी से रिवाइज किए गए बिल की जांच करा कर उनको भी जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम उपभोक्ता करेंगे।

## पुलिस आरक्षी को अवकाश देते पुलिस कप्तान डा.अभिषेक महाजन।

अवकाश बना आरक्षी के जीवन का यादगार पल।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। तस्वीर में दिख रहे खाकी वर्दी में ये कोई साधारण पुलिसकर्मी नहीं हैं जो कि खड़े होकर दीवाल पर कागज रखकर कुछ लिख रहे हैं, बल्कि ये जनपद के तेज तर्रार पुलिस कप्तान डाक्टर अभिषेक महाजन हैं, और यह तस्वीर उस पल का चश्मदीद गवाह बना, और यह पल पुलिस के एक आरक्षी को शायद जीवन भर याद रहेगा, आगे विस्तृत रिपोर्ट में देखिए कि यह पल पुलिस के एक आरक्षी को जीवन भर कैसे याद रहेगा। बताते चलें कि पुलिस कप्तान डॉक्टर अभिषेक महाजन अपने पुलिस ऑफिस से निकल कर विभागीय मीटिंग में जा रहे थे, कि उनकी नजर सामने से आ रहे एक आरक्षी पर पड़ी, तो वे तत्काल वहीं पर रुक गए, और वे आरक्षी से जानकारी लिए की आरक्षी किस काम से उनके पास आ रहा है, आरक्षी ने कप्तान साहब को अवकाश लेने का कारण बताते हुए अवकाश की मांग किया, इतने में कप्तान साहब मानवता की मिसाल पेश करते हुए दरियादिली दिखाए और बिना ऑफिस में गए, बिना कुर्सी मेज का सहारा लिए ही, वहीं पर खड़े होकर दीवाल पर अवकाश का कागजात रखकर तुरंत आरक्षी को अवकाश दे दिए। बताते चलें कि कप्तान साहब के इस विचारधारा की जितनी भी सराहना की जाए उतनी ही कम है, क्योंकि जनपद के ये ऐसे पहले पुलिस कप्तान हैं, जोकि समय-समय पर अपने कुशलकार्यों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं, न्याय प्रिय विचारधारा और शासनादेश के अनुसार कार्य करने को लेकर जनपद वासियों के दिलों में ये अजब मुकाम बनाये हुए हैं। बताते चलें कि कप्तान साहब की संवेदनशीलता की यह तस्वीर जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई कि बुद्धिजीवीयों में कप्तान साहब के प्रति अटूट प्रेम देखने को मिला, और लोगों ने कप्तान साहब का खूब जमकर सराहना भी किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कप्तान साहब शासनादेश और पुलिस विभाग के नियम के अनुसार कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को समय-समय पर पुरस्कृत भी करते हैं, लेकिन कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को कत्तई नहीं बख्शते हैं। इसी वजह से कप्तान साहब के प्रति काफी लोकप्रियता देखने को मिल रही है।

## भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शहीद स्मारक पर जलाया दीप

देश की रक्षा में बलिदान देने वाले जवानों को याद रखना हम सबका कर्तव्य

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः दीपावली की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को शहीद स्मारक परिसर में समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अमर जवानों के सम्मान शहीद स्मारक में दीप प्रज्वलित किया। शेफाली गुप्ता ने कहा कि हमारे सैनिक कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं। चाहे तपती गर्मी हो, कड़कड़ाती ठंड या भारी वर्षा, वे दिन-रात राष्ट्र की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। दीपावली जैसे पर्व पर जब पूरा देश अपने परिवार के साथ खुशियां मना रहा होता है, तब हमारे सैनिक सीमा पर डटे रहते हैं। ऐसे में हर नागरिक का यह नैतिक दायित्व है कि वह एक दीया शहीदों के नाम अवश्य जलाए और उनके त्याग को नमन करे।

उन्होंने आगे कहा कि यह छोटा-सा प्रतीकात्मक कार्य न केवल हमारे सैनिकों के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करता है, बल्कि समाज में राष्ट्रभक्ति और कृतज्ञता की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली की रात अपने घरों में एक दीप अमर शहीदों की याद में जरूर जलाएं ताकि उनका बलिदान सदैव अमर रहे। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता भी उपस्थित हुए। सभी ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र की सेवा में प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं और समाजसेवियों ने भी एक स्वर में कहा कि देश के वीर सपूतों के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। इसलिए उनके त्याग को याद रखना और सम्मान देना हम सबका धर्म है। दीपावली पर आयोजित इस कार्यक्रम ने देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। पूरे शहीद स्मारक परिसर में जलते दीपों की रोशनी से वातावरण भावनात्मक और गौरवपूर्ण बन गया।



## नई दिल्ली में आयोजित"आदि कर्मयोगी अभियान" के तहत आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव में प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा हुए शामिल

हजारीबाग जिला को "धरती आबा जनभागीदारी अभियान" में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला के रूप में सम्मानित किया गया।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित "आदि कर्मयोगी अभियान" के तहत नेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू थी। नई दिल्ली में आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव में प्रशिक्षु आईएएस श्री आनंद शर्मा ने हजारीबाग का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर हजारीबाग के इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए "सर्टिफिकेट ऑफ एचिवमेंट" से सम्मानित किया गया। हजारीबाग को ्धरती आबा जनभागीदारी अभियान को लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला्व का पुरस्कार मिला है। आदि कर्मयोगी अभियान" के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव में आदिवासी कल्याण, सशक्तिकरण व समावेशी विकास के क्षेत्र में हजारीबाग जिला के प्रयासों को सराहा गया।

इन्हें "उत्कृष्ट प्रदर्शन" एवं "महत्वपूर्ण योगदान" के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

## जलालाबाद में सभासद और मां पर हमला, हुए घायल

जमीनी विवाद में दबंगों ने पीटा, पुलिसकर्मी की मौजूदगी में वारदात

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर/ जलालाबाद में नगर पालिका सभासद संतोष शर्मा और उनकी विधवा मां पर हमला हुआ है। यह घटना कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की मौजूदगी और सहयोग में हुई, जिसका फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। यह हमला मोहल्ला जमदग्नि नगर में जमीनी विवाद को लेकर हुआ। सभासद संतोष शर्मा और उनकी मां को दबंगों ने पीटा, जिससे वे घायल हो गए। आरोप है कि जलालाबाद कोतवाली का एक पुलिसकर्मी इस दौरान मौजूद था और उसने हमलावरों का साथ दिया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई शुरू करती है

खबर शुक्रवार दिन के 1:00 की है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि हमलावर सभासद को पीट रहे हैं और पुलिसकर्मी उनके साथ खड़ा है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से दोषी पुलिसकर्मी और हमलावरों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव तोमर ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे बताया कि पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। उनकी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज



# मदरसा की जमीन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

### दर्जनों घायल, पुलिस ने शुरू की जांच

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग**



कटकमदाग थाना क्षेत्र के बनहा गांव स्थित मदरसा मजहरुल उलूम और जामा मस्जिद की जमीन को लेकर शुक्रवार सुबह दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जमीन पर कथित कब्जा करने के प्रयास को लेकर शुरू हुए विवाद ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों ओर से लाठी-डंडे और पत्थरबाजी हुई, जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में जारी है। मदरसा पक्ष की ओर से मो. नोजाम (पिता कैलू मियां) ने कटकमदाग थाना में दर्ज शिकायत में बताया कि 14 अक्टूबर की सुबह करीब 7:15 बजे उन्हें सूचना मिली कि मदरसा की जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इसके बाद वे अंजुमन के सदर मो. मुतुर्जा, सचिव मो. अख्तर, मो. बाबर और मो. मिनहाज के साथ मौके पर पहुंचे। मदरसा पक्ष का आरोप है कि जब उन्होंने मो. हामिम (पिता रसुकी मियां) और उसके परिवार से पूछताछ की, तो बहस शुरू हो गई। जल्द ही मामला हिंसक हो गया और मो. हामिम के सहयोगियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में अंजुमन के सदर मो. मुतुर्जा गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। बचाव में आए अन्य लोगों पर भी पथराव किया गया, जिससे कई ग्रामीण भी घायल हुए। दूसरे पक्ष की ओर से कहा गया कि उन्होंने यह जमीन वैध रूप से जमीन मालिक से खरीदी है और उसी पर चारदीवारी निर्माण कर रहे थे। उनका आरोप है कि जब उन्होंने मदरसा पक्ष से जमीन के दस्तावेज मांगे, तो विवाद बढ़ गया और ग्रामीणों ने उन पर हमला कर दिया। मदरसा अंजुमन के सदर मो. मुतुर्जा ने दावा किया कि विवादित भूमि वक्फ बोर्ड की संपत्ति है और मदरसा के नाम पर दर्ज है। उन्होंने कहा कि भूमि से जुड़े सभी वैध दस्तावेज उनके पास हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हमला पूर्व-नियोजित था और अंजुमन के सदस्यों की जान लेने की कोशिश की गई। घटना की जानकारी मिलते ही कटकमदाग थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने थाने में आवेदन दिया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह भूमि विवाद से जुड़ा मामला है, जिसकी निष्पक्ष जांच की जाएगी।

मदरसा पक्ष से घायलः मो. नेजामुद्दीन, मो. गुलाम मुतुर्जा (सदर, बनहा अंजुमन), मो. सोहैल, मो. रसीद, मो. मिनहाज । दूसरे पक्ष से घायलः मो. हासिम मो. हसन, हामिद रजा, कविजा खारुन, गुलशन फातमा सामिल है दोनों पक्षों ने प्रशासन से न्याय की मांग की है। मदरसा प्रबंधन ने वक्फ बोर्ड से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है ताकि धार्मिक संपत्ति की रक्षा हो सके और शांति बनी रहे।

# सेवंती के हत्यारों को फांसी की मांग, ग्रामीणों ने निकाली कैंडल यात्रा

**पंकज कुमार पाठक,**
**संवाददाता पदमा, समाज जागरण**




पदमाः प्रखंड के रोमी चौक से पदमा ओपी तक शुक्रवार की शाम ग्रामीणों ने मृतका सेवंती कुमारी की आत्मा की शांति एवं हत्यारों को सजा दिलाने की मांग को लेकर कैंडल यात्रा निकाली। हाथों में मोमबत्तियाँ और बैनर लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे। ग्रामीणों ने हत्यारे मुकेश मेहता के परिवार के सामाजिक बहिष्कार की बात कही। गौरतलब है कि बीते 9 अक्टूबर को बंदरबेला निवासी सेवंती कुमारी की हत्या उसके पति मुकेश कुमार द्वारा की गई थी। हत्या के बाद उसने घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया था, लेकिन परिजनों के संदेह और पुलिस की तत्परता से मामला जल्द ही उजागर हो गया। पुलिस अनुसंधान में मुकेश कुमार ने बीमा की राशि हासिल करने के उद्देश्य से पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की थी। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि सेवंती को न्याय दिलाने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने दोषियों पर शीघ्र कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में मनाया गया विश्व एंडोडोंटिक्स दिवस

### इस तरह के आयोजन से छात्रों में अकादमिक समझ को बढ़ता है, उन्हें अपने पेशे के प्रति अधिक जागरूक और प्रेरित भी करते हैं - डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**






हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग ने विश्व एंडोडोंटिक्स दिवस बड़े उत्साह और भागीदारी के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक दांतों को बचाने में एंडोडोंटिक्स के महत्व को उजागर करना और छात्रों को रूट कैनाल थेरेपी के पीछे की कला और विज्ञान का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस समारोह में कई आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें स्नातक छात्रों के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता, "केस का अनुमान लगाओ" प्रतियोगिता और स्नात कोत्तर छात्रों के लिए एक रचनात्मक रील-मेकिंग प्रतियोगिता शामिल थी। इन आयोजनों ने छात्रों को अपनी रचनात्मकता, नैदानिक कौशल और विशेषज्ञता के प्रति जुनून दिखाने का एक मंच प्रदान किया। बीडीएस अंतिम वर्ष के छात्रों ने प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे समारोह में जीवंतता और उत्साह का संचार हुआ। साथ ही मुख्य आकर्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह था, जहाँ हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ श्रीकृष्ण एवं उप-प्राचार्य डॉ. अंकुर भार्गव ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और अपने उत्साहवर्धक शब्दों से उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों की अकादमिक समझ को बढ़ाते हैं, उन्हें अपने पेशे के प्रति अधिक जागरूक और प्रेरित भी करते हैं। कार्यक्रम ने कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडोंटिक्स विभाग की टीम सामुहिक प्रयास और समर्पण की भावना को सफलतापूर्वक प्रतिबिंबित किया, जो छात्रों को नैदानिक दंत चिकित्सा और रोगी देखभाल में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता रहता है। कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडॉन्टिक्स विभाग डॉ. शाज़िया महरीन ने आयोजन सराहनीय योगदान दी। कार्यक्रम का समापन सभी संकाय सदस्यों, छात्रों और आयोजकों को इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# शहीदों के सम्मान में आस्था के साथ प्रज्वलित हुआ "आपका एक दीया शहीदों के नाम"

### आरंभ बैण्ड की देशभक्ति प्रस्तुति और स्थानीय कलाकारों के गीतों पर खूब झूमे लोग, देशभक्ति नारों से गुंज उठा परिसर, तो देशभक्ति थीम पर आधारित कई सेल्फी प्वाइंट और रंगोली रहा आकर्षण का केंद्र।

### झारखंड प्रांत के किसी जिले में नहीं देखा ऐसा आयोजन, शहीदों के सम्मान में अनूठी पहलः अमित आनंद

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**






हजारीबागः दीपावली पूर्व गुरुवार की शाम को स्थानीय परिसदन के समक्ष अवस्थित शहीद स्मारक स्थल में लगातार 9वें वर्ष हर्षोल्लास के साथ "आपका एक दिया शहीदों के नाम" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम से पूर्व यहां प्रति वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी पहले लगातर दो दिनों तक पूरे स्मारक स्थल को साफ- सफाई कर स्वच्छ बनाया गया, तत्पश्चात शाम ढलते ही हजारों दीयों की दीपमालाओं से इसे रौशन किया गया और शहीदों की शहादत को याद किया गया। आस्था के साथ शहीदों की याद में जब एक साथ हजारों दीये जगमगाए तो चहुंओर शौर्य और उजास छा गया। दीपों से प्रस्फुटित होती रोशनी प्रत्येक चेहरे पर गर्व की अनुभूति करा रही थी। सभी के दिलों में शहीदों के प्रति अपार सम्मान व कृतज्ञता का भाव झलक रहा था। शहीद स्मारक परिसर को उनकी यादों में रोशन किया गया, जिनके बलिदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता ।

**शहीद परिवारों का हुआ सम्मान, बरही विधायक, सदर एसडीपीओ सहित कई गणमान्य हुए शामिल**

विशेषरुप से शहीद सुभाष सौरव बारला की मां पूनम बारला, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के पिता अजिंदर सिंह बक्शी और शहीद संदीप पाल के पिता जयनंदन कुमार पाल और भाई मनीष पाल सहित बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज कुमार यादव, सदर एसडीपीओ अमित आनंद (आईपीएस), समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, सांसद सुपुत्र करण जायसवाल, वरिष्ठ समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, भैया अभिमन्यु प्रसाद, आनंद देव, मैंगो मेन मनोज गुप्ता, केपी ओझा, सुदेश चंद्रवंशी, दिनेश सिंह राठौड़, हरीश श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, अर्जुन साव, मुनींद्र शर्मा, सत्येंद्र नारायण सिंह, खोखा सिंह, जुगनू सिंह, रवि भूषण सिन्हा सहित कई अन्य गणमान्य लोग और हजारीबाग के हर उम्र के लोग उपस्थित हुए और आयोजकों का हौसला अफजाई किया। शहीदों के परिजनों ने खुद शहीद स्मारक पर घी के दिए जलाएं और दीपावली पूर्व संध्या अपने-अपने घरों में एक दिया शहीदों के नाम जलाने का अपील समस्त हजारीबाग वासियों से किया। शहीद सुभाष सौरव बारला की मां पूनम बारला ने कहा कि जवान देश के लिए शहीद होता है और जब उनके याद में ऐसा कार्यक्रम आयोजित हो तो दिल प्रफुल्लित हो जाता है। उन्होंने खुद को शहीद की मां बताते हुए फर्क होने की बात कही। बरही विधायक मनोज यादव ने आयोजन की सराहना की और कहा कि रंजन चौधरी और उनकी पूरी टीम ऐसे राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रम आयोजन के लिए बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत के बदौलत ही हम खुली फिजा में स्वछंद सांस ले सकते हैं। उन्हें ऐसे आयोजन के माध्यम से दीपावली पूर्व याद करना मेरे लिए भी सुखद अनुभूति है। आईपीएस अमित आनंद ने कहा कि झारखंड प्रांत के किसी अन्य जिले में मैंने ऐसा आयोजन अबतक नहीं देखा। हजारीबाग का यह आयोजन शहीदों के सम्मान में अनूठा पहल है और इसके लिए आयोजकों का प्रयास बेहद ही सराहनीय है। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि शहीदों के सम्मान में इस कार्यक्रम को यथावत रखना हजारीबाग के लिए गौरव की बात है। आयोजन समिति और अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम के दौरान यहां उपस्थित तीनों शहीदों के परिवारजनों को अंग-वस्त्र ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

दिव्यांग बच्चों और स्थानीय कुम्हारों के दीयों का इस आयोजन में होता है उपयोग स्थानीय शारीरिक और मानसिक दिव्यांग बच्चों के द्वारा भावनाओं के रंग को भरकर तैयार किया गया दीया और स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाए गए दीए का उपयोग कर दीपमालाओं से शहीद स्मारक स्थल को जगमग करते हुए देश के अमर शहीद जवानों की शहादत को याद करने हेतु हजारीबाग शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सभी जाति- धर्म, राजनीतिक दल, सामाजिक और धार्मिक संगठन, पूर्व सैनिकों के अलावे अन्य लोगों को एकजुट कर उनके मन में राष्ट्र प्रेम और शहीदों के प्रति सम्मान जगाना रहा है बाल कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने बांधा समां कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग की प्रसिद्ध आरंभ बैंड एंड अभिजीत साउंड एंड रिकॉर्डिंग स्टूडियो से जुड़े कालाकारों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। बैंड के प्रसिद्ध कलाकारों के ड्रम, पैड और गितार वादकों के साथ छोटी बच्ची कुमारी दित्या ने जब सत्यम शिवम सुंदरम और वंदे मातरम गाया तो लोग मोहित हो गए। प्रसिद्ध बांसुरी वादक शुभी तनवी ने अपने सुरीले बांसुरी के आवाज से देशभक्ति की ऐसी ओज प्रकट की जिससे लोग राष्ट्रभक्ति की भाव में विभोर हो गए। मौके पर आयोजन समिति से जुड़े रंजन चौधरी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के साथ शहीदों के प्रति सजग करना है ताकि शहीदों का समुचित सम्मान हो सके। उन्होंने शहीद स्मारक में दीपाली पूर्व आपका एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम का निर्वहन कर इसे सफल बनाने के लिए आने वाले सभी लोगों को साधुवाद दिया साथ ही सभी से अपील किया कि अपने व्यस्तम दिनचर्या में कभी कभार ही सही लेकिन शहीदों के परिवारजनों का सुध जरूर ले, उनसे मिले और आत्मीय भाव से लगाव रखें। उल्लेखनीय है कि पीछले 9 वर्षों से दीपावली की पूर्व संध्या आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम से हजारों दीपमालाओं की लरियों की रोशनी से जहां शहीद स्मारक रोशन हो उठता था वहीं समाज के हजारों लोग यहां जुटकर अपने नाम का दीया जलाकर देश के अमर शहीद जवानों की शहादत को सलाम करते थे और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस आयोजन में बतौर आयोजक सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि शंकर चंद्र पाठक, युवा पत्रकार रवि कुमार, पत्रकार सागर कुमार, अभिजीत कुमार सोनू हैं।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश रंजन चौधरी ने और धन्यवाद ज्ञापन रवि सिंह ने किया । मौके ओर विशेषरूप से आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य, भाजपा नेता विनोद झुनझुनवाला, दीपू यादव, लब्बू गुप्ता, कृष्णा मेहता, दामोदर प्रसाद, श्री झा, भैया असीम, नवलेश सिंह, महेंद्र राम बिहारी, विशाल वाल्मीकि, इन्द्रनारायण कुशवाहा, जीवन मेहता, हर्ष अजमेरा, अजय दास, डॉ.आनंद शाही, आशेष कुमार सिन्हा, रितेश खंडेलवाल, अनीश सिंह, अरुण राणा, प्रकाश कुशवाहा, मनोरमा राणा, सत्यभामा, ज्योत्सना देवी, वंदना श्रीवास्तव, पूजा, अमित रंजन, खुशबु कुमारी, पिंटू कुमार, बजरंग सिंह, राजेश राणा, अजय पाण्डेय, हैप्पी, आकाश जायसवाल, विजय वर्मा, रामकिशोर सावंत, कैलाश यादव, भानुमति पासवान, मीरा मेहता, विकास रविदास, रूपम ओझा, विशेषांक वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, गिरधारी प्रजापति सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल रहें ।

# इलाज हेतु पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने उपलब्ध कराई 50 हजार की सरकारी मदद

**समाज जागरण कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम हरली निवासी लगभग 60 वर्षीय राम विलास ठाकुर किडनी के गंभीर रोग से ग्रसित हैं। इलाज में अत्यधिक खर्च होने के कारण परिवारजन गरीबी के चलते सही इलाज नहीं करवा पा रहे थे ।जिसकी सूचना बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को दी गई ।अंबा प्रसाद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाज में सहयोग हेतु सरकारी मदद उपलब्ध कराते हुए 50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई।

# सदर विधायक ने किया देशी मसाला रेस्टोरेंट का उद्घाटन,

### स्थानीय युवाओं के आत्मनिर्भर प्रयासों की सराहना

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबाग मेन रोड स्थित इन्द्रलोक टॉवर (थर्ड फ्लोर) पर देशी मसाला रेस्टोरेंट का विधायक प्रदीप प्रसाद ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन की दिशा में किया गया यह प्रयास प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है।

विधायक प्रसाद ने कहा कि यह प्योर वेज रेस्टोरेंट न केवल स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का आकर्षक केंद्र बनेगा, बल्कि यह हजारीबाग में उद्यमिता, गुणवत्ता और सेवा भावना का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। साथ ही उन्होंने रेस्टोरेंट के संचालक अमित जैन और विक्की जैन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आपकी लगन, गुणवत्ता और सेवा भावना से हजारीबाग की पहचान स्वाद और आतिथ्य दोनों में नई ऊँचाइयों तक पहुँचेगी। ऐसे प्रयास न केवल युवाओं को प्रेरित करते हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद, दिनेश चंद्र पाठक, आलोक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व कई गणमान्य और आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपस्थित युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में ऐसे स्थानीय प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमें अपने स्तर पर छोटे-छोटे उद्यमों के माध्यम से रोजगार सृजन और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। अंत में प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग में युवाओं की उर्जा और उद्यम शीलता शहर के विकास की नई दिशा तय कर रही है, और इस दिशा में उनका पूरा सहयोग हमेशा रहेगा।

# धनतेरस के लिए दुकानें सजकर तैयार , प्रखंड में ₹10 करोड़ की कारोबार होने की अनुमान

**समाज जागरण कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**




बड़कागांवः दीपावली धनतेरस को लेकर बड़कागांव प्रखंड में दुकानदारों के द्वारा बिक्री के लिए तैयारी की गई है। ताकि अधिक से अधिक कारोबार किया जा सके।

लगभग सभी जेवर दुकान, बर्तन दुकान, इलेक्ट्रॉनिक दुकान, बाइक शोरूम, के अलावा अन्य दुकान ग्राहकों के लिए सज कर तैयार है । बड़कागांव प्रखंड में इस बार 2025 में बंपर खरीदारी होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पिछले वर्ष 2024 में लगभग 9 करोड़ रूपया का कारोबार हुआ था। परंतु इस वर्ष लगभग 10 करोड़ रूपया की खरीदारी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पिछले लगभग 8 वर्षों से बड़कागांव में धनतेरस की रोज कारोबार में काफी बढ़ोतरी देखने को मिला है। इसका मुख्य वजह एनटीपीसी ,त्रिवेणी सैनिक के अलावा और कोल कंपनियां के आने के कारण कारोबार में वृद्धि हुई है। विशेष दुकानों के ऊपर अगर नजर डाले तो राजधानी वस्त्रालय ,गायत्री वस्त्रालय , बजाज शोरूम, हीरो शोरूम, टीवीएस शोरूम, लवली म्यूजिक, न्यू स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रदीप ज्वेलर्स एंड प्रियंका बर्तन भंडार, आरपी ज्वेलर्स ,लक्ष्मी अलंकर ज्वैलर्स, सूरज ज्वेलर्स, अलंकृत ज्वेलर्स, पूजा ज्वैलर्स, बर्तन घर के अलावा अन्य संस्थानो एवं दुकानों में धनतेरस की धूम रहेगी।

# राज्य स्तरीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

### झारखंड के विभिन्न जिलों ने दिखाया दमखम

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक**
**समाज जागरण हजारीबाग।**




रांचीःस्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता का समापन खेलगांव स्थित हरिवंश राय ताना भगत स्टेडियम में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक अरविंद विजय बिलूंग , विशिष्ट अतिथि जेसीईआरटी के उपनिदेशक प्रदीप चौबे को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए. सोरेंग द्वारा पौधा, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में बिलुंग ने कहा खेल को आगे बढ़ाने के लिए खेलो झारखंड अब एक बड़ा मंच बन चुका है। खेल की दुनिया में अपना परचम लहराने के लिए खिलाड़ियों को 24 घंटे अनुशासनपूर्वक कार्य करते हुए निरंतर अभ्यास करना होगा। सफलता का एकमात्र मार्ग अनुशासन ही है। वहीं जेसीईआरटी उपनिदेशक श्री प्रदीप चौबे ने कहा कबड्डी इस धरती का सबसे प्राचीन खेल है। भगवान श्रीकृष्ण भी इसे खेलते थे। यह गर्व की बात है कि आप उस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं जिसकी जड़ें लगभग 4000 वर्ष पुरानी हैं। कार्यक्रम के स्वागत भाषण के दौरान राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा खेलो झारखंड के माध्यम से शिक्षा विभाग का सपना अब साकार होता दिख रहा है। राज्य के कोने-कोने से खिलाड़ियों ने जिस उत्साह और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ भाग लिया है, वह वाकई काबिले-तारीफ है।

फाइनल मुकाबलों का परिणाम

विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने जिलों के लिए खिताब जीतेः अंडर-14 बालिका वर्ग में विजेता गढ़वा उपविजेता गोड्डा द्वितीय रनर-अप चतरा अंडर-14 बालक वर्ग में विजेता गढ़वा उपविजेता चतरा द्वितीय रनर-अप दुमका अंडर-17 बालिका वर्ग विजेता रांची उपविजेता पाकुड़ द्वितीय रनर-अप रामगढ़ अंडर-17 बालक वर्ग विजेता चतरा उपविजेता गुमला द्वितीय रनर-अप गढ़वा अंडर-19 बालिका वर्ग विजेता रांची उपविजेता पाकुड़ द्वितीय रनर-अप रामगढ़ अंडर-19 बालक वर्ग विजेता कोडरमा उपविजेता पूर्वी सिंहभूम द्वितीय रनर-अप बोकारो प्रतियोगिता में उत्कृत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया जिसमें अंडर-14 बालक वर्ग बेस्ट डिफेंडर रोशन कुमार बेस्ट रेडर बादल कुमार मैन ऑफ द सीरीज बादल कुमार अंडर-14 बालिका वर्ग बेस्ट डिफेंडर अंजलि टुडू बेस्ट रेडर रजनी कुमारी वुमन ऑफ द सीरीज रजनी कुमारी अंडर-17 बालक वर्ग बेस्ट डिफेंडर शशि उरांव बेस्ट रेडर अमित कुमार मैन ऑफ द सीरीज अमित कुमार अंडर-19 बालिका वर्ग बेस्ट डिफेंडर नेहा कुमारी बेस्ट रेडर मैरिला टुडू वुमन ऑफ द सीरीज लक्ष्मी धान अंडर-19 बालक वर्ग बेस्ट डिफेंडर रमन कुमार तिवारी बेस्ट रेडर आनंद कुमार मैन ऑफ द सीरीज आनंद कुमार विजेता सभी खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासनिक पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग,तथा खेल कोषांग के सभी सदस्यों ने हृदय से बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी, बेरमो मु० तेनुघाट।**

**शपथ - पत्र**

मैं, नेमियाँ देवी (NEMIYAN DEVI) पति- जगदीश महतो, उम्र लगभग 47 वर्ष, निवास ग्राम- कोठी, पोस्ट- पेंक, थाना- पेंक नारायणपुर, जिला- बोकारो, (झारखण्ड), यह शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि:-

1. यह कि, मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है।
2. यह कि मेरा आधार नं०- 9759 3943 7313 है जिसमें मेरा नाम नेमियाँ देवी (NEMIYAN DEVI) दर्ज है।
3. यह कि, मेरे द्वारा बैंक ऑफ इंडिया बोकारो थर्मल पॉवर स्टेशन शाखा में एक खाता खोला गया है जिसका खाता संख्या- 47971011008817 है जिमसें मेरा नाम नेमिया देवी (NEMIYA DEVI) दर्ज है।
4. यह कि, नेमियाँ देवी (NEMIYAN DEVI) एवं नेमिया देवी (NEMIYA DEVI) दोनों एक ही महिला का नाम है जो मैं स्वंय हुँ।
5. यह कि, यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त बैंक खाते में अपना नाम नेमिया देवी (NEMIYA DEVI) के स्थान पर नेमियाँ देवी (NEMIYAN DEVI) दर्ज करवाने हेतु कर रही हूँ।
6. यह कि, उपरोक्त बातें मेरे कहने पर लिखी गयी है जो सही एवं सत्य है गलत पाये जाने पर सुसंगत धाराओं के तहत मुझपर कानूनी कार्रवाई कि जा सकती है।

SL.NO.6710 , dtd. 09/10/2025

# सिंधोरा के व्यापारियों ने एसडीएम व डीसीपी से की मुलाकात

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। सिंधोरा व्यापार मण्डल के पदाधिकारी शुक्रवार को एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और व्यापारियों के समस्याओं को प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करने की मांग की। व्यापारियों ने प्रशासन को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

इस दौरान सिंधोरा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष धनंजय मोदनवाल, महामंत्री सुबाष चन्द्र गुप्ता, सलाहकार अजीत कुमार उर्फ गुरम्मा, विधि सलाहकार यशदीप जायसवाल ने श्रीमद् भागवत गीता व अंगवस्त्रं देकर मुलाकात की।

# जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग वाराणसी द्वारा शुक्रवार को मिशन शक्ति विशेष अभियान फेजझ5 के अंतर्गत जन



जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सेवापुरी के शांति विद्यापीठ, कालिकाबारा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सहित शासन के विभिन्न हेल्पलाइन के विस्तार रूप से जानकारी श्री विवेक सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, सेवापुरी, वाराणसी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शांति विद्यापीठ कालिकाबारा के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक गण तथा पीआरडी जवान अविनाश आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# पुरातन छात्र सम्मेलन आज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। श्री अंबिका प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज भैरव तालाब में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन शनिवार को किया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद नारायण सिंह ने बताया कि यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को अपने संस्था से जोड़े जाने का एक सुंदर प्रयास है ताकि वर्तमान में यहां पढ़ रहे छात्रों को उनके सुंदर और गौरवशाली अतीत की जानकारी मिल सके।गोविंद नारायण सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र का यह विद्यालय अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन के लिए जाना जाता है।इस विद्यालय से अब तक पढ़ने वाले बहुत से छात्र चिकित्सक इंजीनियर डॉक्टर पीसीएस आईएएस तक हुए हैं। पुरातन छात्रों का सम्मान भी विद्यालय परिसर में किया जाएगा।

# सेवापुरी उपकेंद्र पर नए फीडर का उद्घाटन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विद्युत उपकेंद्र पर सकलपुर नए फीडर का उद्घाटन किया गया। शुक्रवार शाम 5 बजे पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षवर्धन सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस नए फीडर से क्षेत्र में लगातार हो रही



बिजली कटौती की समस्या से निजात मिलेगी।एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि इस नए फीडर से एक दर्जन गांवों को लाभ होगा। चार दिन पहले अधिशासी अभियंता मनीष झा ने विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण भी किया था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मटका ओमप्रकाश वर्मा, जेई गोविंद रवि और लाइनमैन सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हमारा संकल्प, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', कांग्रेस-सपा का 'फूट डालो, हुकूमत करो' : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, 17 अक्टूबर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर राजधानी के अटल कन्वेन्शन सेंटर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीति को आज भी अपनाए हुए हैं। ये दल समाज में जाति, पंथ और मजहब के आधार पर फूट डालने का काम कर रहे हैं ताकि देश की एकता और अखंडता कमजोर हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आजाद हो रहा था, तब अंग्रेजों ने भारत को कई हिस्सों में बांटने की साजिश रची थी। उनकी कोशिश थी कि भारत कभी एक न हो सके। लेकिन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति से 563 रियासतों को भारत गणराज्य में विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जो भारत एकजुट दिखता है, वह सरदार पटेल की देन है। इसलिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष से हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा और केंद्र व राज्य की सरकारें सरदार पटेल के ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्व के सपने को साकार करने के लिए कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष समाज को बांटने की राजनीति कर रहा है, तब भाजपा की जिम्मेदारी है कि एकता और अखंडता के संदेश को हर गांव और हर विधानसभा तक पहुंचाया जाए।

**यूनिटी मार्च और राष्ट्रीय एकता दिवस का कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 अक्टूबर को ह्यरन फॉर यूनिटीह्व का आयोजन पूरे प्रदेश में होगा। इसके बाद 1 नवंबर से 26 नवंबर तक हर विधानसभा क्षेत्र में 8 से 10 किलोमीटर लंबी ह्यएकता पदयात्राह्व निकाली जाएगी। इसमें आर्मी के रिटायर्ड जवान, अन्नदाता, श्रमिक, भाजपा के अनुशांगिक संगठन, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड सभी को जोड़ा जाएगा। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'नेता जी सुभाष चंद्र बोस अमर रहें' के जयघोष गूंजेंगे। हर दो किलोमीटर पर पड़ाव होगा, जहां समाज से संवाद कायम करते हुए एकता का संदेश दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि हर कार्यकर्ता को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। बूथ स्तर से लेकर जिला पदाधिकारी तक सभी को सक्रिय होना होगा।

**बाबा साहब को समर्पित संविधान दिवस और युवा पदयात्रा**

सीएम योगी ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा, जो बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। इस दिन प्रत्येक जिले से पांच युवाओं को दिल्ली भेजा जाएगा, जहां से वे गुजरात में होने वाली पदयात्रा में शामिल होंगे। यह यात्रा 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेगी, ताकि युवा देशभर में सरदार पटेल और बाबा साहब दोनों के योगदान से प्रेरणा ले सकें।

# बालिकाओं ने बाल विवाह के खिलाफ निकाली रैली

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। लोक समिति वाराणसी और आशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में सेवापुरी ब्लाक के नेवढ़िया गांव में शुक्रवार को बालिको महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवापुरी ब्लाक के दर्जनों गांव से सैकड़ों किशोरी लड़कियों ने भाग लिया. लड़कियों ने कन्या भ्रूण हत्या,यौन उत्पीड़न,दहेज,बाल विवाह के खिलाफ गांव में जोरदार रैली निकाली। रैली में शामिल लड़कियां बाल विवाह पर रोक लगाओ,तिलक दहेज छोडो जाती पाती तोड़ो,भीख नही अधिकार चाहिए जीने का सम्मान चाहिए,औरत भी जिन्दा इंसान नही भोग की वह सामान,कन्या भ्रूण हत्या बंद करो के नारे लगाये। बालिका महोत्सव में लड़कियों ने बालिका अधिकार पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किया, नाटक के माध्यम से गाँव में हो रहे जुए और शराबे को बंद करने की अपील भी किया।





कार्यक्रम का शुभारम्भ राजकीय महिला महाविद्यालय सेवापुरी से गीता रानी,रवि गुप्ता,जिला पंचायत प्रत्याशी दीपक यादव,समाज सेवी मनोज जी,किशोरी संयोजिका सोनी ने दीप जलाकर किया।

इस अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय से गीता रानी ने कहा कि समाज में लड़कियों और महिलाओं की दशा चिंतनीय है, बहुत सारे परिवार में अभी भी लड़को और लड़कियों मे भेदभाव किया जाता है. पढ़ने में अच्छा होने के बावजूद बहुत से लड़कियों की पढाई छुड़ाकर कम उम्र में उनकी शादी करा दी जाती है, जिससे उसके सेहत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। जिला पंचायत प्रत्याशी दीपक ने कहा कि आज घर में ही लड़किया सुरक्षित नही है, बहुत बार परिवार और उनके रिश्तेदारों द्वारा लड़कियों यौन शोषण का शिकार होती रहती है, इसलिए लड़कियों को घरेलु यौन उत्पीड़न व यौन हिंसा के बारे में जागरूक करने की जरुरत है।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत आशा रानी और शिला ने संचालन विमला ने किया अध्यक्षता आशा राय और धन्यवाद ज्ञापन शिला ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशा रानी,विमला,पुष्पा,शिला,गौरी पूजा, खुश्बू,रुचि,मानवी,अर्चना, मैनब संगीता आदि लोग शामिल रहे।

# वाराणसी जक्खिनी रूट पर रोडवेज बस का संचालन शुरू, जक्खिनी में बस यात्रियों का हुआ स्वागत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। कैंट से शाहंशाहपुर, जक्खिनी,पाहों तक चलने वाली बस का संचालन शुक्रवार की शाम प्रारंभ हुआ। जक्खिनी में शाम को बस पहुंची तो लोगों ने इस बस का स्वागत किया तथा बस यात्रियों का स्वागत किया। बाजार और आसपास के गांवों के लोग बस संचालन के लिए उदय प्रताप कॉलेज के छात्र नेता समीर सिंह विशाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान यहां पर समीर सिंह विशाल, मनीष सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह गोल्डी सिंह, अरविंद सिंह, ओम शंकर सिंह, सार्थक आदि ने बस यात्रियों, ड्राइवर और कंडक्टर पर पुष्प बरसाए और हर हर महादेव का उद्घोष किया।यह बस प्रतिदिन दो फेरे करेगी।

इसके पूर्व औढ़े में इस बस को हरी झंडी रोहनिया के पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह नारायण सिंह ने दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस बस के चलने से जनपद के आखिरी छोर के से जिला मुख्यालय तक का जुड़ाव हो जाएगा और लोगों का आना-जाना आसान होगा। हरी झंडी दिखाये जाने के दौरान वाराणसी परिक्षेत्र के सहायक रीजनल मैनेजर वी के श्रीवास्तव के साथ विनोद सिंह,प्रदीप प्रजापति, विकास दुबे, धीरेंद्र प्रताप सिंह, बहादुर पटेल, अमरनाथ गिरी, अश्वनी यादव,सुरेश जयसवाल आदि रहे।

# दीपोत्सव पर्व मन के अंदर छिपी आसुरी शक्तियों को दूर करने का संदेश देता है-प्रीति सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में पी. टी. एम. का आयोजन हुआ इससे पूर्व दीपावली के उत्सव को रंगोली और दीप निर्माण प्रतियोगिता के माध्यम से मनाया गया। नर्सरी से कक्षा सीनियर वर्ग तक के सभी छात्रों ने भाग लेते हुए रचनात्मकता व बुद्धि कौशल का प्रदर्शन किया । सुबह के सभागार के बाद बच्चों ने दिवाली के इस शुभ अवसर पर संगीत अध्यापक अभिमन्यु यादव के मार्गदर्शन में बच्चों ने बहुत ही मनमोहक गीत प्रस्तुत की मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे। तत्पश्चात सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने बच्चों को अपना आशीर्वाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह गीत के द्वारा पूरी धरा पर उजाला हो और बच्चों का जीवन में भी हर जगह उजाला हो और साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि सभी लोग इस दिवाली एक दिया अपने अंदर के अंधेरे को दूर भगाने के लिए अवश्य जलाएं। तत्पश्चात दीप निर्माण प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। दीप निर्माण प्रतियोगिता में केजी वर्ग से परी भारती प्रथम, शुभ सिंह द्वितीय, तथा आरिफ खान तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग से परी यादव 3बी ,प्रियांशी चौरसिया 2ए , ग्रीन हाउस प्रथम स्थान, आंचल कुमारी 4ए रेड हाउस, इशिका सिंह 4बी ब्लू हाउस द्वितीय स्थान, आस्था यादव 2ए येलो हाउस तृतीय स्थान रहे। जूनियर वर्ग से चंदनु तिवारी 7ए ग्रीन हाउस प्रथम, अंशु यादव 8ए रेड हाउस द्वितीय तथा अनमोल सिंह 8ए ब्लू हाउस तृतीय स्थान प्राप्त किए। वहीं सीनियर वर्ग से आशु यादव ग्रीन हाउस प्रथम, अंश सिंह 11 रेड हाउस, सुमित गुप्ता 11 येलो हाउस द्वितीय तथा रिया यादव 9वीं से तृतीय स्थान प्राप्त किया।





उसके बाद रंगोली प्रतियोगिता प्रारंभ हुई जिसमें बहुत ही आकर्षक और मनमोहन रंग-बिरंगे रंगोली बनाएं जिसमें सब जूनियर वर्ग से ग्रीनहाउस प्रथम , येलो हाउस द्वितीय तथा रेड हाउस तृतीय स्थान प्राप्त किए। जूनियर वर्ग से येलो हाउस प्रथम , ग्रीन हाउस द्वितीय तथा ब्लू हाउस तृतीय स्थान प्राप्त किए।,सीनियर वर्ग से ब्लू हाउस प्रथम, पीला हाउस द्वितीय तथा रेड और ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहे। तथा वहीं आयुषी राय छात्रा प्रतिनिधि प्रथम स्थान, स्कूल कैप्टन कंदर्प तिवारी द्वितीय स्थान व कृष मिश्रा छात्र प्रतिनिधि तृतीय स्थान प्राप्त किए। दीप और रंगोली के निरीक्षण के लिए सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की प्रबंध निदेशिका डॉ प्रीति सिंह और सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्र सेन तिवारी ने किया। बच्चों के रंग-बिरंगे दीप व रंगोली देखने के बाद सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस की निदेशिका डॉक्टर प्रीति सिंह ने कहा कि दीपोत्सव पर्व मन के अंदर छिपी आसुरी शक्तियों को दूर करने और लोगों के प्रति आस्था के दीप जलाने का संदेश देता है। छोटे-छोटे बच्चों की ओर से बनाई गई रंग बिरंगे दीप व रंगोली न केवल आकर्षण का केंद्र रही बल्कि रंगोली का हर रंग अलबेला दिखा जो विद्यार्थियों के समर्पण ,संस्कार व अनुशासन का सीख देता तथा साथ ही उन्हें भारतीय संस्कृति और सभ्यता से जोड़ता है। सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के आत्मविश्वास ,रचनात्मकता तथा सृजनशीलता को प्रोत्साहित करती है।उन्होंने छात्रों को उनके प्रयासों के लिए सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकाश ,आशा और अंधकार पर विजय का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने बच्चों को दीपावली पर पटाखे छोड़ते समय विशेष ध्यान देने से संबंधित संदेश दिए। अंत में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक डॉक्टर प्रीति सिंह ने सभी शिक्षक गण शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण को मिठाई खिलाकर दिवाली की शुभकामनाएं प्रेषित की।उक्त अवसर पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के रेजिडेंस डायरेक्टर अमित रघुवंशी व सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, उपप्रधानाचार्य आवेश कुमार, कोऑर्डिनेटर अमित सिंह , एग्जाम हेड अवनीश राय,सीसीए हेड श्रेया सिंह आदि शिक्षकगण मौजूद रहें।

# छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा प्रदेश का कोई भी छात्र: सीएम योगी

लखनऊ, 17 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के ठीक पूर्व प्रदेश के छात्र-छात्राओं को बड़ी सौगात देते हुए दशमोत्तर एवं पूर्वदशम छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत एक साथ 10 लाख 28 हजार 205 विद्यार्थियों को ड्र300 करोड़ की छात्रवृत्ति राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में प्रेषित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आने देने के संकल्प के साथ आयोजित किया गया है। यह डबल इंजन सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे शिक्षा-सशक्तिकरण अभियान की एक नई कड़ी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी विजयादशमी के अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई थी। पहले छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया में भेदभाव, विलंब और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं आम थीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में टेक्नोलॉजी आधारित डीबीटी प्रणाली लागू होने से अब पात्र छात्रों के खाते में राशि सीधे पहुंच रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब छात्रवृत्ति वर्ष में एक बार नहीं बल्कि दो चरणों में (अक्टूबर और जनवरी में) दी जाएगी, ताकि छात्रों को समय पर सहायता मिले। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016-17 तक जहां केवल 46 लाख विद्यार्थी छात्रवृत्ति से लाभान्वित होते थे, वहीं अब यह संख्या 62 लाख तक पहुंच गई है।

**विभिन्न वर्गों के छात्रों को मिली छात्रवृत्ति**

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 3 लाख 56 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 114 करोड़ 92 लाख, सामान्य वर्ग के 97 हजार से अधिक छात्रों को 29 करोड़ 18 लाख, अन्य पिछड़ा वर्ग के 4 लाख 83 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 126 करोड़ 69 लाख और अल्पसंख्यक वर्ग के 90 हजार 758 विद्यार्थियों को 27 करोड़ 16 लाख की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा एकदम स्पष्ट है, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं,ह्यपारदर्शिता ही सुशासन की पहचान है।ह्वडीबीटी प्रणाली इसी पारदर्शिता का सशक्त उदाहरण है।

**पारदर्शी और तकनीक आधारित व्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। गत वर्ष जिन विद्यार्थियों को संस्थानों की लापरवाही या पोर्टल की त्रुटियों के कारण छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई थी, उनके लिए पोर्टल को पुनः सक्रिय किया गया है। जैसे ही डेटा एंट्री पूरी होगी, एक विशेष समारोह में उन्हें भी डीबीटी के माध्यम से राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, हर छात्र अपने सपनों की उड़ान भर सके।

# छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा,कौशल को रचनात्मक दिशा का अवसर रंगोली बनाओ दिया सजाओ से देना आज की जरूरत है: नवीन सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहनी, आयर वाराणसी में दीपोत्सव के उपलक्ष्य में रंगोली बनाओ दीया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के उप-प्रबन्धक नवीन कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ. सन्तोष कुमार सिंह ने किया।



अपने सम्बोधन में कहा कि छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा,कौशल को रचनात्मक दिशा का अवसर 'रंगोली बनाओ दिया सजाओ' प्रतियोगिता से देना आज की जरूरत है।सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता में बी.ए.,बी.कॉम और एम.ए. के छात्र/छात्राओं ने दीपोत्सव और महिला सशक्तिकरण के थीम पर रंगोली बनाई। रंगोली व दीया बनाने की प्रतियोगिता में रंग बिरंगे दीपों रंगोली को बनाकर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

निर्णायक मंडल में डॉ. दिनेश चंद्र अरोड़ा, डॉ. ज्ञांती सिंह, डॉ. कुसुमलता शामिल रहीं।

इस अवसर पर डॉ. पुष्पा मिश्रा, सुश्री सुधा यादव, श्रीमती रीना गौतम, सुश्री अदिति सिंह, डॉ. रूबी कुमारी, डॉ. सुमैय्या आरिफ, डॉ. सुरभि श्रीवास्तव, डॉ. अतुल चौधरी, डॉ. आकाशदीप, डॉ. विनय, डॉ. दीपक, श्री चन्द्र शेखर, डॉ. तृप्ति सिंह, डॉ. सुभाष सिंह यादव सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक/प्राध्यापिका और छात्र/छात्राएं उपस्थित रहीं।

# हरहुआ का प्रसिद्ध भरत मिलाप सम्पन्न, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

## आधे दर्जन लाग विमान संग भक्ति लोकगीत की रही धूम।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ बाजार का विजयादशमी कल होने के बाद आज शुक्रवार को प्रसिद्ध भरत मिलाप लाग, विमान,झांकी सहित चारो भाइयों के मार्मिक मिलन भव्य श्रृंगार, आरती के साथ सम्पन्न हुआ।

ऐतिहासिक भरत मिलाप का आयोजन क्षेत्र की परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रतीक माना जाता है।हरहुआ बाजार से चौराहा तक एक किमी जहाँ सड़क के दोनो ओर से पुष्प वर्षा कर लोगों द्वारा आरती उतार कर घर से पड़ोसी तक आरती पाकर धन्य हुए।



हरहुआ बाजार का यह भरत मिलाप वाराणसी क्षेत्र में प्रसिद्ध आयोजनों में से एक है, जिसमें दर्जनों गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर दृश्यावलोकन किया।

हरहुआ चौराहा स्थित साईं सिटी गेट से राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की सवारी दर्जनों लाग विमान व झांकियों के साथ निकली। यह शोभायात्रा हरहुआ चौराहा, धनेशरी, दासेपुर, बैजलपट्टी, मंसापुर, हरहुआ बाजार, कोईराजपुर मोड़, रिंग रोड चौराहा, वाजिदपुर पंचकोशी चौराहा मार्ग से होते हुए वापस हरहुआ बाजार पहुंची, जहां चारों भाइयों का मिलन हुआ। उसके बाद हरहुआ स्थित प्राचीन लाल भाला तालाब के समीप रामलीला मैदान में राजगद्दी का रामलीला का मंचन हुआ।

हरहुआ बाजार में भरत मिलाप स्थल पर शंख ध्वनि, जयकारों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने अपने घरों व दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया,जगह-जगह तोरण द्वार और रोशनी की विशेष व्यवस्था की । सांस्कृतिक माहौल को जीवंत बनाने के लिए हरहुआ बाजार स्थित पुरानी सब्जी मंडी में पूरी रात भक्ति लोकगीत का आनन्द उठाया। कलाकारों ने धार्मिक गीतों से वातावरण को भावनात्मक बना दिया।

हरहुआ का भरत मिलाप न केवल धार्मिक आयोजन है बल्कि यह क्षेत्रीय भाईचारे और एकता का प्रतीक है जहाँ लोग एक साथ आपस मे मिलकर प्रसाद ग्रहण कर खुशियां आपस में बांटते रहे।

श्री आदर्श रामलीला समिति हरहुआ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह,पूर्व प्रधान व्यवस्थापक अनिल सिंह,महामंत्री मुन्ना लाल यादव, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता ,डॉ0 प्रदीप पांडेय,प्रधान अनवर'अन्नू' प्रधान मोदी यादव, प्रधान अमित सिंह, व्यापार मंडल महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता, पत्रकार गण दिनेश सिंह,के0एल0 पथिक, प्रवीन यादव ,इमरान हाशमी, मेराज अहमद, सर्वेश यादव, मंजीत पटेल एवम अन्य सभी पदाधिकारीयों ने सभी भक्तजनों को आरती व प्रसाद संग स्वागत किया। हरहुआ चौकी के प्रभारी अभिषेक राय, उपनिरीक्षक रविन्द्र दुबे मय पुलिस बल के साथ सुरक्षा में तैनात रहे।

# रचनात्मक कर्म कला कौशल से आती है- सुधाकर पांडेय

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के प्रांगण में विभिन्न कक्षाओं में दीपावली पर्व के अवसर पर तोरण प्रतियोगिता, लालटेन प्रतियोगिता, दिया प्रतियोगिता ,पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।





डालिम्स सनबीम गांधीनगर स्कूल के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रेरणा राय एवं अतिथि के रूप में मोहम्मदाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडेय द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीपशिखा को प्रज्वलित कर समारोह प्रारंभ किया गया।

उसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। हाउस वाइस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें रेड हाउस ग्रीन हाउस ब्लू हाउस एवं येलो हाउस आदि बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। जिसमें यह निश्चय कर पाना मुश्किल था किसे प्रथम पुरस्कार दिया जाए।

उसके पश्चात सुधाकर पाण्डेय ने ब्लू हाउस को विजेता घोषित किया एवं उन्हें पुरस्कृत किया गया ।

मुख्य अतिथि सुधाकर पांडेय ने विजेता को पदक और पुरस्कृत करते हुए विद्यालय दल के रूप में ब्ल्यू हाउस को विजेता, रेड हाउस को उपविजेता और ग्रीन-यलो को संयुक्त उपविजेता के रूप में पदक से अलंकृत कर प्रशस्ति दी ।

डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर के नीरव परिसर में वैविध्य आयोजित प्रतियोगिता को अपनी व्यवस्थित और सुसंस्कृत अभिकल्पन की अभिव्यक्ति नेहा राय द्वितीय ने दिया. समारोह को उप-प्रधानाचार्य अमित कुमार राय की संगति में विद्यालय के संकाय परिषद के सदस्यों सर्वश्री नरेंद्र राय, रितेश कुमार राय, जोखन यादव, तौसीफ अहमद खान, आशु सिंह, अजित कुमार, अंजली राय, अनुज राय, अर्चना गुप्ता, आशुतोष यादव, अवधेश प्रसाद, धनंजय, दुर्गेश प्रताप सिंह, मधुलिका सिंह, माह-ए-तलअत, मुस्कान सोनी, नमो नारायण पांडेय, मोहम्मद मुकीम अंसारी, नंदिनी मिश्रा, नेहा राय, निधि राय, ओंकार नाथ तिवारी, पिंकी पांडेय, पूजा सिंह, प्रतिमा तिवारी, प्रवेश कुमार, रचना गुप्ता, रागिनी पांडेय, राजकुमारी सिंह, राम नारायण राय, रश्मि गुप्ता, रीता यादव, ऋतु यादव, रूपेश कुमार शर्मा, साक्षी मिश्रा, सत्येंद्र प्रताप सिंह, सीमा तिवारी, शालू गुप्ता, शेषनाथ यादव, श्वेता यादव, सूर्य सिंह, सुशील राय, विजय लक्ष्मी यादव, विनोद शर्मा, विश्वजीत सिंह, जाकिर अहमद, आरती सिंह, प्रिया राय, अर्शी फातिमा, जागृति श्रीवास्तव, अजय कुमार पाल, रूपेश कुमार पांडेय, विश्वजीत सिंह आदि ने प्रयोजन के मूलक को अपने-अपने बौद्धिक श्रम से लालित्य की उर्जा दी.

# राहुल गांधी पूरी तरह दिगभ्रमित और पटरी से उतरे हुए हैं: डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

17 अक्टूबर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऊपर तीखा प्रहार करते हुए कहा- "राहुल गांधी पूरी तरह भ्रमित और पटरी से उतरे हुए हैं। उनको पता ही नहीं कि कहां क्या हो रहा है।" बृजेश पाठक ने रायबरेली में वाल्मीकि समाज के हरिओम की हत्या के दुखद मामले को लेकर कांग्रेस की तरफ से जारी घटिया राजनीति की आलोचना की।

फतेहपुर के हरिओम की हत्या मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा लगाए गए दलित उत्पीड़न के आरोपों पर बृजेश पाठक ने कहा- "भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दलित स्वाभिमान की लड़ाई प्राथमिकता से लड़ रही है। आज उत्तर प्रदेश में दलित समाज, पिछड़ा समाज सुख चैन की जिंदगी जी रहे हैं और जीवन के हर पहलू में उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिल है।"

**कांग्रेस शासित राज्यों में दलितों पर अत्याचार**

कांग्रेस सरकारों की आलोचना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को याद करना चाहिए- जब उनकी सरकारें थीं, वह चाहे उत्तर प्रदेश हो या आज भी कर्नाटक, हिमाचल या तेलंगाना जैसे राज्य- वहाँ दलितों का क्या हाल है। कांग्रेस की सरकारें दलितों पर अत्याचार की सारी सीमाएँ लांघ चुकी हैं। आज उत्तर प्रदेश में माननीय मोदी जी के मार्गदर्शन में बेहतर ढंग से यूपी सरकार काम कर रही है।

फतेहपुर के वाल्मीकि परिवार को न्याय दिलाने के सवाल पर बृजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि योगी सरकार ने तय किया है कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। दोषियों को हर हाल में कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। योगी सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। दोषियों को इतनी कड़ी सजा मिलेगी कि भविष्य में कोई ऐसी हिमाकत नहीं करेगा।

## पेड़ हमारी आने वाली पीढ़ियों की सांस – ग्राम प्रधान सुनीता यादव

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**




सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत बभनौली कला में शुक्रवार को ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुनीता यादव एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने पौधारोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन दरोगा रामकिशन मिश्रा ने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसकी रक्षा करे तो यह धरती फिर से हरी-भरी हो जाएगी। ग्रीन चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति से जुड़ाव बढ़ाना है। वहीं ग्राम प्रधान सुनीता यादव ने कहा कि पेड़ सिर्फ प्रकृति की शोभा नहीं हैं, बल्कि जीवन का आधार हैं। हम सबको यह समझना होगा कि जब तक पेड़ सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब तक हमारा भविष्य भी सुरक्षित नहीं रहेगा। आज लगाए गए पौधे हमारी आने वाली पीढ़ियों की सांस हैं। मैं चाहती हूं कि हर ग्रामीण अपने आंगन, खेत या घर के पास एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल अपने बच्चे की तरह करे। गांव के विकास के साथ पर्यावरण का विकास भी हमारी प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में पंचायत स्तर पर और भी पौधारोपण अभियान चलाए जाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। चौपाल में अनिल यादव प्रधान, गोपाल यादव, सुरेंद्र कुमार साहनी, मुन्नी देवी, गुड़िया यादव, मोहम्मद कलाम, कविता निषाद, नंदलाल भारत, दीपक भारती, जय गोविंद यादव, ओमप्रकाश भारती, सरस्वती कलवार, उर्मिला सरोज, संजू, अशोक कुमार, आरती निषाद, फुल झरिया, गणेश, जय प्रकाश , दीपक समेत बड़ी संख्या में सम्मानित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विंध्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उरमौरा में, विज्ञान एवं रोजगार प्रदर्शनी का आयोजन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। विंध्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उरमौरा (राबर्ट्सगंज) में पुलिस प्रशासन एवं विद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत विज्ञान प्रदर्शनी, कौशल विकास, रोजगार एवं वाणिज्य प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं युवाओं में आत्मनिर्भरता, नवाचार भावना, साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं आत्मरक्षा के प्रति विश्वास को बढ़ावा देना रहा। प्रदर्शनी में छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, हस्तनिर्मित उत्पादों एवं व्यावसायिक नवाचारों का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने सराहा।

मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब किसी भी महिला या छात्रा को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस प्रशासन सदैव उनके साथ है। उन्होंने छात्राओं से आत्मरक्षा प्रशिक्षण, हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 181 आदि) की जानकारी रखने तथा सोशल मीडिया पर सतर्क रहने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० अंजली विक्रम सिंह, प्रबंधक श्री अजय सिंह, डॉ० कैलाश नाथ, डॉ० गीता, डॉ० अनुग्रह, डॉ० अरुणेंद्र, डॉ० मालती, आनंद जी सहित अन्य अध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल पृथ्वी पर जीवन की सबसे बुनियादी आवश्यकता, मनुष्यों, जानवरों और पौधों के जीवित रहने के लिए अनिवार्य- अजीत रावत

### अवई अनुसूचित बस्ती में ब्लॉक प्रमुख ने किया वाटर बोरिंग टंकी का लोकार्पण

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। सदर विकासखंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम अवई अनुसूचित बस्ती में पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निर्मित वॉटर बोरिंग टंकी का शुक्रवार की शाम सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने लोकार्पण करते हुए वॉटर बोरिंग टंकी का पानी पीकर उपस्थित जन समुदाय को स्वच्छ जल पीने की अपील किया है। इस मौके पर सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि प्रत्येक प्राणियों के लिए जल ही जीवन है। इसके बिना जीवन असंभव है।जल है तो कल है।जल पृथ्वी पर जीवन की सबसे बुनियादी आवश्यकता है।यह मनुष्यों, जानवरों और पौधों के जीवित रहने के लिए अनिवार्य है। हम पीने, खाना पकाने, कपड़े धोने, नहाने और घर की सफाई जैसे कामों के लिए जल का उपयोग करते हैं।

इतना ही नहीं जल कृषि के लिए भी आवश्यक है, क्योंकि इससे फसलों की सिंचाई की जाती है, जिससे उत्पादन बढ़ता है तथा उद्योगों में जल का उपयोग निर्माण, उत्पादन और ऊर्जा उत्पादन के लिए होता है। जल का उपयोग पर्यटन के लिए भी होता है, जैसे समुद्र तटों, झीलों और नदियों पर। उन्होंने कहा कि बढ़ता संकट जल की कमी और प्रदूषण के कारण पीने और दैनिक उपयोग के लिए उपलब्ध ताजे पानी की मात्रा सीमित होती जा रही है। जल को बचाना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और इसका सोच- समझकर उपयोग किया जाना चाहिए। सावधानीपूर्ण उपयोग जल के दुरुपयोग और बबार्दी से बचना चाहिए। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य श्यामकार्तिक पांडेय, श्याम बिहारी मास्टर साहब, रामलाल अगरिया, गुलाब प्रसाद, रामसजीवन रामलखन, सोमारू समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय जमगांव में हुआ बाल संसद का लोकतांत्रिक गठन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। उच्च प्राथमिक विद्यालय जमगांव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय में बच्चों में नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने हेतु यह चुनाव बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक राजकुमार पांडेय एवं मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. मिथिलेश द्विवेदी की देखरेख में पूरी टीम का गठन किया गया। टीम में सहायक चुनाव अधिकारी अरुण कुमार सिंह, पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारी चंद्रकेश सिंह, द्वितीय मतदान अधिकारी श्री प्रदीप कुमार गुप्ता तथा तृतीय मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए। चुनाव में कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए, जिनमें सभी नामांकन वैध पाए गए। छात्रों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान प्रक्रिया दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक चली। तत्पश्चात पर्यवेक्षक राजकुमार पांडेय और मतगणना अधिकारी अरुण कुमार सिंह की देखरेख में मतगणना कार्य सम्पन्न हुआ। परिणामों की घोषणा मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. मिथिलेश द्विवेदी द्वारा की गई। गठित बाल संसद में प्रधानमंत्री पद पर रोशनी और उप प्रधानमंत्री पद पर पवन कुमार सिंह का चयन किया गया।

मंत्रालय आवंटन में शिक्षा मंत्री कु. गरिमा, स्वास्थ्य मंत्रीः कु. परी, जल एवं पर्यावरण मंत्रीः रामबाबू, खेल मंत्रीः शान बाबू, पुस्तकालय मंत्री दीपिका पटेल, सुरक्षा एवं अनुशासन मंत्रीः सूरज पांडेय शामिल रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में सभी विजयी प्रत्याशियों को मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ समारोह में भाग लिया और विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय में दीप सजावट एवं निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

## थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की बड़ी कार्यवाही: 11 बोरियों में कुल 01 कुंतल अवैध पटाखा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा आगामी पर्व दिवाली/छठ पूजा के दृष्टिगत धर्मशाला चौराहे पर अवैध पटाखों की दुकानों और भंडारण की जांच की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर प्रभा गेस्ट हाउस के पास, ब्रह्मनगर जाने वाले मोड़ से एक टोटो में अवैध पटाखे ले जाते हुए छोटू पुत्र सीरी निवासी ग्राम केवटी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र को पकड़ा गया। उसके कब्जे से कुल 11 बोरियों में लगभग 01 कुंतल भिन्न-भिन्न प्रकार के अवैध पटाखे बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत ₹2, 50,000/- है। बरामदगी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 1048/2025, धारा 9 ख(1)ख विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही जारी है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह पटाखा सूरज कुमार पुत्र बंशीलाल निवासी घोरावल रोड, धर्मशाला, थाना रॉबर्ट्सगंज का है। टोटो से पकड़े गए बोरियों में रखे पटाखों के संबंध में आरोपी लाइसेंस नहीं दिखा सका।

## पॉक्सो एक्टः दोषी राजेश शर्मा को 3 वर्ष की कैद

**6 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**

**अर्थदंड की धनराशि में से 3 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी**

**करीब साढ़े 7 वर्ष पूर्व घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ किए जाने का मामला**

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब साढ़े 7 वर्ष पूर्व घर मे घुसकर 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राजेश शर्मा को 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 6 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 3 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रायपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने रायपुर थाने में 18 जून 2018 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि सुबह 7:30 बजे वह अपनी पत्नी के साथ अपने पुराने घर का खपरैल लेने गया था उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की घर पर अकेली थी तभी राजेश शर्मा पुत्र रामवृक्ष शर्मा निवासी पनिकप खुर्द, थाना रायपुर, जिला सोनभद्र घर में घुस गया और बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगा तथा उसे मोबाइल देने लगा कि इससे खूब बात होगी। जब बेटी ने मोबाइल लेने से इनकार किया तो वह अकेला पाकर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब बेटी चिल्लाने लगी तो वह भागने का प्रयास किया तभी वह अपनी पत्नी के साथ आ गया और राजेश शर्मा को पकड़ लिया। कुछ ही देर में राजेश शर्मा के घर के लोग लाठी डंडा लेकर आ गए और गाली देते हुए जान मारने की धमकी देने लगे। आसपास और गांव घर के लोग मौके पर आ गए तब वे लोग चले गए। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में राजेश शर्मा के विरूद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजेश शर्मा (38) वर्ष को 3 वर्ष की कठोर कैद एवं 6 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 3 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



म्योरपुर/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय हरहोरी में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर सुनील कुमार रहे, जिन्होंने एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के दृष्टिगत विद्यालय मे पौधरोपण कर खेलकूद का उद्घाटन किया। ग्राम प्रधान संत कुमार व प्रधान संघ अध्यक्ष प्रेम चंद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इन अतिथियों ने प्रतियोगिता की शोभा बढ़ाई। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, दौड़ और लंबी कूद जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि आपसी सहयोग, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार और शिक्षकों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। निर्णायक मंडल में शशि रंजन, सुनील कुमार, ज्ञानेंद्र, हरीश कुमार, विजयी लाल सुनील कुमार व अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम मे खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा 50 मीटर की दौड़ कराकर औपचारिक शुरूआत किया गया। प्रतियोगिता में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न स्पधाएं आयोजित की गईं। बालक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिताओं में उच्च प्राथमिक विद्यालय रासपहरी,कंपोजिटविद्यालय बभन डीहा , कंपोजिट विद्यालय हरहोरी, प्राथमिक विद्यालय हर्दिमोड, प्राथमिक विद्यालय गड़िया शामिल रहा। टीम खेलों में भी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर उच्च प्राथमिक विद्यालय रासपहरी व बभनडीहा को सर्वोत्तम विद्यालय घोषित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर न्याय पंचायत संकुल प्रभारी सर्वेश, शारदा प्रसाद अजय गुप्ता, सीमा, प्रहलाद वर्मा, के साथ साथ शिक्षक शेसमन, राजेश, दीपक, महेंद्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक उपस्थित रहे।

## टूटी - फूटी क्षतिग्रस्त जाम बदहाल नालियां, फैला रही है दुर्गंध, दे रही है संक्रामक रोगों को खुला निमंत्रण

**संबंधितों के दरबान बने हैं सफाई कर्मी, हाजी मस्टरोल के सहारे सरकार से बैठ कर ले रहे हैं प्रतिमाह तनख्वाह**

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद में जहां एक तरफ स्वच्छता अभियान तथा संक्रामक रोगों पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से संचारी रोग नियंत्रण माह अभियान चलाया जा रहा है वहीं पर दूसरी तरफ सदर विकासखंड के गुरमा, मारकुंडी,सलखन ग्राम पंचायत मे बनी नालियां टूटी फूटी क्षतिग्रस्त जाम बदहाल पड़ी दुर्गंध फैलाते हुए संक्रामक रोगों को खुला निमंत्रण दे रही है। आलम यह है कि आधा नालियां टूटकर बिखर गई है तथा गंदगी से पूरी नाली पट गई है जिससे आने-जाने वाले राहगीरों समेत रहवासियों का जीना दुश्वार सा हो गया है जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने संबंधितों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक पहल आज तक नहीं की गई इससे ग्रामवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में बताते हैं कि जनपद में 1अक्टूबर से लेकर 31अक्टूबर तक महा अभियान चलाकर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान तथा संक्रामक रोग पर नियंत्रण को लेकर संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है वही जिम्मेदार लोग इस अभियान में सहभागिता निभाने से परहेज करते हुए अपने जिम्मेदारियां से मुंह में लिए है।संचारी माह अभियान का असर गांवो मे नही दिख रहा है। सदर ब्लाक के सलखन बाजार व सलखन से बेलछ रुदौली जाने वाले मार्ग पर नाली बनाई गई है।आधा टूटकर बिखर गई है। गन्दगी से पूरी नाली पट गई है चहूंओर गंदगी का साम्राज्य है। गांव के रोड एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचड़ा पडा हुआ है।गांव मे सफाई करने के लिए कभी भी सफाई कर्मी नही आ रहे है। सबसे आश्चर्यजनक तथ्य तो यह है कि सफाई कर्मी कौन- कौन से लोग है?ग्रामीणो को यह भी जानकारी नही है। ग्रामीणो का कहना है कि कई महीनो से नाली की साफ-सफाई नही हुआ है। जिससे यह पूरी तरह से जाम हो चुकी है। नाली व गांव की गलियो मे घास-फूस जम गई है और 2025 मे नाली बनाई गई थी जो जिला पंचायत के तहत बनाई गई नाली टुट कर बिखर गई है। ठेकेदार ने अवई छठ घाट बनाए है वह भी अधूरा छोड़कर चले गये। वही नाली निर्माण का कार्य आधा अधूरा छोड़कर गायब हो गए।मार्च का महीना था उसी समय काम लगाकर आधा काम दिखाकर बीच मे ही छोड़कर भाग गये।उसके बाद ठेकेदार का कोई अता पता नही चला। गांवों को स्वच्छ रखने के लिए सरकार ने सफाई कर्मियों की तैनाती की थी, लेकिन हकीकत इसके उलट है।हालात यह हैं कि गांवों में नालियां जाम हैं, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े का ढेर लगा है। पंचायत भवन, स्कूल, एएनएम सेंटर और शौचालयों के आसपास गंदगी से लोगों का जीना दूभर हो गया है। वही गुर्मा मोड़ मारकुंडी स्थित आटो स्टैंड मुख्य तिराहे के पास लगे सरकारी हैंड पंप के इर्द-गिर्द काफी गंदगी तथा कूड़ा करकट एकत्रित है।ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मी गांव में आते ही नहीं।कई तोअपने गांव के सफाई कर्मियों को पहचानते तक नहीं। सफाई करने के बजाय ये कर्मचारी संबंधितों के घर पर ही हाजिरी लगाते रहते है। वहीं गुरमा, मारकुंडी, सलखन समेत कई गांवों की गलियों और नालियों में कूड़ा व कीचड़ जमा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों को आशंका है कि डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। गांव के लोगो ने बताया कि गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। सफाई कर्मियों को कभी गांव में देखा तक नहीं गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है।



## नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आर0एफ0 और सी0आई0एफ0 फण्ड को रीलीज करने में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, इसी प्रकार से विकास कार्यों में शिथिलता बरतने पर पर्यटन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता आर0ई0डी0, अधिशासी अभियन्ता जल निगम को हर घर नल योजना में शिथिलता बतरने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड को सड़कों के अनुरक्षण में शिथिलता बरतने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दियें।

इसी प्रकार से उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थी परक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## चोपन की साइबर टीम ने आवेदक की फ्रॉड हुई ₹1,45,000/- की सम्पूर्ण धनराशि करायी गयी वापस

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों की धनराशि की रिकवरी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आवेदक राहुल कुमार पुत्र रविन्द्र नाथ ठाकुर निवासी द्वारिकापुर, जनपद मुजफ्फरपुर (बिहार), हाल पता झ लोको कॉलोनी, थाना चोपन के साथ दिनांक 17.07.2025 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ₹1,45,000/- (एक लाख पैंतालीस हजार रुपये) की ठगी की गयी थी। इस संबंध में आवेदक द्वारा दिनांक 19.07.2025 को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन की साइबर टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल का अवलोकन कर प्रकरण का विश्लेषण किया गया। टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए फ्रॉड की गई धनराशि ₹95,000/- जम्मू-कश्मीर राज्य स्थित एचडीएफसी बैंक खाते में होल्ड कराई गई। साथ ही एनसीआरपी पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य संकलित करते हुए संबंधित बैंक शाखा से ईमेल पत्राचार के माध्यम से कार्यवाही की गई, जिसके फलस्वरूप ₹95,000/- की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा की उपस्थिति में सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

इससे पूर्व, दिनांक 23.08.2025 को आवेदक के मूल खाते में ₹50,000/- वापस कराए गए थे। इस प्रकार कुल ₹1,45,000/- (एक लाख पैंतालीस हजार रुपये) की संपूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गई।आवेदक द्वारा थाना चोपन की साइबर टीम के कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम में कुमुद शेखर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, का0 सुनील कुमार, साइबर हेल्प डेस्क, थाना चोपन शामिल रहे।

## चोपन पुलिस ने वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 361/2025 धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट मे वांछित अभियुक्त सदानन्द प्रजापति पुत्र जगदीश प्रजापति निवासी ग्राम भभाईच थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष, को आज दिनाँक 17.10.2025 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## ओबरा पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक महोदय सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा उनमें संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 17.10.2025 को समय 09.10 बजे थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-234/2025 धारा 64(1),91,351(3) बीएनएस व ३(2) पोक्सो एक्ट में वांछित एक नफर अभियुक्त आजाद कुमार पुत्र अशोक निवासी पटवध थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र 20 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर डिग्री कालेज से शारदा मन्दिर जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# कन्नौजः सांकेतिक सीडीओ बन नित्या ने किया लायब्रेरी के लिए पुस्तकों का चयन

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। आज मिशन शक्ति के अन्तर्गत विकास भवन में सांकेतिक रूप से सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कालेज की कक्षा 12 की छात्रा नित्या सिंह भदौरिया को मुख्य विकास अधिकारी के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नित्या द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनपद में जिला विकास कार्यालय में स्थापना से सम्बन्धित, उपायुक्त स्वतः रोजगार कार्यालय में उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी एवं प्रगति एवं अपर मुख्य अधिकारी (जिला पंचायत) से सम्बन्धित कार्यों की प्रगति एवं जिला पंचायत राज अधिकारी से विभागीय योजनाओं जानकारी ली गयी। जिला पंचाय



तराज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश द्वारा मांगे गए निर्देश के क्रम में जिले में प्रस्तावित 94 डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 05 किताबों 1. हमारा शरीर, 2. हीरो पेड पर नही उगते, 3. कम लागत बिना लागत शिक्षण सहायता सामग्री, 4. सृजनात्मक गणित एवं 5. विज्ञान और आप कुल 5 पुस्तको चयन सूची में सम्मिलित करने के निर्देश दिये गये। इससे पूर्व नियमित मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने बुके देकर सांकेतिक सीडीओ का स्वागत किया और जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी तथा उपायुक्त स्वतः: रोजगार राजकुमार लोधी सहित अपने समस्त स्टाफ का परिचय कराया। विकास भवन से विदा करने से पहले नित्या को मिशन शक्ति का प्रतीक चिन्ह और कन्नौज का खास अतर भी भेंट किया।

# कन्नौजः सभी कार्यालय ईवेस्ट का निस्तारण मानक के अनुरूप ही करेंः सीडीओ

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिले में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन एवं वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि ई-वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के संबंध में समस्त कार्यालयों को पत्र जारी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि पुराने व अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का निस्तारण निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण सत्यापन रिपोर्ट प्रत्येक दशा में इसी माह के भीतर संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुत की जाए, ताकि रोपित पौधों का भौतिक सत्यापन एवं उनके संरक्षण की स्थिति का




मूल्यांकन समय से किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद तथा ग्राम पंचायतों में खंड विकास अधिकारी कूड़ा-करकट निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अपशिष्ट को खुले में फेंकने के बजाय गड्ढों में वैज्ञानिक विधि से निस्तारित किया जाए, जिससे प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग को भी निर्देशित किया कि विद्यालयों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए, बच्चों को कचरा पृथक्करण, स्वच्छ जल स्रोत, वृक्षारोपण और स्वच्छ परिसर की महत्ता से अवगत कराया जाए।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कन्नौजः कन्नौज पुलिस ने लौटाए खोये हुए 222 मोबाइल, धारकों के चेहरों पर लौटी खुशी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। सर्विलांस टीम द्वारा खोए हुए 222 मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपए) बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किये गये। आज पुलिस अधीक्षक जनपद विनोद कुमार द्वारा दिये गये निदेशों के क्रम में जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा जनपद कन्नौज में खोए हुए 222 मोबाइल फोनों को सीए आईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया, बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा सम्बन्धित मोबाइल धारकों को सौंपा गया । मोबाइल धारकों द्वारा अपना खोया हुआ मोबाइल फोन वापस पाकर अत्यन्त प्रसन्नता जाहिर करते हुए कन्नौज पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई । मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हें अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा किन्तु पुलिस द्वारा किये



सराहनीय प्रयासों से उनका खोया हुआ फोन वापस मिल सका है । वर्ष- 2025 में अब तक 372 फोन रिकवर किये गये है।

मोबाइल धारकों को सचेत करते हुये पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार द्वारा मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया पोर्टल के विषय में बताया गया कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित इस पोर्टल के माध्यम से आप अपना मोबाइल खो जाने की स्थिति में सर्वप्रथम के माध्यम से /सम्बन्धित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है, इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ उएक्क पोर्टल की वेबसाइट (www.ceir.gov.in) पर जाकर गुम/चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है।

# बाइकों की भिडन्त में एक बाइक पर सवार मासूम सहित महिला घायल, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर सुजरही गांव के समीप बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार मासूम सहित महिला घायल हो गई। घायल अवस्था मे उनको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया ।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा कस्बा निवासी आरिफ अपनी 21 वर्षीय पत्नी राबिया और अपने भाई



मो० शरीफ के 3 वर्षीय पुत्र हारिश को बाइक पर सवार कर घर से किसी काम के लिए खागा कोतवाली क्षेत्र गया था। तभी कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर सुजरही गांव के समीप पीछे से निकला बाइक सवार आपकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक पर सवार राबिया मासूम हारिश को लेकर रोड पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था मे उनको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसके उनका इलाज कर रहे हैं।

## अलग-अलग थाना क्षेत्रो में एचटी लाइन की चपेट में आकर दो युवक गंभीर, डॉक्टर ने किया मृत घोषित, परिजनों में मचा कोहराम

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रो में दो युवक 11 हजार लाइन के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उनको मृत घोषित कर दिया तो साथ आए परिजनों में कोहरा मच गया। जानकारी के अनुसार मलवा थाना क्षेत्र के अढ़ेना गांव निवासी तेज बहादुर का 35 वर्षीय पुत्र ज्ञानेंद्र गांव के समीप स्थित ट्यूवेल के पास हार्वेस्टर से धान के खेत की कटाई कर रहा था। तभी वहां 11000 बिजलीं लाइन टूटी पड़ी थी जिससे वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। इसी तरह धाता थाना क्षेत्र डेडा शई गांव निवासी मनोज दुबे जो ग्राम प्रधान है। उनको शासन से आदेश हुआ है कि पंचायत भवन में दीप उत्सव की फोटो खींचकर शासन को भेजे उसी की फोटो खींचने के लिए मनोज प्रधान ने अपने बड़े भाई जय नारायण उर्फ गुड्डू के 28 वर्षीय पुत्र शेष नारायन दुबे को पंचायत भवन की फोटो खीचने के लिए कहा। तभी शेष नारायन पंचायत भवन के गेट में उतरे 11 हजार लाइन के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। हादशे की जानकारी होने पर तुरंत मनोज प्रधान अपने वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया तो साथ आए दोनों के परिजनों में कोहराम मच गया। डॉक्टर ने मृतक ज्ञानेंद्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया। तो वही मृतक शेष नारायण के परिजन शव को घर लेकर चले गए। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर आदर्श ने बताया मलवा व धाता थाना क्षेत्रो में अलग-अलग जगह एक-एक युवक बिजली के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए थे। उनको इलाज के लिए यहाँ लाया गया जिनकी यहाँ पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी।

# कन्नौजः 3227 छात्रों के खाते में बटन दवाकर भेजी गई छात्रवृत्ति

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत (कक्षा 11-12) के छात्र/छात्राओं को उनके आधार लिंक बैंक खातों में छात्रवृत्ति की धनराशि प्रेषित की गयी है। मुख्यमंत्री द्वारा छात्र/छात्राओं के खातों में अंतरित की गयी छात्रवृत्ति की धनराशि का आयोजन लखनऊ में किया गया। जनपद कन्नौज में प्रथम चरण में तीनों विभागों के अनुसूचित जाति के 394



छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 0.552 लाख, सामान्य वर्ग के 237 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 0.711 लाख, पिछडा वर्ग के 2833 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 62.00 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 127 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 3.79 लाख व दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत में अनुसूवित जाति के 261 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 0.313 लाख, सामान्य वर्ग के 136 छात्र / छात्राओं के खातों में रू० 0.409 लाख पिछड़ा वर्ग के 781 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 10.50 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 49 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 1.54 लाख की धनराशि प्रेषित की गयी है। इस प्रकार द्वितीय चरण में तीनों विभागों के अनुसूधित जाति के 1495 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 25.89 लाख, सामान्य वर्ग के 624 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 25.12 लाख, पिछड़ा वर्ग के 2916 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 63.11 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 376 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 11.13 लाख व दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत में अनुसूचित जाति के 1285 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 18.19 लाख, सामान्य वर्ग के 670 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 23.76 लाख, पिछड़ा वर्ग के 2948 छात्र/छात्राओं के खाते में रू० 90.02 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 289 छात्र/छात्राओं के खातों में रू0 8.91 लाख की धनराशि प्रेषित की गयी है। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद के प्रत्येक विद्यालय में किया गया एवं छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

# कन्नौजः डीएम ने मित्रसेन पुर में लगाई चौपाल, आंगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालय भी देखे

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने आज विकास खंड कन्नौज के ग्राम मित्रसेनपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र एवं कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषाहार, शिक्षण व्यवस्था, उपस्थिति और ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पोषाहार की गुणवत्ता की जांच की और कार्यकर्त्री को निर्देश दिए कि दीपावली से पूर्व सभी पात्र बच्चों को पोषाहार का वितरण पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि वितरण रजिस्टर पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं अद्यतन रहे।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने



कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, मित्रसेनपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहें और नियमित रूप से शिक्षण कार्य संचालित करें। उन्होंने कक्षा 1 के बच्चों से गिनती और अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर पूछे, जिन पर बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिए। कक्षा 7 के बच्चों से विटामिन के फायदों से संबंधित जानकारी लेते हुए कहा कि स्वास्थ और विटामिन के लिए हरी सब्जी खाना आवश्य है। उन्होंने स्मार्ट क्लास के माध्यम से संचालित शिक्षण गतिविधियों को देखा और उसकी सराहना भी की।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षण कार्य संतोषजनक है, परंतु इसे और बेहतर बनाने के प्रयास निरंतर किए जाएं, ताकि बच्चों का भविष्य और अधिक उज्जवल हो सके।

निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवालय, मित्रसेनपुर में आयोजित ग्राम चौपाल की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों और ग्रामवासियों को निर्देश दिए कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन जैसी लाभकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का विजन विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 के अनुरूप जनपद में प्रत्येक ग्राम पंचायत को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारा सामूहिक दायित्व है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि उत्तर प्रदेश पोर्टल पर अपने विचार और सुझाव अवश्य साझा करें, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतेन्द्र ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत मित्रसेनपुर में अब तक 80 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला को गोद भराई किट का वितरण कर उनके स्वस्थ मातृत्व की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी

# कन्नौजः अधिक से अधिक मात्रा में बनवाएं आयुष्मान कार्ड : डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यू-विन योजना, आयुष्मान योजना, संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं अन्य विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 3 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2025 के मध्य अब तक 1515 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, इस कार्य में और तेजी लाते हुए अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। यू-विन पोर्टल



पर ब्लॉक सौरिख, कन्नौज एवं उमर्दा में फुल इम्यूनाइजेशन कवरेज में कमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हीमोग्लोबिन टेस्ट रिपोर्ट की फीडिंग का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को 31 अक्टूबर तक व्यापक स्तर पर चलाया जाए। विद्यालयों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा बच्चों को नाखून काटने, साबुन से हाथ धोने एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में 8 चिकित्सा विभाग एवं 56 पंचायती विभागों में कुल 64 फॉगिंग मशीनें उपलब्ध हैं। इनसे रोस्टरवार ग्राम पंचायतों में नियमित फॉगिंग कार्य सुनिश्चित किया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए कि आज एवं कल अधिकतम ग्राम पंचायतों में फॉगिंग कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम मवई एवं नूनारी में डेंगू के मरीज पाए जाने पर समीक्षा करते हुए कहा कि मेडिकल टीम निरंतर फील्ड में सक्रिय रहे और प्रभावित क्षेत्रों में समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों का मानदेय दीपावली से पूर्व प्रत्येक दशा में भुगतान कर दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधि कारीगण उपस्थित रहे।

# कन्नौजः आतिशबाजी भंडारण और विक्रय तथा उपयोग के लिए डीएम ने दिए खास निर्देश

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। उत्तर प्रदेश शासन ने दीपावली के त्यौहार पर अस्थायी अतिशबाजी भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग सुनिश्चित किये जाने तथा यथासम्भव अधिक से अधिक हरित पटाखों का प्रयोग किये जाने के निर्देश दिए है। जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया है कि विस्फोटक नियम-2008 (संशोधित) के नियम 84 तथा अन्य सुसंगत प्राविधानों के अनुसार पटाखों की बिक्री, खुले और सुरक्षित स्थानों पर ही हो, तथा उस स्थान की प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जाँच अवश्य कर ली जाये। पटाखों के निर्माण एवं भण्डारण के स्त्रोत की भी जाँच कर ली जाये, ताकि कहीं भी किसी अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े।

उन्होंने भारत का राजपत्र, गृह मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 15.07.2016 तथा विस्फोटक अधिनियम, 2008 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस हेतु रू 500-00 ट्रेजरी चालान से सम्बन्धित हेड में जमा कराने तथा अतिशबाजी की दुकाने लगाने की अवधि दिनांक 18-10-2025 से 20-10-2025 तक निर्देश जारी किए है। निर्देश दिए है कि इसके बाद कोई आतिशबाजी का विक्रय न किया जाये। आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री के बने शैड में रखे जाएगें जो इस प्रकार से बंद और सुरक्षित हो, जिसमें आअप्राधिकृत व्यक्तियों की उसमें पहुँच को निवारित किया जा सके।

जिला मजिस्ट्रेट ने आतिशबाजी के कब्जे और विक्रय के शैड एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर और सुरक्षित कार्य से पचास मीटर की दूरी पर होने एवं शैड एक-दूसरे के आमने-सामने नहीं होने तथा शैड में या शैडों की सुरक्षित दूरी के भीतर तेल से जलने वाले लॅपों, गैस लैंपों या खुली बत्तियों का उपयोग नहीं किए जाने के निर्देश दिए है। बताया है कि विद्युत बत्तियां यदि उपयोग की आ है, तो दीवाल पर या छत पर फिक्स किए जाएंगे। प्रत्येक दुकान के स्विचों को दीवालों पर दृढ़ रूप से फिक्स किया जाएगा और एक मुख्य स्विच की शेडों की प्रत्येक पंक्ति में व्यवस्था की जाएगी। आतिशबाजी के किसी शेड के पचास मीटर के भीतर प्रदर्शन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। एक समूह में पचास से अधिक दुकान अनुज्ञात नहीं की जाएंगी।

उन्होंने बताया है कि पटाखों/आतिशबाजी की दुकानों / गोदाम आबादी क्षेत्र से दूर खुले स्थान पर हों तथा फायर टेण्डर की समुचित व्यवस्था हो। इस हेतु अस्थायी आतिशबाजी की दुकानों का स्थान आबादी और व्यस्त बाजार / रिहायशी इलाकों से बाहर सुरक्षित दूरी और स्थान पर चयनित किया जाये। दुकान एक-दूसरे से अग्निशमन विभाग द्वारा निर्धारित दूरी पर रखी जायें। समय सायंकाल 08.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक की अवधि को छोड़कर पटाखे /आतिशबाजी के प्रयोग की अनुज्ञा नहीं दी जायेगी और रात्रि 10.00 बजे के बाद से आतिशबाजी / पटाखों का प्रयोग नहीं किया जायेगा। लड़ीदार पटाखों का उत्पादन, बिक्री तथा इस्तेमाल पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। केवल वही पटाखे / आतिशबाजी अनुमन्य होगी, जिनका ध्वनि का स्तर सीमित है। प्राधिकृत आतिशबाजी जिन पर विनिमार्ता का नाम एवं आतिशबाजी को जलाने के लिए विस्तृत निर्देश उल्लिखित हो, का ही क्रय एवं विक्रय किया जाये। 14- 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ यदि कोई व्यस्क न हो, तो उन्हें आतिशबाजी का विक्रय न किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि दुकान का आपातकालीन निकास द्वार पूरी तरह से खुला हो एवं उस रास्ते में किसी तरह की बाधा न हो। दुकान के अन्दर आतिशबाजियों या खरीददारों की भीड़ इकट्ठी न होने दें, ताकि आतिशबाजी के रख-रखाव के लिये पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे। दुकान में कोई खुली आतिशबाजी नहीं रखी जाये / प्रदर्शित न की जाये। आतिशबाजी विक्रय स्थल पर धूम्रपान तथा अन्य कोई ज्वलनशील पदार्थ का प्रयोग नहीं किया जायेगा। पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र एवं बालू से भरी बाल्टियों, पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता रखी जाये एवं सभी सम्बन्धित व्यक्ति अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग एवं स्थानीय अग्निशमन दल के साथ सहयोग करने के लिए पूर्णतः प्रशिक्षित होने चाहिए। दुकान के सामने कोई अस्थायी शेड या प्लेटफार्म न बनाया जाये। सुरक्षा के हित में दुकान के सामने खाली या भरे हुए आतिशबाजी के बक्शे न रखे। बिक्री स्थल पर आतिशबाजी विक्री के उपरान्त स्वच्छता बनाये रखने का उत्तरदायित्व विक्रेता का होगा। पॉलीथीन, प्लास्टिक, थमोकोल आदि का प्रयोग नहीं किया जायेगा। प्रमुख स्थानों पर स्थानीय भाषा में एक चेतावनी बोर्ड "विस्फोटक या खतरनाक पदार्थ "प्रदर्शित किया जाएगा।

क्लोरेटयुक्त आतिशबाजी जैसे कि रंगीन / तारा बत्तियों एवं रोल / डॉट कैप्स को दुकान में रखा या दुकान से विक्रय न किया जाये। केवल हरित पटाखे/आतिशबाजी का विक्रय या उपयोग अनुमन्य होगा। शान्त क्षेत्र में किसी भी समय आतिशबाजी / पटाखे नहीं छोड़े जायेंगे। शान्त क्षेत्र अस्पताल शैक्षिक क्षेत्र, न्यायालय, धार्मिक स्थल या घोषित अन्य किसी क्षेत्र से 100 मीटर की परिधि का क्षेत्रफल होगा। आतिशबाजी की दुकानों के लिए प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेन्स और कम से कम दो अग्निशमन वाहन उपलब्ध रखे जाये। अपर जिला मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (आयुध) आशीष कुमार सिंह ने बताया है कि अस्थाई आतिशबाजी की बिक्री हेतु संबंधित कार्यालय से अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के उपरांत अनुज्ञप्तिधारकों द्वारा

आतिशबाजी की दुकान चिन्हित स्थान पर लगाई जाएंगी।

उन्होंने बताया है कि तहसील कन्नौज क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हित स्थान के. के इण्टर कॉलेज, बोर्डिंग ग्राउंड एवं दुर्गा कोल्ड स्टोर के पीछे, गोवर्धन तिराहा तथा गंगाजी रोड फतेहपुर जसोदा और बी. डी. तिवारी इंटर कॉलेज का मैदान जलालाबाद कन्नौज में स्थान चिन्हित किया गया है।

इसी प्रकार तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के अंतर्गत छिबरामऊ देहात स्थित सौरिख विधूना रोड पर ककराई तालाब के किनारे एवं भारतीय शिक्षा सदन इंटर कालेज, सिकंदरपुर, खेल मैदान तथा राम लीला मैदान छिबरामऊ और चौकी प्रेमपुर से विशुनगढ़ थाने की ओर जाने वाले मार्ग परपड़े खेत व मुरादगंज क्रासिंग से मझपुरवा को जाने वाले मार्ग पर करीब 500 मीटर दूरी पर मुझपूर्वा, मेला बाजार सराय प्रयाग, राम लीला मैदान सौरिख, ग्राम भवालपुर मुखड़ा रोड के पास, हसेरन रोड के पास चौकी खड़नी, राम लीला मैदान सकरावा, राम लीला मैदान तालग्राम, अशोक गंगवार मेमोरियल इ.का. के सामने खाली पड़ी जमीन पर , राम लीला मैदान विशुनगढ़ स्थान चिन्हित है। उन्होंने बताया है कि तहसील तिर्वा क्षेत्र के अंतर्गत डीएन इंटर कालेज तिर्वा खेल मैदान एवं कोबृजेश अग्निहोत्री के ठठिया स्थित खेत में तथा राम लीला ग्राउंड हसेरन और नहर कोठी इंद्रगढ़ व नहर बंबा बेलामऊ सरैया, खुला मैदान मढपुरा , रामलीला मैदान, नादेमऊ तिर्वा क्षेत्र को चिन्हित किया गया है।

# फतेहपुर में खुलेआम चल रहा मौत का कारोबार!

### पूराइन चौराहा और थूरयानी बने झोलाछाप डॉक्टरों के अड्डे, स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर । जनपद फतेहपुर में स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल अब पूरी तरह से लचर हो चुका है। खागा के पूराइन चौराहा से लेकर थुरियानी रोड तक जगह-जगह झोलाछाप डॉक्टरों ने मौत की दुकानें खोल रखी हैं। बिना किसी पंजीकरण, योग्यता या अनुमति के खुलेआम इलाज का धंधा चल रहा है, और विभागीय अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।पूराइन चौराहा पर अंकुश नामक झोलाछाप डॉक्टर ने बिना सीएमओ पंजीयन के अवैध हॉस्पिटल खोल रखा है। यहाँ रोजाना मरीजों की लंबी कतारें लगती हैं और इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। गरीब और असहाय लोग लाचार होकर इन फर्जी डॉक्टरों के हाथों लुट रहे हैं। इलाज में लापरवाही और गलत दवाओं के चलते कई लोगों की जान पर बन चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं।इसी तरह थूरयानी रोड (विजयीपुर-हसवा क्षेत्र) में भी हिमांशु पाल और डॉ. श्यामू नामक व्यक्तियों द्वारा संचालित अवैध अस्पतालों में खुलेआम इलाज का दावा किया जा रहा है। न तो कोई रजिस्ट्रेशन है, न ही प्रशिक्षित स्टाफ – फिर भी ये मौत के सौदागर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाज के नाम पर हजारों रुपये वसूले जा रहे हैं और कई बार इलाज की लापरवाही से मरीजों की मौत तक हो चुकी है।क्षेत्रीय जनता का कहना है कि पूराइन चौराहा और थूरयानी दोनों अब झोलाछाप डॉक्टरों के गढ़ बन चुके हैं। हर गली, हर चौराहे पर बिना योग्यता वाले लोग अस्पताल खोलकर बैठे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन अस्पतालों से सांठगांठ कर चुके हैं, तभी कार्रवाई नहीं हो रही।जनता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फतेहपुर से मांग की है कि इन अवैध अस्पतालों पर तत्काल छापेमारी की जाए, जिम्मेदार झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाए। झोलाछाप डॉक्टर अब जान के दुश्मन बन चुके हैं – गरीबों की लाचारी पर खुला व्यापार चल रहा है, और स्वास्थ्य विभाग देखता रह गया है ।

# कटनी बड़वारा तहसील के रोहनिया में अवैध शराब की बिक्री, प्रशासन की अनदेखी

**समाज जागरण**

कटनी बड़वारा तहसील के ग्राम रोहनिया में अवैध शराब की बिक्री एक बड़ी समस्या बन गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पैकारी द्वारा तीन से चार जगहों पर अवैध शराब बेची जा रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**बच्चों का भविष्य खतरे में**

ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध शराब की बिक्री से गांव के पढ़ने वाले बच्चों पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कई बच्चे शराब की लत में पड़कर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाए।

**प्रशासन की अनदेखी**

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण अवैध शराब की बिक्री जारी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और गांव को शराब मुक्त बनाया जाए।

**कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन ग्रामीणों की मांग पर क्या कार्रवाई करता है।

**क्या है प्रशासन का जवाब**

इस संबंध में जब हमने प्रशासन से बात की, तो उन्होंने कहा कि अवैध शराब की बिक्री की जानकारी मिली है और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगा दी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रिपोर्टर - संतोष तोमर कटनी न्यूज

# पाली कन्या शिक्षा परिसर में सक्षम ईयर 2 मॉड्यूल का हुआ विमोचन

**जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड मड़वा टोला के प्रतिनिधि सीएसआर हेड संतोष राजपूत द्वारा पाली ब्लॉक के 80 विद्यालयों के लिए मॉड्यूल प्रिंट करा कर उपलब्ध कराया गया**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया जिले के कन्या शिक्षा परिसर पाली में जनजातीय कार्य विभाग व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में जीवन कौशल सक्षम कार्यक्रम के तहत ईयर 2 के लाइफ स्किल मॉड्यूल कक्षा 7-10, जेंडर मॉड्यूल कक्षा 6-10 एवं रोजगार शिक्षा मॉड्यूल कक्षा 11-12 का विमोचन सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य डॉ. पूजा द्विवेदी,सरिता जैन




विकास खंड शिक्षा अधिकारी पाली एवं संतोष शिवहरे बीआरसीसी पाली द्वारा किया गया। विदित हो जेएस डब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड मड़वा टोला के प्रतिनिधि सीएसआर हेड संतोष राजपूत द्वारा पाली ब्लॉक के 80 विद्यालयों के लिए मॉड्यूल प्रिंट करा कर उपलब्ध कराया गया है, जिसे विमोचन के उपरांत उपस्थित अतिथियों द्वारा संबंधित विद्यालयों को वितरित किया गया, इससे सक्षम कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सहयोग मिलेगा। संतोष राजपूत द्वारा उनके इस सहयोग के लिए विभाग द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के उपरांत सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग ने कहा कि संकुल स्तर पर जन शिक्षक प्रत्येक माह की 20 से 25 तारीख के बीच समीक्षा करें। प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में दो दो विद्यालयों को षक्षम मॉडलष बनाएं, ताकि आसपास के विद्यालय उनसे प्रेरणा लेकर और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। जिले में सभी को टीम भावना से कम कर जिले की प्रगति के लिए निर्देशित किया।सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक महाराणा प्रताप सिंह को प्रगति की रिपोर्ट हर माह की 27 तारीख को उन्हें प्रस्तुत करने के लिए कहा,ताकि माह के अंत में निर्धारित गतिविधियों का शत प्रतिशत संचालन एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा सके। विदित हो कि गत वर्ष सक्षम कार्यक्रम में उमरिया जिला मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस दौरान माध्यमिक शाला बिझला टोला से रजनीकांता खरे द्वारा अपने विद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिस साझा करते हुए कार्यक्रम से विद्यार्थियों के जीवन में आ रहे परिवर्तनों के सफलता की कहानी प्रस्तुत की गई। साथ ही बच्चों द्वारा बनाई गई मेरी सीख की किताब का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पहले और सक्षम कार्यक्रम के बाद क्या परिवर्तन हुए उदाहरण सहित प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय पांडेय द्वारा किया गया। कार्यशाला में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पाली के प्राचार्य तेन सिंह रघुवंशी, सभी मास्टर ट्रेनर्स संजय पाण्डेय, वीरेंद्र गर्ग, सरिता गुप्ता, सभी बीएसी, जनशिक्षक व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संजय गौतम , नागूलाल हाड़ा, श्री अविनाश वर्मा, महारान प्रताप सिंह परमार, संदीप मिश्रा , नीरज तिवारी, ब्लॉक प्रबंधक संदीप शुक्ला व कन्या शिक्षा परिसर पाली के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# कटनी में दर्दनाक हादसा: नो एंट्री में घुसे ट्रक ने सफाई कर्मी की ली जान, परिजनों ने किया रास्ता जाम

**समाज जागरण कटनी**

कटनी में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। जिसमें एक नगर निगम सफाई कर्मी की जान चली गई। हादसा उस वक्त हुआ जब एक ट्रक नो एंट्री के बावजूद सड़क पर चल रहा था। और उसने सफाई कर्मी को कुचल दिया। घटना के बाद परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर रास्ता जाम कर दिया और वाहन चेकिंग में ढील का आरोप लगाया।

**परिजनों का आरोप**

परिजनों ने आरोप लगाया है। कि नो एंट्री के बावजूद ट्रक को शहर में प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से मांग की है। कि ट्रक चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उन्हें न्याय दिया जाए।

**रास्ता जाम**

परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर रास्ता जाम कर दिया है। और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। उनका कहना है। कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे शव को नहीं उठाएंगे।

**प्रशासन की कार्रवाई**

प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। और ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। लेकिन परिजनों का गुस्सा अभी भी शांत नहीं हुआ है। और वे न्याय की मांग कर रहे हैं।

**न्याय की मांग**

परिजनों ने प्रशासन से मांग की है। कि ट्रक चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उन्हें न्याय दिया जाए। अब देखना यह है। कि प्रशासन परिजनों की मांग को कितनी जल्दी पूरा करता है।

# गांजा तस्करी का काला साम्राज्य:

**दिगंबर और दीपक के 'नशे की सत्ता' से कराहता कोयलांचल, कब जागेगा प्रशासन?**

**समाज जागरण अमलाई**

जहाँ कभी कोयले की खदानों से विकास और समृद्धि की उम्मीदें जुड़ी थीं, वही कोयलांचल क्षेत्र आज गांजे की दुर्गंध से दम तोड़ता नजर आ रहा है। गिरवा, अमलाई, बरगवां , ओपीएम, अमराडंडी, बुढार से लेकर अनूपपुर तक एक अघोषित नशा साम्राज्य तेजी से फैल चुका है – और इसके पीछे दो नाम उभरकर सामने आ रहे हैं: दिगंबर और दीपक। इन दोनों पर गांजे की तस्करी, नाबालिगों की भर्ती, और संगठित अपराध का नेटवर्क खड़ा करने जैसे गंभीर आरोप हैं। लेकिन सवाल यह है कि प्रशासन अभी तक चुप क्यों है? क्या यह लापरवाही है या किसी मिलीभगत का नतीजा?

गांव-गांव फैला नशे का जाल, युवाओं का भविष्य खतरे में स्थानीय सूत्रों का दावा है कि दिगंबर और दीपक का नेटवर्क बेरोजगार युवाओं को "आसान पैसे" का लालच देकर इस अवैध धंधे में उतारता है। स्कूली छात्र, कॉलेज के युवा और यहां तक कि नाबालिग बच्चे भी अब इस काले कारोबार का हिस्सा बन चुके हैं। बस स्टैंड, बाजार, स्कूल कॉलेज हर जगह अब गांजे की पुड़ियाँ खुलेआम बिक रही हैं।

कलम के बदले गांजा थाम रहे हैं युवा ।यह सिर्फ एक अपराध नहीं, पूरे समाज की आत्मा को खोखला करने वाली त्रासदी बन चुकी है।

**करोड़ों की संपत्ति, लेकिन कोई पूछताछ नहीं!**

कुछ वर्षों में दिगंबर और दीपक ने आलीशान मकान, महंगी गाड़ियाँ, और बेशकीमती जमीनें कैसे हासिल कर लीं? क्या यह सब पुलिस और प्रशासन की जानकारी के बिना मुमकिन था? सूत्रों का कहना है कि यदि निष्पक्ष और गहन जांच हो तो इनके नेटवर्क से जुड़े कई सफेदपोश व्यापारी, राजनेता और संभवतः अधिकारी भी बेनकाब हो सकते हैं।

प्रशासन की नाकामी या संरक्षण?

जब पुलिस और नारकोटिक्स विभाग नशा मुक्ति के दावे करते हैं, तब यह सवाल और गंभीर हो जाता है कि दिगंबर और दीपक जैसे अपराधी खुलेआम अपना साम्राज्य कैसे चला रहे हैं? अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई?क्या यह केवल प्रशासनिक कमजोरी है या फिर कहीं गहरी राजनीतिक और अफसरशाही की मिलीभगत? व्हाट्सएप कॉल और मोबाइल नेटवर्क से चलता सिंडिकेट जानकारों की मानें तो इन तस्करों का नेटवर्क पूरी तरह तकनीक आधारित हो चुका है। मोबाइल नंबरों और व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए सिंडिकेट का संचालन होता है। ग्रामीण इलाकों से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर तक इनके तार फैले हुए हैं। यदि मोबाइल रिकॉर्ड, बैंक लेनदेन, और संपत्ति की जांच ईमानदारी से की जाए, तो यह पूरा संगठित गिरोह बेनकाब हो सकता है। यह सिर्फ नशा नहीं, सामाजिक विनाश हैयह मामला केवल मादक पदार्थ तस्करी का नहीं, पूरे समाज को अंधकार में धकेलने का मामला है। यह युवाओं के भविष्य पर हमला है, यह कानून व्यवस्था को चुनौती है, यह नैतिक पतन का गंभीर संकेत है। अब नहीं चेते, तो बहुत देर हो जाएगीयदि जल्द ग्रै२५ी कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र अपराध, नशा और अराजकता का गढ़ बन जाएगा। और इसके लिए जिम्मेदार होंगे सिर्फ तस्कर नहीं, बल्कि वे सभी अधिकारी और नेता जो आज चुप हैं। अब उंगली नहीं, कानून का हथौड़ा चलना चाहिए समाज को नशे के जहर से बचाने के लिए अब सिर्फ भाषण नहीं, निर्णायक और साहसी कदम उठाने की आवश्यकता है।

दिगंबर और दीपक जैसे तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, और उनके नेटवर्क की जड़ से सफाई जरूरी है।

# ईशा गौतम खेल मंत्रालय में जिला युवा अधिकारी नियुक्त

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । जिला मुख्यालय के ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी ईशा गौतम को भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय में जिला युवा अधिकारी/ सहायक निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। ईशा गौतम पिपरिया निवासी कॉन्टैक्टर रामलाल गौतम और ग्रहणी अंजू गौतम की बेटी है। ईशा दो बार लगातार यूपीएससी की मेंस परीक्षा उत्तीर्ण



करने के बाद इंटरव्यू में मिली कुछ निराशा से हार न मानने हुए ये सफलता हासिल की है।

उन्होंने कहा कि वे आगे भी लगातार यूपीएससी की तैयारी में जुटी रहेंगी। उनका अंतिम लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनने का है, जिसे वे हर हाल में पूरा करेंगी। ईशा की उपलब्धि पर ग्रामीणों ने इसे गांव के साथ जिले के लिए गौरव की बात बताया है।

# कृषि मजदूरों की समस्याओं के निदान हेतु कृषि एवं मजदूर महासंघ ने सोपे ज्ञापन

**समाज जागरण**

अनूपपुर।अखिल भारतीय कृषि एवं ग्रामीण मजदुर द्वारा माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन को अपर कलेक्टर अनूपपुर दिलीप पांडे को सोपा गया। ज्ञापन में कृषि मजदूरों एवं लघु सीमांत किसानों की अधोलिखित समस्याओं के निरा करण हेतु सभी प्रदेशों के समस्त जिलों मे धरना आयोजित करने की बात कही गई। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक दिनांक 17 एवं 18 अगस्त 2025 में लिए गए निर्णय के अनुसार दिनांक 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर, 2025 के बीच देश के अन्दर सर्वाधिक समस्या वाले श्रम शक्ति कृषि मजदूर एवं लघु सीमांत किसान जो आज भी शोषित, पीड़ित एवं वंचित के रूप



में जिन्दगी गुजारने पर विवस है और अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आपकी और आशा और विश्वास से देख रहा है। महासंघ का आग्रह है कि निम्नलिखित समस्याओं का निराकरण अतिशीघ्र कराया जाय जिससे 26 करोड़ की सख्या वाला कृषि श्रमिक मुख्य धारा से जुड़ सके। यह भी कहा गया कि लघु सीमांत किसान एवं कृषि मजदूरों हेतु केन्द्र द्वारा पृथक कल्याण बोर्ड का गठन किया जाय एवं सभी प्रदेशों में गठन हेतु केन्द्र से निर्देश जारी किए जाय,कृषि मजदूरों एवं लघु सीमांत किसानों को ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर सम्पूर्ण उद्यम योजनाओं का लाभ दिलाया जाय। जिससे इन्हे स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त हो सके,किसान उत्पादक संगठनों (एफ०पी०ओ०) में लघु एवं सीमात कृषकों के साथ भूमि हीन कृषि मजदूरों को शेयर धारक के रूप में शामिल किया जाय,प्राकृतिक आपदा के समय किसानों को मुआवजा के साथ ही साथ कृषि मजदरों को भी रोजगार क्षति पूर्ति प्रदान कराई जाए। कृषि कार्य को मनरेगा से जोड़कर लघु एवं सीमांत किसानों के भी मनरेगा श्रमिकों को कर पर लगाया जाए एवं कार्य दिवस 100 से बढ़कर 200 दिन की जाए प्राकृतिक आपदा के समय 50% फसल नुकसान होने पर केसीसी का संपूर्ण बीमा कंपनी द्वारा चुकाया जाए, भूमिहीन कृषि मजदूरों को कृषि कार्य हेतु बंजारा अत्यधिक जल भराव वाली अनुप्रयुक्त जमीनों को उपजाऊ बनाकर प्रदान कराई जाए, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने हेतु लघु सीमांत कृषकों को 100% अनुदान पर ऋण एवं आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराया जाए आवारा गोवंश एवं वन्य प्राणियों से फसल सुरक्षा हेतु किसानों के खेतों का फ्री तरवाड़ी एवं फेंसिंग हेतु जाली प्रदान कराई जाए किसान सम्मन निधि की राशि बढ़ाकर प्रतीकिश्त ₹10000 किया जाए एवं 60 वर्ष पूर्ण होने पर कृषि मजदूर एवं लघु सीमांत किसानों को ₹5000 प्रतिमा पेंशन के रूप में दिया जाए कृषि मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योग स्थापित किए जाएं एवं संचालित बड़े उद्योगों में स्थानीय श्रमिकों को ही कार्य प्रदान किया जाए। ज्ञापन देते समय विक्रम सिंह प्रदेश संगठन मंत्री, श्रवण भट्ट पर्यावरण प्रभारी, रामप्रकाश द्विवेदी पूर्व जिला अध्यक्ष अनूपपुर अवधेश पटेल जिला अध्यक्ष, जयराम रामशरण कोल, राजमणि कॉल रमेश पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 3 माह के अंदर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश।

**निकाय में निर्माण एवं विकास कार्य वरीयता से कराए जाने का सार्थक पहल। डॉ राज तिवारी**

**समाज जागरण**

बरगवां ।नगर परिषद भार्गव बरगवां अमलाई देवहरा सकोला अंतर्गत एक दर्जन विकास कार्यों व निर्माण की स्वीकृति तीन माह के अंदर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कराए जाने का निर्देश जिला कलेक्टर अनूपपुर के द्वारा दिया गया। नगर उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी के द्वारा लिखित रूप से क्षेत्र के विकास को लेकर सभी वार्डों में कई निर्माण कार्यों के विषय में कोल विकास प्राधिकरण दर्जा कैबिनेट मंत्री रामलाल रौतेल के निर्देशन में सभी लिखित रूप से मांगे गए कार्यों को त्वरित रूप से कराए



जाने आदेश तत्परता के साथ कराया गया। निकाय क्षेत्र अंतर्गत कराए जाने वाले संपूर्ण कार्यों में सर्वप्रथम 30 0 स्ट्रीट लाइट पोल सहित, जोधपुर स्वीट्स से लेकर जोहर पटना कला तक स्ट्रीट लाइट पोल सहित, वार्ड क्रमांक 3 में जिम निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 में लाइब्रेरी निर्माण, वार्ड क्रमांक 11 में तालाब सौंदर्यकरण, वार्ड क्रमांक 11 में स्टेडियम एवं सौंदर्यकरण, वार्ड क्रमांक 4 में स्टेडियम निर्माण, वार्ड क्रमांक 1 से 5 के बीच मैरिज हॉल निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 में चिल्ड्रन पार्क का निर्माण, वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक नवीन सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट पोल सहित, नवीन कार्यालय निर्माण कार्यों को लेकर त्वरित निर्देश दिए जाने की मांग की गई है।

# खैरहा एवं जमुई में बामन परी का खेल जोरों पर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। शहडोल जिले के अंतर्गत खैरहा एवं जमुई में बीते कई दिनों से वामन परी का खेल जोर शोर से संचालित हो रहा है और संचालकों द्वारा जगह बदल बदल कर खेल खिलाया जा रहा है। दीपावली आते ही वामन परी का यह खेल ग्रामीण अंचल क्षेत्र में तेजी से बढ़ भी रहा है किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सोहागपुर थाना अंतर्गत ग्राम जमुई वैसे भी अवैध कारोबार के लिए हमेशा ही चचाओं में रहा है चाहे वह जुआ हो सकता हो या फिर अवैध रूप से शराब की बिक्री यह क्षेत्र सदैव ही चर्चित रहा है। जानकारी के अनुसार अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन भी सोपा गया है। वर्तमान मंडल अध्यक्ष के पूर्व पूर्व मंडल अध्यक्ष के कार्यकाल में भी यह क्षेत्र हमेशा ही अवैध कारोबार का गढ़ रहा है। शहडोल जिले के ही अंतर्गत खैरहा भी इन दोनों अवैध कारोबारी का गढ़ बनते जा रहा है। जन चर्चा के मुताबिक तबरेज एवं आरडी नामक व्यक्तियों द्वारा इस क्षेत्र में जुए के खेल का संचालन किया जा रहा है।

# एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना से विस्थापित एवं प्रभावित पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाह रणालय सभागार में एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना से विस्थापित एवं प्रभावित पंचायतों के जन प्रतिनिधियो,पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, उपमुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य प्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य परियोजना क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावित परिवारों की समस्याओं को निकटता से समझना और उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना था। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, अस्पताल एवं रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मांगें रखीं। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों के अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।




उन्होंने कहा कि आपके अधिकार को सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुआवजा, पुनर्वास, स्थानीय रोजगार और सामुदायिक विकास से जुड़ी प्रत्येक समस्या का समाधान प्रशासनिक और संवादात्मक प्रक्रिया से किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि रूल ऑफ लॉ सर्वोपरि है, और प्रशासन सदैव पारदर्शी तरीके से ग्रामीणों के साथ खड़ा रहेगा। प्रत्येक पात्र लाभुक को उसकी निर्धारित राशि एवं योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव कदम उठाएगा। उपायुक्त ने जन प्रतिनिधियों से अपील की कि वे प्रशासन और ग्रामीणों के बीच संवाद का माध्यम बनें, ताकि समस्याओं का शीघ्र और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास एवं कम्युनिटी डेवलेपमेंट के लिए कई योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदा धिकारी, सदर एसडीओ, बड़ कागांव सीओ, बीडीओ एवं जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंधेरे से उजाले की ओर, कैमोर नगर परिषद अध्यक्ष ने बस स्टैंड पर लगवाई नई हाईमास्ट लाइट

**दीपावली से पहले अमरैयापार क्षेत्र हुआ रौशन, यात्रियों ने जताया आभार**

**समाज जागरण**

विजयराघवगढ़ ।दीपावली पर्व से पहले कैमोर नगर परिषद ने नगरवासियों को एक बड़ी सौगात दी है। नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर के निर्देशन में अमरैयापार बस स्टैंड पर वर्षों से बंद पड़ी हाईमास्ट लाइट को बदलकर नई लाइट लगाई गई। नगर परिषद के तकनीकी दल ने सुबह से ही बस स्टैंड परिसर में पहुंचकर पुराने उपकरणों को हटाया और नई एलईडी हाईमास्ट लाइट स्थापित की। अब यह पूरा क्षेत्र रात्रि के समय पूरी तरह प्रकाशमय रहेगा, जिससे यात्रियों और राहगीरों को राहत मिलेगी। नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर ने बताया कि दीपावली जैसे पर्व पर नगर के प्रमुख स्थानों को प्रकाशमय बनाना परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा नगर के हर कोने तक उजाला पहुंचे, यही हमारी कोशिश है। यह कार्य सिर्फ सुविधा नहीं बल्कि सुरक्षा से भी जुड़ा है। स्थानीय नागरिकों वार्ड पार्षद और यात्रियों ने नगर परिषद के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि लंबे समय बाद बस स्टैंड क्षेत्र में फिर से रौशनी लौटी है।नगर परिषद टीम द्वारा अन्य वार्डों और सार्वजनिक स्थलों पर भी लाइट मरम्मत और सफाई कार्य किए जा रहे हैं, ताकि दीपावली का त्यौहार पूरे नगर में उजाले और स्वच्छता के संदेश के साथ मनाया जा सके।

# जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर - कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं, लंबित प्रकरणों तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी, और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब विद्युत पोलों की मरम्मत तत्काल कराई जाए तथा




विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जाए।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी प्रकरण समय सीमा से अधिक लंबित न रहे, प्रत्येक शिकायत या आवेदन का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि उद्यमियों के साथ समन्वय बनाते हुए उनकी व्यावहारिक कठिनाइयों का स्थायी समाधान खोजा जाए, ताकि औद्योगिक विकास की गति को और बल मिल सके।

बैठक में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिले के अनेक उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# नई खतियान लागू नहीं होने से परेशान हैं छतरपुर के रैयत, त्रुटियों को सुधार कर अविलम्ब लागू हो: अरविंद

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुरः पलामू में भूमि सुधार कार्यालय के द्वारा अजब गजब कारनामा किया जा रहा है। ताजे मामले की बात करें तो पलामू जिले में सारे प्रखंडों के नये खतियान लागू हो गये हैं, सिर्फ छतरपुर का आधा अधूरा त्रुटियुक्त खतियान लागू होने से छतरपुर के रैयतों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मसलन की न तो एनएचएआई द्वारा उनकी अधिग्रहित भूमि का मुआवजा मिल पा रहा है और न ही वे कोई आवश्यक कार्य ही कर पा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और छतरपुर के नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने इस मामले में पलामू के भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ और पलामू जिले के डीसी से इसे अविलम्ब लागू करने की मांग की है, ताकि रैयतों को उनका वाजिब हक मिल सके उन्होंने कहा कि खतियान में कई त्रुटियां भी हैं जिसमें सुधार की जरूरत है।कहा कि अफसोस इस बात का है कि नया खतियान लागू न होने से छतरपुर के जिन रैयतों की जमीन फोर लेन निर्माण के दौरान अधिग्रहित की गई थी उन्हें अभी तक उनके मुआवजे




का भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके कारण वे दर बदर की ठोकरें खा रहे हैं। एनएचएआई के द्वारा छतरपुर में जो सड़क बनाई गई है उसमें जिनकी भी जमीन अधिग्रहित की गई है, उनमें से अधिकांशों को मुआवजा नहीं मिल पाया है, साथ ही साथ उन्हें कई अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जबकि छतरपुर छोड़कर पलामू जिले के सभी प्रखंडों में नया खतियान लागू हो गया है और उसके अनुसार एनएचएआई के द्वारा भुगतान भी किया जा चुका है।

इस मामले में रैयत सोनू कुमार बबलू चंद्रवंशी पिंटू कुमार, महेंद्र साहू, सत्येंद्र कुमार, सोनू चौधरी, मनोज चौधरी, राकेश कुमार, अनूप कुमार चौधरी, अरविंद कुमार, यदु प्रसाद, अशोक प्रसाद, बिनोद प्रसाद, राजेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार सहित सैकड़ो रैयत ऐसे हैं, जो नया खतियान लागू नहीं होने से भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। छतरपुर के लोगों ने सरकार और अधिकारियों से सहानुभूति पूर्वक उनकी समस्याओं के निदान की मांग की है साथी कहा है कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे लोग आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे

## ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी वासुदेव सिंह नामांकन पर्चा किया दाखिल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगढ़ जिला के ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 53 से निर्दलीय प्रत्याशी वासुदेव सिंह ने नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। नामांकन दाखिल करने



के बाद जब वासुदेव सिंह बाहर निकले, तो उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने वासुदेव सिंह को फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। नामांकन दाखिल करने के बाद बड़ी संख्या में समर्थकों का खासा उत्साह देखा गया।

## ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी फैजान अहमद ने नामांकन किया दाखिल,समर्थकों में हर्ष का माहौल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की नामांकन प्रक्रिया जोरों पर है। ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र 53 से निर्दलीय प्रत्याशी फैजान अहमद ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। फैजान अहमद जो जिला परिषद सदस्य हैं। किशनगंज के डीआरडीए भवन स्थित डीडीसी कार्यालय में शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद बाहर निकले, तो उनके समर्थकों ने फूल-मालाओं पहना कर जोरदार स्वागत किया। समर्थकों में खासा उत्साह देखा। समर्थकों ने फैजान अहमद जिंदाबाद और जनता का नेता कैसा हो फैजान अहमद जैसा हो जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान कर रहे थे। वही फैजान अहमद ने कहा कि मेरा उद्देश्य राजनीति नहीं सेवा और विकास होगा, उन्होंने कहा शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार प्रमुख मुद्दे हैं, लेकिन ठाकुरगंज के कुछ क्षेत्र हैं जो नदी कटाव से ग्रस्त है और कुछ क्षेत्र हैं जहां पर फैक्ट्रियां लगी है लेकिन वहां के लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और प्रदूषण के मारे हुए लोग हैं ऐसे तमाम मुद्दे जो अलग-अलग पंचायतों का है उन मुद्दों पर काम करने का कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा जनता के विश्वास और सहयोग से ठाकुरगंज में विकास की नई कहानी लिखी जाएगी। मौके पर सैकड़ों समर्थकों में नामांकन के बाद से ही जबरदस्त जोश और उम्मीद का माहौल देखा जा रहा है। लोग इसे ठाकुरगंज की राजनीति में एक नई दिशा की शुरूआत बता रहे हैं।

## आदर्श आचार संहिता के दौरान सघन वाहन जांच में पांच लाख तीस हजार रुपये बरामद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निदेशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निरंतर सघन वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में कोचाधामन थाना के सामने एसएसटी चेक पोस्ट के पास 17 अक्टूबर शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक कार सवार व्यक्ति अफसार रजा, थाना-बायसी,पर्णियों के पास से 5,30,000/- (पांच लाख तीस हजार रुपये नगद) बरामद किया गया। बरामद राशि के संबंध में पुलिस द्वारा जब उनसे वैध कागजात / प्रमाण प्रस्तुत देने को कहा गया, तो कोई दस्तावेज नहीं दिया और न ही कोई संतोषजनक उत्तर दिया। बरामद नगद राशि को जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया एवं निवार्ची पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी, कोचाधामन को सूचित किया गया है।

## पटना पुलिस ने किया तीन जुआरियों को गिरफ्तार, हजारों रुपये बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ दिवाली पर्व के मद्देनजर पटना पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसी क्रम में गोपालपुर थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात संपतचक इलाके में संचालित एक जुए के अड्डे पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 59 हजार 700 रुपये नकद बरामद किए हैं। गोपाल पुर थाना के पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि संपतचक क्षेत्र में कुछ लोग दिवाली के मौके पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। मौके से बिट्टू आर्यन, महेश कुमार और एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान जुआ खेलने में इस्तेमाल किए गए ताश की गड्डी, नकद राशि और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले में गैम्बलिंग एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और अन्य सहयोगियों की तलाश जारी है।

## अधिवक्ता पर झूठा आरोप लगाकर उगाही के प्रयास का आरोप, बार काउंसिल से शिकायत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज के एक प्रतिष्ठित संवेदक (Class-1 Contractor)मकबूल आलम के विरुद्ध झूठा एवं तथ्यहीन आरोप लगाकर अवैध उगाही करने के मामले में किशनगंज अधिवक्ता संघ के सदस्य अधिवक्ता सरफराज अली खान नियाजी (एनरोलमेंट संख्या1058/2012) के खिलाफ बिहार राज्य बार काउंसिल, पटना में गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई है।

यह शिकायत सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत संस्था) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय आरटीआई कार्यकर्ता भारत, हसीबुर रहमान द्वारा की गई है। शिकायत में कहा गया है कि अधिवक्ता सरफराज अली खान नियाजी ने दिनांक 03 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन, ठाकुरगंज शाखा और पुलिस अधीक्षक, किशनगंज को एक झूठा आवेदन देकर मकबूल आलम पर गंभीर आरोप लगाए थे। जब मकबूल आलम को इस आवेदन की जानकारी हुई और उन्होंने अधिवक्ता से संपर्क किया, तो कथित रूप से अधिवक्ता ने 25 लाख रुपए की अवैध मांग करते हुए कहा कि यदि राशि दी जाती है तो मामला समाप्त कर दिया जाएगा, अन्यथा पॉक्सो एक्ट में जमानत नहीं मिलेगी। इस मामले में हसीबुर रहमान ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अधिवक्ता द्वारा उक्त आवेदन बिना वकालतनामा, बिना सहमति और बिना प्राधिकृत हस्ताक्षर के, एक नाबालिग युवती के नाम से दिया गया था। बाद में जब पीड़िता बताई गई युवती सानिया और उसकी माता गुलफा खातून से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनके नाम से किसी भी प्रकार का आवेदन नहीं दिया गया है। युवती और उसकी माता ने दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को जिला न्यायालय किशनगंज में शपथ पत्र देकर स्पष्ट किया कि अधिवक्ता द्वारा उनके नाम का दुरुपयोग कर झूठे आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि अधिवक्ता द्वारा उस भ्रामक आवेदन को सोशल मीडिया (व्हाट्सएप समूहों आदि) में भी सार्वजनिक किया गया, जिससे मकबूल आलम की सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुँची है।

हसीबुर रहमान ने कहा कि यह अधिवक्ता आचरण संहिता का घोर उल्लंघन है। अधिवक्ता ने अपने पेशे का दुरुपयोग कर एक व्यक्ति को बदनाम करने और आर्थिक लाभ उठाने का प्रयास किया है।

उन्होंने बिहार राज्य बार काउंसिल से मांग की है कि अधिवक्ता सरफराज अली खान नियाजी के विरुद्ध अनुशा सनात्मक कार्यवाही कर उनका पंजीकरण निरस्त किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। शिकायत की प्रतिलिपि बार काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय पटना, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश किशनगंज, जिला बार एसोसिएशन किशनगंज, तथा विधि विभाग बिहार सरकार को भी भेजी गई है।

## पटना के संपतचक में मिला दुर्लभ चमगादड़

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के संपतचक क्षेत्र स्थित सोना गोपालपुर हनुमान मंदिर के पास देर शाम एक अनोखा चमगादड़ मिला जिसका चेहरा छोटे कुत्ते के बच्चे जैसा दिख रहा था। मंदिर के पुजारी वेद प्रकाश ने इसे पकड़ लिया, जिससे इलाके में उत्सुकता और हैरानी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने इतने बड़े और असामान्य चेहरे वाला चमगादड़ पहले कभी नहीं देखा। कुछ लोगों का मानना है कि यह हनुमान जी के दर्शन के लिए आया था, जबकि अन्य का कहना है कि यह घायल होकर गिरा था।चमगादड़ की बड़ी नाखून और असामान्य आकार को देखकर कई लोग इसे देखने के लिए मंदिर पहुंचे, और यह विषय संपतचक पूजा कोतवाल तक पहुँच गया। इस अनोखी घटना ने इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है। दीपावली के मौके पर इस अनोखे बड़ा चमगादड़ को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और पूजा पाठ भी करने लगे। हालांकि पुजारी ने उसे वही की एक पेड़ पर छोड़ दिया।

## किशनगंज अंचल- राजस्व अधिकारी गंगाराम टुडू पर भ्रष्टाचार के लगे गंभीर आरोप, निगरानी विभाग ने दिए जांच के आदेश,करोड़पति को गरीब बनाने का मामला

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




किशनगंज प्रखंड में स्थित अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व अधिकारी गंगाराम टुडू पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर एक करोड़पति व्यक्ति को 'गरीबी रेखा से नीचे' (BPL) की श्रेणी में शामिल करने का मामला प्रकाश में आया है। मो. नदीम नामक व्यक्ति, जिसका नाम कथित रूप से करोड़पतियों की सूची में शामिल है, उद्देश्य से उसकी वार्षिक आय को मात्र 59,000 रुपये दशार्ते हुए आय प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। इस मामले की शिकायत सीमांचल सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय आरटीआई कार्यकर्ता हसीबुर्रहमान ने निगरानी विभाग, पटना से की थी। शिकायतकर्ता हसीबुर्रहमान ने बताया की राजस्व अधिकारी गंगाराम टुडू न केवल पिछले पांच वर्षों से लगातार एक ही कार्यालय में जमे हुए हैं, बल्कि वह पूरी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं।

शिकायत में कहा गया है कि मो. नदीम नामक व्यक्ति, जिसका नाम कथित रूप से करोड़पतियों की सूची में शामिल है और जिसकी वास्तविक मासिक आय 30,000 रुपये से 45,000 रुपये के बीच है, उसे लाभ पहुँचाने के लिए अधिकारी ने उसकी वार्षिक आय को मात्र 59,500 रुपये दशार्या। यह आय प्रमाण पत्र गरीबी रेखा से नीचे (BPL) परिवार और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बनवाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, निगरानी विभाग (बिहार सरकार, सूचना भवन, पटना) ने इस पर संज्ञान लिया है। निगरानी विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी, डी.जी. ईरानी ने पत्रांक-5/नि०रा०/विविध-08/2025 के माध्यम से किशनगंज जिलाधिकारी को इस मामले को नियमानुसार निस्तारित करने हेतु आदेशित किया है। राष्ट्रीय आरटीआई कार्यकर्ता हसीबुर्रहमान ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जाँच की मांग करते हुए राजस्व अधिकारी गंगाराम टुडू के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर कठोर आपराधिक कार्रवाई करने की माँग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि मो. नदीम को गलत तरीके से BPL सूची में शामिल करने और BPL राशन कार्ड बनवाने की जांच भी की जानी चाहिए। यह मामला किशनगंज अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है, जहाँ सरकारी योजनाओं का लाभ अपात्र लोगों तक पहुँचाने के लिए अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। जिला प्रशासन से इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई की अपेक्षा है।

## झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के स्थायी कर्मचारी के द्वारा अंशुमान भगत को भेजा गया कानूनी नोटिस

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के स्थायी कर्मचारी मुकेश कुमार सिंह ने अंशुमान भगत उर्फ बिनय पासवान को 50 लाख रुपये के मुआवजे की कानूनी नोटिस भेजी है। इस संबंध में मुकेश ने बताया कि अंशुमान भगत ने व्यक्तिगत रंजिश को लेकर उनके खिलाफ झूठे और निराधार आरोप लगाकर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की है। नोटिस में कहा गया है कि अंशुमान भगत ने मुकेश सिंह की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया तथा बाद में वित्तीय अनियमितताओं की झूठी शिकायत दर्ज कराई। इस मामले की जांच सीतारामडेरा थाना में में दर्ज प्रकरण के तहत हुई थी, जिसमें पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट में सभी आरोपों को असत्य पाया। मुकेश सिंह ने बताया कि इन घटनाओं से उन्हें और उनके परिवार को गंभीर मानसिक तनाव और सामाजिक अपमान का सामना करना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर 50 लाख का मुआवजा नहीं दिया गया, तो वे अदालत की शरण लेंगे।

## पटना जिले के पालीगंज में अंतिम दिन नामांकन में उमड़ी जन सैलाब

### जन सुराज से डॉ. श्यामनन्दन शर्मा तो एनडीए से सुनील यादव ने भरा पर्चा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार विधानसभा क्षेत्र के पालीगंज विधानसभा सभा क्षेत्र संख्या 190 से स्थानीय अनुमंडल कार्यालय में नामांकन के दौरान शुक्रवार को जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान शुक्रवार को जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार डॉ. श्यामनन्दन शर्मा तथा एनडीए समर्थक लोजपा (आर) के उम्मीदवार सुनील यादव ने पर्चा दाखिल किया है। वही शुक्रवार को कुल 16 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया है। जबकि अबतक नामांकन करनेवालों में कुल 29 उम्मीदवार शामिल है। जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पालीगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 190 में आगामी नवम्बर को मतदान कराई जाएगी। जिसको लेकर 6 अक्टूबर से ही नामांकन प्रक्रिया शुरू है। इसी क्रम में नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को पालीगंज अनुमंडल कार्यालय में नामांकन कराने जन सुराज के उम्मीदवार सह प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. श्यामनन्दन शर्मा तथा एनडीए समर्थक लोजपा (आर) के उम्मीदवार सुनील यादव ने पहुंचे। जिनके नामांकन में पहुंचे समर्थकों तथा कार्यकर्ताओ की भीड़ जन सैलाब का रूप धारण कर लिया। अनुमंडल कार्यालय के बाहर सड़को पर दोनो के कार्यकताओं द्वारा जमकर नारेवाजी की जा रही थी। मौके पर जन सुराज के उम्मीदवार डॉ. श्यामनन्दन शर्मा ने कहा कि हमारी पार्टी बिहार में बदलाव लाना चाहती है और मैं पार्टी की सिंबल पर चुनाव मैदान में उतरा हूँ और मैं हमेशा पार्टी के विचारों का सम्मान करते हुए जनता की हक की लड़ाई लडूंगा। वही उन्होंने कहा कि मेरी लड़ाई किसी पार्टी से नही बल्कि भरष्ट्राचार से है। जितने के बाद मैं निःस्वार्थ रूप से जनता की सेवा करूंगा। आज शिक्षा का हालात ऐसा हो गया है कि सरकारी विद्यालय के शिक्षक छात्रों को ढूंढ रहे है जो दुर्भाग्य है। मेरी सरकार बनी तो परिवर्तन ओ होगा कि छात्रों द्वारा सरकारी विद्यालयों को ढूंढी जाएगी। जबतक सरकारी विद्यालयों की स्थिति नही सुधरेगी तबतक हमारी सरकार अपनी खर्च से छात्रों को निजी विद्यालयों में शिक्षा दिलाएगी। आज सरकारी दफ्तरों में भरष्ट्राचार चरम सीमा पर है मैं उसे समाप्त करने की लड़ाई लडूंगा। मेरी सरकार रोजगार का अवसर प्रदान कर बिहार से मजदूरों का पलायन रोकेगी। मनरेगा को कृषि से जोड़कर कामगारों के साथ किसानों को भी लाभान्वित करेगी। वही दूसरी ओर लोजपा प्रत्याशी सुनील यादव ने कहा कि मैं एनडीए की विचारों से सहमत हूँ और एनडीए के शासन काल मे हुए विकास की सराहना करता हूँ। वही उन्होंने कहा कि मैं किसी पद पर नही हूँ उसके बावजूद भी जब इलाके में पानी की समस्या थी तो सैकड़ो टैंकलॉरी की व्यवस्था कर क्षेत्र की जनता को लगातार एक माह तक पेयजल उपलब्ध कराया था। परियों में शहीद रामानुज यादव के नाम पर शहीद द्वार बनवाने की वादे कर कई दिग्जजो ने पीठ मोड़ लिया था। जिसे मैं अपनी निजी फंड से बनवाया हूँ। मुझे इस क्षेत्र की जनता से जुड़ाव है। पूर्व में भी मुझे इनका प्रेम मिला है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि इसबार भी मिलेगी। चुनाव जीतने के बाद मैं जनता के बीच बना रहूंगा और उनके सुख दुख में भागीदारी रहूंगा। मुझपर एनडीए भरोसा किया है जिसे टूटने नही दूंगा।

## एक दिया डाकघर के नाम

### जमशेदपुर प्रधान डाकघर में 1001 दीयों से होगा जगमग

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) : जमशेदपुर प्रधान डाकघर में 1001 दीयों से जगमग होगा 'दिया डाकघर के नाम' आयोजन जमशेदपुरः सिंहभूम डाक मंडल के तत्वावधान में आज (शुक्रवार, 17 अक्टूबर) शाम 6: 30 बजे जमशेदपुर प्रधान डाकघर (जीपीओ) में एक अनूठा और भव्य कार्यक्रम 'दिया डाकघर के नाम' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में सिंहभूम मंडल के सभी डाक कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे और पूरे डाकघर को 1001 दीयों की रोशनी से जगमग करेंगे। यह विशेष आयोजन दीयों की रोशनी के माध्यम से सेवा और समर्पण के प्रतीक डाक विभाग के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का एक प्रयास है। कार्यक्रम का संपादन जमशेदपुर प्रधान डाकघर के वरिष्ठ डाकपाल श्री शंकर कुजूर, सहायक डाक अधीक्षक श्री राज किशोर दास, और डाक निरीक्षक श्री सुमित रंजन के सानिध्य में सभी कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से किया जाएगा। श्री कुजूर ने बताया कि 1001 दीयों की यह रोशनी न केवल डाकघर को रोशन करेगी, बल्कि कर्मचारियों के बीच एकता और टीम भावना को भी मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से इस प्रेरणादायक आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है। यह कार्यक्रम जमशेदपुर जीपीओ में दिवाली से पूर्व उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा, जहां हजारों दीयों की रोशनी में डाक कर्मचारी अपनी वर्षों की सेवा भावना का प्रदर्शन करेंगे।

## दिवाली में झुग्गी-झोपड़ियों को रौशन करने की तैयारी में जुटी वॉइस ऑफ़ मैनिटी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) : हर वर्ष की तरह इस दीपावली पर भी सामाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के युवा कुछ अलग अंदाज में त्यौहार मनाने की तैयारी कर रहे हैं। संस्था की टीम इस बार शहर से दूर स्थित पहाड़ी और झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में जाकर वहाँ के घरों को रोशन करने का अभियान चला रही है । संस्था के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने बताया कि आज भी शहर से दूर ऐसे कई परिवार हैं जो गरीबी और महंगाई के कारण दीपावली की रात अंधकार में बिताने को मजबूर हैं। इन्हीं परिवारों के चेहरों पर मुस्कान और उनके घरों में उजाला भरने के उद्देश्य से पिछले 10 सालों से ऐसी प्रयास कर रही है और इस बार भी टीम के सदस्य अपनी दीपावली उनके बीच मनाएंगे।टीम के युवा पिछले एक सप्ताह से लगातार तैयारी में जुटे हैं। वे सैकड़ों झुग्गियों में जाकर दीपावली से जुड़ी सामग्री – दीया, मोमबत्ती, मिठाई, पटाखे, खोई, तेल आदि वितरित करेंगे ताकि हर घर में रौशनी और खुशियों का वातावरण बन सके।

## बढ़िया से रहियो बेटा - पहुँच के फोन करियो, हाँ मईया बेस के रहबो तोहनी बेस के रहियो !

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**




बेरमो / डुमरी : बोकारो जिले के बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र के विभिन्न गांव से बेरोजगार नौजवान एवं महिलाएँ रोजगार न मिलने से पलायन कर रहे हैं, यह सिलसिला लगातार जारी है ,नौजवान रोजी-रोटी की तलाश में अपना परिवार, गांव, घर, कृषि काम छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि भले ही इस कड़वी सच्चाई को न स्वीकारें। लेकिन इस सच्चाई को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर ग्रामीणों की भीड़ देखी जा सकती है। यह झारखंड के लिए कोई नई बात नहीं है। घर में खेती बाडी करके अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले किसान भी निराश है, बार-बार प्राकृतिक आपदाओं में कभी सूखा, कभी अतिवृष्टि से फसलें तबाह होने का जो क्रम बना रहता है । उससे पलायन का सिलसिला और जोरों से बढ़ गया है। खेती से रोजी रोटी की जुगाड़ न होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव छोड़कर काम की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं।बोकारो,पारसनाथ व हटिया रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 300 से 400 परिवार काम की तलाश में मुंबई, चेन्नई, गुजरात, कलकत्ता बिशाखापटना, हेदराबाद आदि महानगरों के लिए पलायन कर रहे हैं,इस संबंध में दुःख व्यक्त करते हुए प्रवाशी मजदूरों के हितार्थ में कार्य कर रहे सह समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महातो ने बताया की हमारा झारखंड राज्य पुरा खनिज संपदा से भरा पुरा राज्य है, इसके बावजूद बोकारो जिला सटे हजारीबाग, गिरिडीह क्षेत्र पुरा इंडस्ट्रियल एरिया है । फिर भी यहाँ के युवा रोजगार के अभाव में दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं, झारखंड बनने के 25 वर्ष बित जाने के बावजूद भी इस राज्य की स्थिति जस की तस है। वही बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट क्षेत्र से प्रति दिन सैकड़ों नौजवान युवा एवं महिलाएं रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। पलायन कर रहे नौजवानों के प्रति पुनः दुःख व्यक्त करते हुए समाजसेवी कुमार महतो ने बोले की झारखंड राज्य अलग हुआ, तो हम सभी को विश्वास था कि अब हमें पलायन नहीं करना पड़ेगा। लेकिन पलायन कई गुणी और बढ़ रही है, गांव गलियां सूनी हो गई हैं। अधिकांश क्षेत्र के नौजवान मुंबई, गुजरात,

पुणे, हैदराबाद, दिल्ली, चेन्नई सहित अन्य महानगरों की ओर पलायन कर चुके हैं। गांवों में वृद्ध और बच्चे ही बचे हैं। पारसनाथ, हटिया रेलवे स्टेशन और राँची के बस स्टैंड पर महानगरों की ओर जाने वाले ग्रामीणों ने गांव छोड़कर काम के लिए महानगरों की ओर जाने की जो व्यथा सुनाई है। उससे साफ जाहिर है कि अपने क्षेत्र में रोजगार की सुबिधा ना मिलने से नौजवान पलायन को मजबूर है, रोजी रोटी के लिए वे अपने परिवार के बुजुर्गों, किशोरियों को छोड़कर शहर जाने को मजबूर हैं।

**लापरवाहीः सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने का भी ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

उल्लेखनीय है कि गांवों से पलायन रोकने के लिए मानव श्रम को ग्राम विकास में भागीदारी बनाने के तहत लागू कई योजनाएं भी ग्रामीणों को , गांव में काम नहीं दिला पाई हैं। जहां भी काम हुए वहां मानव श्रम की बजाए मशीनों से काम कराए गए । जिससे स्थिति बिगड़ती चली गई।

ऐसे ही लगातार बदतर हो रहे हालातों से जूझते हुए ग्रामीण अब रोजी रोटी की तलाश में अपना घर मकान खेत , बाड़ी छोड़कर शहरों की ओर कुछ करने लगे हैं। ऐसा नहीं कि इस बारे में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जानकारी ना हो,इसके बावजूद पलायन को आज तक रोका नहीं जा सका है वही प्रवाशी मजदूरों के हितार्थ मे कार्य कर रहे समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महातो ने कहा चुनाव आते ही क्षेत्र में राजनीतिक दलों के नेता बड़े-बड़े वादे कर वोट मांगते हैं। जितने के बाद कोई नहीं सोचता है। इसके कारण हम युवाओं को दूसरे प्रदेशों में रोजी-रोटी की तलाश के लिए पलायन करना पड़ता है।

## किशनगंज सदर में कांग्रेस से कमरुल होदा को मिला टिकट, विधायक इजहारूल हुसैन की कटी टिकट

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज सदर से अंदरूनी मामले के बाद कांग्रेस पार्टी ने आखिरकार किशनगंज विधानसभा 54 सीट पर इंडिया गठबंधन ने पूर्व विधायक कमरुल होदा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वार रूम के चेयरमैन कुमार गौरव ने दिया सिम्बोल दिया। वर्तमान विधायक इजहारूल हुसैन का टिकट काट दिया गया है। जो चचाओं विषय बना हुआ है। पिछले कई दिनों से टिकट को जबरदस्त खींचातानी चल रही थी। प्रदेश और जिला स्तर पर नेताओं के बीच गहरी चर्चा के बाद यह फैसला लिया। संगठन ने क्षेत्र में कार्यकताओं की राय और जनसमर्थन के आधार पर यह निर्णय लिया गया। कमरुल होदा पूर्व में एआईएमआईएम से विधायक रह चुके हैं और क्षेत्र में उनकी पकड़ मजबूत मानी जा रही है। वहीं सिटिंग विधायक इजहारूल हुसैन के टिकट कटने से उनके समर्थकों में काफी नाराजगी देखी जा रहा है। हालांकि कांग्रेस ने इस बार नए चेहरे पर भरोसा जताया है। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो आजाद साहिल समेत सैकड़ों समर्थकों ने अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल में 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' एवं भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 17 अक्टूबर 2025 – शुक्रवार को भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा सेक्टर सिग्मा 1 स्थित ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल में ह्यगुरु वंदन-छात्र अभिनंदनह्न कार्यक्रम एवं भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान समन्वयक प्रो. विवेक कुमार ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और उन्हें आदर्श नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और कौशल विकास में भी योगदान करते हैं, इसलिए शिक्षक माता-पिता की तरह ही अत्यंत सम्माननीय होते हैं।

स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती मंजू कौल रैना ने



अपने प्रेरक उद्बोधन में बताया कि ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं, जिससे बच्चों का सम्पूर्ण विकास होता है और वे अच्छे नागरिक बनते हैं।

कार्यक्रम में प्रो. विवेक कुमार ने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों, माता-पिता और बड़ों का



सम्मान करने तथा कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर प्रो. विवेक कुमार, महिला सहभागिता प्रमुख प्रेरणा, प्रिंसिपल मंजू कौल रैना, वाईस प्रिंसिपल मेहर अफसान और को-र्डिनेटर डॉ. सुरभि तनेजा ने कक्षा 1 से 8 तक के मेधावी विद्यार्थियों झ रिधान यादव, पीहू पांडे, आध्या किरन, देवांशी चौहान, प्रज्ञान प्रताप, अक्षज चौहान, पलक सिंह एवं अंशिका वर्धन झ को शील्ड/प्रतीक चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

भारत को जानो प्रतियोगिता में स्कूल के 80 विद्यार्थियों ने जूनियर वर्ग और 71 विद्यार्थियों ने सीनियर वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता का अगला चरण 1 नवंबर को ग्रेड्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होगा।

इसके अलावा आगामी 8 नवंबर को ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल में विभिन्न विद्यालयों के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक/शिक्षिकाओं और कक्षा 9 से 12 तक के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक कासगंज द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड़ का किया गया निरीक्षण । परेड के दौरान कराया गया दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास

**समाज जागरण**

(अजय यादव मुनन अहमद) कासगंज शुक्रवार पुलिस लाइन साप्ताहिक परेडपुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ता-हिक परेड का निरीक्षण किया गया । इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी एवं अनु-शासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल का अभ्यास कराया गया । परेड में पुलिस लाईन तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए । निरीक्षण के पश्चात महोदया द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं



स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया । तथा विभिन्न गार्दो के रजिस्टर चैक किये गये एवं बीट बुक भी चैक की गई इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड़ में उपस्थित पुलिसकर्मियों से बल्वा ड्रिल, एन्टी राइट गन व दंगा नियन्त्रण उपकरणों का अभ्यास कराया गया एवं दंगा निरोधी उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर ब्रीफ किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन शाहिदा नसरीन, प्रतिसार निरीक्षक श्री रविन्द्र मलिक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे

# सीएचसी सहावर में डॉक्टर मशकूर आलम ने दिलाया जीवन रक्षक सीपीआर का प्रशिक्षण

**समाज जागरण**

सहावर, कासगंज 17 अक्टूबर 2025 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सहावर में शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मशकूर आलम के निर्देशन में सीपीआर की ट्रेनिंग कार्यशाला आयोजित की गई।



इस कार्यशाला में डॉ. मशकूर आलम ने हृदय रोग से ग्रसित मरीजों को हार्ट अटैक की स्थिति में सीपीआर देने की सही तकनीक का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सीपीआर समय पर दिया जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने डेमो के माध्यम से समझाया कि सीपीआर देते समय बाएं हाथ के ऊपर दायां हाथ रखकर उचित प्रेशर (दबाव) देना चाहिए, ताकि छाती लगभग दो इंच तक कंप्रेस हो सके।

डॉ. आलम ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट के 7 से 8 मिनट के भीतर सीपीआर देना अत्यंत जरूरी होता है, जिससे मरीज के बचने की संभावना बढ़ जाती है।

उन्होंने बताया कि एक मिनट में कम से कम 30 बार सीपीआर देना चाहिए, जिससे ऑक्सीजन प्रवाह बना रहे और दिल दोबारा धड़कने की स्थिति में आ सके।

कार्यशाला में डॉ. शिशिर प्रताप सिंह, डॉ. अजय सिंह, डॉ. निखत समीना, डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. दिव्या साहू, फार्मासिस्ट संजय निर्मल, स्टाफ नर्स ललित, रचना, सोनी, और अरुण यादव, अरविंद पांडे सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# एसपी कासगंज ने थाना सहावर का किया आकस्मिक निरीक्षण, पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**समाज जागरण**

कासगंज, 17 अक्टूबर 2025 – आगामी पर्व-त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा ने शुक्रवार को थाना कोतवाली सहावर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी अंकिता शर्मा ने थाना में रखे गए सभी रजिस्टरों और अभिलेखों की जांच की तथा उन्हें समय-समय पर अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों, बैरक, बंदीगृह और भोजनालय का भी निरीक्षण किया और स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक चमन गोस्वामी को आवश्यक निर्देश प्रदान



किए।

इसके बाद एसपी अंकिता शर्मा ने क्षेत्राधिकारी शाहिदा नसरीन और पुलिस बल के साथ कस्बा सहावर के मुख्य मार्गों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील स्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और मुख्य बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

फ्लैग मार्च के दौरान एसपी अंकिता शर्मा ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पटाखों और आतिशबाजी के अवैध भंडारण, निर्माण या बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है, और ऐसे कार्यों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कासगंज पुलिस ने आश्वासन दिया है कि त्योहारी सीजन में जनपदवासियों की सुरक्षा, सुविधा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

# थाने में छः लाख पांचपन हजार रुपये में हुई वाहनों की नीलामी

**समाज जागरण**

सहावर। थाने में लावारिस वाहनों की नीलामी तहसीलदार संदीप चौधरी की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान कुल 48 वाहन नीलामी करायी गयी। इन वाहनों में दोपहिया के साथ चार पहिया वाहन भी शामिल रहे। जिसमें 65 व्यक्तियों द्वारा नीलामी प्रतिभाग किया गया। सबसे अधिक बोली मुनीश अहमद पुत्र इकलाश अहमद निवासी सोरों रोड कस्वा सहावर ने कुल 6 लाख 55 हजार में सबसे अधिक बोली लगाकर नीलामी अपने नाम करायी गयी। वही तहसीलदार संदीप चौधरी ने बताया कि बोली कि पूरी रकम जमा करने के बाद उक्त वाहनों को व्यापारी को सौंपा जाएगा।



# गुलाबी दीदीयों ने स्वच्छता दिवस पर ऐतिहासिक भूमिका निभाई

**समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर विगत बारह वर्षों से चल रहे स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत के सरकार की ऐतिहासिक पहल को डेटॉल बनेगा स्वस्थ्य इंडिया ऐतिहासिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ।हर वर्ष इनके द्वारा संचालित कोई न कोई प्रोग्राम चलता है जो समाज में व्याप्त हर तरह के बदलाव के साथ साथ साफ सफाई से लेकर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव प्रस्तुत करते हुए आगे बढ़ रहा है। यह कार्यक्रम शिक्षा के मंदिर से लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर गांव गांव शहर शहर घूमते हुए जिला स्तर से प्रदेश व देश विदेश में अपना डंका बजा रहा है। इस वर्ष डायरिया प्रोग्राम को यू पी के पचास ज़िलों में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है जिसका श्रेय गुलाबी दीदीयों को जाता है हर जिले में एक डी सी एक बी सी के साथ दो गुलाबी दीदी संघर्ष करते हुए डब्ल्यू एच ओ के निदेर्शानुसार गांव गांव में जाकर लोगों में बदलाव लाने में सफलता हासिल किया इस दौरान



ए एन एम,आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों ने गुलाबी दीदीयों का पूरा सहयोग किया और घर घर जाकर महिलाओं को डायरिया जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में बताते हुए उससे बचाव की जानकारी देते हुए जनमानस में बदलाव लाने का सफल प्रयास किया जिससे लोगों ने पूरे कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे बढ़ते हुए इस तरह के कार्यक्रम अनवरत करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस पूरे प्रोग्राम को अनवरत क्रियान्वित करने वाले एक्सटर्नल अफेयर्स रवि भटनागर की दूर दृष्टि का सफल परिणाम है जिनके पक्के इरादे ने सन्‌ दो हजार पन्द्रह से अपना योगदान देते हुए डेटॉल बनेगा स्वस्थ्य इंडिया को जिले, प्रदेश,देश ही नहीं विदेशों में भी झंडा फहरायें हुए है। भटनागर जी के नेतृत्व में प्रोग्राम दिन प्रतिदिन आगे बढ़ते हुए समाज में एक नई ऊर्जा के साथ बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। गुलाबी दीदी प्रतिमा दुबे, रक्षावती,शिखा मीनू श्रीवास्तव, डीसी चंदन पाठक ,बीसी अमरेश राणा

स्वच्छता साफ सफाई हैंड वॉश के महत्व पर चर्चा करते हुए एक्टिविटी कराकर प्रोग्राम को सफल बनाया।

# एसपी अंकिता शर्मा ने सोरों में पैदल गश्त कर ली सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा

कासगंज, 17 अक्टूबर 2025 (अजय यादव) समाज जागरणः आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा ने शुक्रवार को कस्बा सोरों के मुख्य मार्गों, सरार्फा बाजार और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।



निरीक्षण के दौरान एसपी ने व्यापारियों से संवाद करते हुए बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई और सभी से त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि ड्रोन कैमरों से निगरानी बढ़ा दी गई है तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म – एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि – पर भी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान और प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द्र सहित पुलिस बल के जवान भी उपस्थित रहे।

# सपा नेत्री ने अल्फा फिटनिश जिम का फीता काटकर किया उद्घाटन

**समाज जागरण**

गंजडुंडवारा की पूर्व चेयरपर्सन एवं सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान ने गंजडुंडवारा कस्बे के कोतवाली रोड पर मुफीद अहमद के अल्फा फिटनिश जिम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सपा नेत्री जाहिदा के साथ दर्जनों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।,उद्घाटन के अवसर पर जाहिदा सुल्तान ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिम में आने वाले बच्चे व्यायाम करके अपने शरीर को स्वस्थ और



तंदुरुस्त रख सकते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने खुशी जताते हुए जिम संचालक को शुभकामाना दी। इस दौरान जाहिदा सुल्तान के भारी तादाद में समर्थक मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय हितधारक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

बहराइच। देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के अंतर्गत दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को मिशन वात्सल्य एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनों के संदर्भ में एक दिवसीय जिला स्तरीय हितधारक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन रीजेंसी होटल, बहराइच में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के साथी अरुण चौधरी जी द्वारा प्रतिभागियों का परिचय कराते हुए एवं कार्यशाला की रूपरेखा साझा करते हुए किया गया।

श्रम परिवर्तन अधिकारी श्री सूरज तिवारी ने सभी हितधारकों को एक मंच पर आकर जिले के विभिन्न हिस्सों में गोष्ठियों का आयोजन कर बच्चों से संबंधित समस्याओं के विश्लेषण एवं समाधान हेतु चिंतन करने की आवश्यकता बताई।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री सतीश श्रीवास्तव ने बच्चों की समस्याओं पर आधारित उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि –



"सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सामूहिक प्रयास से ही बच्चों का वास्तविक कल्याण संभव है।"

उन्होंने बच्चों की असीम क्षमताओं पर बल देते हुए सभी से मिलजुलकर कार्य करने की अपील की।

देहात इंडिया संस्था से श्री दिव्यांशु चतुर्वेदी ने मिशन वात्सल्य की गाइडलाइन पर चर्चा करते हुए वर्ष 2022 से 2023 तक के सरकारी आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों से संबंधित योजनाओं में प्रस्तावित बजट का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है, इसलिए ग्रासरूट स्तर पर जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि कृषि एवं उद्यान विभागों को भी बाल संरक्षण की दिशा में जोड़ना चाहिए ताकि समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

अंत में, सभी प्रतिभागियों ने निर्णय लिया कि संबंधित विभाग एवं विभिन्न संस्थाओं के लोग एक संयुक्त गोष्ठी का आयोजन कर आगे की कार्य योजना तैयार करेंगे और उस पर प्रभावी रूप से कार्य करेंगे। इसके माध्यम से जिला स्तर पर बच्चों की मदद और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए साझा एवं समन्वित प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम में देहात इंडिया टीम बहराइच, प्रथम संस्था, रोज संस्था, अहमद सेवा संस्थान, चाइल्ड हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं हितधारक उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य बाल संरक्षण से जुड़े सभी विभागों और संगठनों के बीच समन्वय, जागरूकता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाना रहा।

# ज्ञान प्रेम और सम्मान के साथ मनाये दीपावली पर्व -- प्राची अग्रवाल

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति ने तुलसी पैलेस में दीवाली उत्सव बहुत धूमधाम एवं हर्षो उल्लास के साथ मनाया ! कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष प्राची अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर समाज में ज्ञान प्रेम और प्रकाश फैलाने का संदेश दिया और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी

पटाखों के नाम फुलझड़ी, अनार , पटाखा ,धमाका आदि नाम से ८ टीम बनाई गई जिसमें सर्वप्रथम हाउसी गेम खिलाया फिर पजल, रंगोली बनाना ,प्रश्नोत्तर राउंड ,आदि विभिन्न तरीके के गेम्स खिलाए गए!

सरप्राइज, लकी लेडी व समयबद्धता में राधिका अग्रवाल ,नीतू बंसल ,गुंजन बंसल ,निहारिका शर्मा ,डिंपल अग्रवाल, विजेता रहीं इसी क्रम में यूनिट डायरेक्टर अनु बंसल द्वारा जॉइंट्स फेडरेशन यूनिट 8 की कॉन्फ्रेंस मीट का आयोजन किया गया! इस अवसर पर पूरे वर्ष समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले २०२५ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया! इसमें निशुल्क नेत्र शिविर, टीवी उन्मूलन अभियान, 5 शौचालय का निर्माण सेवा सप्ताह के लिए महिला शक्ति को पुरस्कृत किया गया!

आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट का पुरस्कार प्राची अग्रवाल, आउटस्टैंडिंग DOA रीना गर्ग, आउटस्टैंडिंग DOF




दीपा अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ महिला सदस्य पूनम गुप्ता एवं सर्वश्रेष्ठ ग्रुप महिला शक्ति को मिला महिला शक्ति द्वारा कराइ गई ऑनलाइन "डांडिया सजाओ" प्रतियोगिता के विजेता उपविजेता एवं सांत्वना पुरस्कार दिए गए जिसमें मोना बंसल प्रथम ,डॉक्टर निशा सिंह द्वितीय ,निक्की नरूला तृतीय रहीं सांत्वना पुरस्कार निहारिका शर्मा मोनिका रानीवाला एवं नीनू कौशिक को दिया गया भजन प्रतियोगिता में मीत सलूजा फेडरेशन 5 में प्रथम रही 2026 की नई अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, DOA दीपाली अग्रवाल,DOF गौरी बंसल ,उपाध्यक्ष मोनिका रानी वाला एवं एकता मित्तल की घोषणा की गई

प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सौम्या चौहान, DOA रीना गर्ग, DOF दीपा अग्रवाल, पूर्व

# बालश्रम,बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति आदि के बारे में जागरूक किया गया

जनपद बलरामपुरः पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन मे थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव थाना ए0एच0टी0 मय सयुंक्त टीम के हमें कोतवाली नगर व थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत त्योहार के दृष्टिगत अभिभावक को



चेतावनी /निर्देश दिए गए तथा बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान के अर्न्तगत बालश्रम,बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह,बचपन बचाओ आन्दोलन - एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया। गया 1- थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव ,2 ३ शनि कुमार 3- हेड कांस्टेबल रूपेश कुमार ,4- का असलम सिद्दीकी 5 -आरक्षी श्याम बहादुर द्वारा अभियान के दौरान मौके पर मौजूद जनता को जागरूक किया गया, फिरोज ऑटो सेंटर अंबेडकर तिराहा थाना कोतवाली नगर बलरामपुर में मालिकों को चेतावनी नोटिस दी गई कि बाल श्रम करना व कराना दंडनीय अपराध है।

# बच्चों को स्कूल भेजकर उनके अधिकार सुरक्षित करें -: राकेश चौबे

## बाल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्य शाला सम्पन्न

**समाज जागरण**

जनपद बहराइच विकास खण्ड हुजूर पुर के ग्रामपंचायत कटघरी सुग्रीव सिंह में प्राथमिक स्कूल कटघरी सुग्रीव में ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक की गयी बैठक में प्रथम संस्था के प्रतिनिधि राकेश चौबे ने उपस्थिति सदस्यो को बाल संरक्षण समिति के कार्य और उद्देश्य की जानकारी दी गयी तथा लोगो से बच्चों को स्कूल भेज कर उनके अधिकार सुरक्षित करने की अपील की गयी। अश्विनी सिंह जिला संयोजक द्वारा लोगो को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व निःशुल्क हेल्पलाइन 1098,1090,181 और 112 की विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी कार्यक्रम में संध्या मिश्रा आशा संगनी, आंगनवाड़ी,विजय कुमारी ,आशा सुनीता जायसवाल, पंचायत सहायक,अरविन्द कुमार प्रिंसिपल प्राथमिक स्कूल कटघरी सुग्रीव व अभिभावक व बच्चें उपस्थिति रहे!

# आगामी त्यौहारों को लेकर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाई जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत एवं जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेश के अनुपालन में तथा उप आबकारी आयुक्त आगरा प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी महोदय,फिरोजाबाद के निर्देशन में आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए! गुरुवार को आबकारी निरीक्-क,क्षेत्र -1 फिरोजाबाद मय स्टाफ द्वारा क्षेत्र की फुटकर देशी मदिरा एवं कंपोजिट दुकानों पर आकस्मिक रूप से टेस्ट परचेज कराते हुए दुकानों का निरीक्षण कर उपलब्ध स्टॉक की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान






दुकान एवं कैंटीन परिसर में साफ सफाई रखने, दुकान के बाहर मदिरा का सेवन न करने देने, दुकान पर मांग के अनुरूप ब्रांडो की उपलब्धता बनाए रखने, पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किए जाने, सीसीटीवी कैमरा निरंतर संचालित रखने, पोस मशीन से (100%) शत-प्रतिशत बिक्री किये जाने अभिलेखों को अद्यतन रखने, ऑनलाइन पेमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा की बिक्री किए जाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। क्षेत्र अंतर्गत आइजीआरएस शिकायत का मौके पर जाकर जांच की गई तथा होटल/ ढाबे आदि को भी चेक किया गया!

# कैबिनेट मंत्री ने 2 लाख मत्स्य अंगुलिकायो कोई यमुना में किया प्रवाहित

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद डॉ0 संजय कुमार निषाद कैबिनेट मंत्री मत्स्य उत्तर प्रदेश ने यमुना नदी के चंद्रवार घाट पर 2 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय किया गया।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद द्वारा चंदवार घाट पर रिवर रेचिंग (2 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं को गंगा व यमुना नदी में) प्रवाहित किया गया, रिवर रेचिंग एक पहल है, जिसका उद्देश्य नदियों में मछली उत्पादन को बढ़ावा देना,



जैव विविधता को संरक्षित करना और मछुआरा समुदाय की आजी-विका में सुधार करना, इस कार्यक्रम के तहत नदियों में विभिन्न प्रजातियों की मछलियों के बीज छोड़े जाते हैं, ताकि मछलियों की संख्या और गुणवत्ता में सुधार हो सके, मंत्री ने रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के लाभों को बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से मछली उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ जैव विविधता का संरक्षण हो सकेगा, साथ ही मछुआरा समुदाय की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के साथ-साथ नदी जल की गुणवत्ता में भी सुधार होगा, यह कार्यक्रम मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया, कार्यक्रम में उपनिदेशक मत्स्य डॉ हरेंद्र प्रसाद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य गौरव सिंह, मत्स्य निरीक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहें।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी में 257 मॉडलों से दिया वैज्ञानिक संदेश

**समाज जागरण**

सिरसागंजः- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ नीरज कुमार जैन, अश्वनी कुमार जैन, प्रभारी अंजय जैन, प्रशांत जैन, पुष्प रत्न गुप्ता ने भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। नीरज कुमार जैन ने सभी प्रतिभागियों को विज्ञान के नवीन प्रयोगों की जानकारी प्रदान करने वाले मॉडल की सराहना करते हुए नवाचार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों के कार्यों की प्रंशसा की।

जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग में 126 एवं सीनियर वर्ग में 131 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर पिलर सेफ्टी फ्रॉम इलेक्ट्रिक, बालिकाओं की सुरक्षा हेतु स्मार्ट चप्पल, कार्बन कैचर यंत्र,